नई दिल्ली
गुरुवार 5 फरवरी 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 293
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


**मौसम**
अधि. 26.0
न्यून. 14.0


haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 83,817.69 | 78.56 ▲ |
| निफ्टी | 25,776.00 | 48.45 ▲ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 1,58,660/- | 1660/- ▲ |
| चांदी | 2,71,836/- | 3836/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 90.43 | 11 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 67.26 बैरल | | 0.10% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच क्वालालंपुर में होगी द्विपक्षीय बैठकः जिसमें व्यापार, निवेश, रक्षा-सुरक्षा सहित अन्य मुद्दों पर होगी चर्चा

# 7 से 8 फरवरी तक मलेशिया की यात्रा करेंगे प्रधानमंत्री, आसियान संग जल्द होगा एफटीए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

यूरोपीय संघ (ईयू) और अमेरिका के साथ हाल ही में हुई ट्रेड डील के बाद अब भारत दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्र पर अपना पूरा ध्यान केंद्रित कर रहा है। जिसके तहत जल्द ही क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण देश मलेशिया की भागीदारी वाले समूह आसियान के साथ भारत का मुक्त व्यापार समझौता (एआईटीआईजीए) हो सकता है। दोनों पक्षों के बीच व्यापार समझौते को लेकर संभावनाओं को इसलिए और अधिक बल मिला है। क्योंकि आगामी शनिवार यानी 7 से लेकर 8 फरवरी तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मलेशिया की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसमें उनकी क्वालालंपुर में मलेशिया के प्रधानमंत्री दातो सेरी अनवर ▶▶ शेष पेज 5 पर


फाइल फोटो

### व्यापार समझौते की शीर्ष नेता करेंगे समीक्षा

सूत्रों ने बताया कि मलेशिया में दोनों शीर्ष नेताओं की बातचीत के एजेंडे में भारत-आसियान व्यापार समझौते की समीक्षा के बिंदु को भी प्रमुखता से शामिल किया जाएगा। जिसके केंद्र में दोनों पक्षों के बीच बनी हुई व्यापार असंतुलन की समस्या को दूर करना है। भारत-आसियान के बीच वित्त वर्ष-2024-25 में कुल व्यापार का आंकड़ा 123 बिलियन डॉलर तक जा पहुंचा था। जिसमें व्यापार घाटा 44 बिलियन डॉलर का रहा है। एआईटीआईजीए की समीक्षा मौजूदा वर्ष 2026 में पूरी होने की उम्मीद है। भारत की कोशिश इसके जरिए समूह देशों के बाजार तक पहुंच बढ़ाने, नियमों की शुरुआती प्रक्रिया को मजबूत बनाने, सीमा शुल्क संबंधी प्रक्रियाओं को सरल बनाने और तीसरे देशों से आने वाले सामान पर नियंत्रण जैसे मुद्दों पर खासी तवज्जो देने की है।

### कुछ ऐसा रहेगा पीएम का कार्यक्रम

मंत्रालय ने बताया कि पीएम की यह मलेशिया की तीसरी यात्रा होगी। जिसके लिए उन्हें प्रधानमंत्री इब्राहिम ने विशेष रूप से आमंत्रित किया है। बीते वक्त में प्रधानमंत्री मोदी ने कुल तीन बार मलेशिया का दौरा किया है। जिसमें अगस्त-2024 में दोनों देशों द्वारा अपने द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक आगे बढ़ाते हुए व्यापक सामरिक साझेदारी के स्तर तक पहुंचने के बाद की जा रही यह पहली यात्रा है। जिसमें दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच द्विपक्षीय बातचीत के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मलेशिया में रह रहे वृहद भारतीय समुदाय और उद्योग-व्यापार जगत के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात करेंगे। दसवें भारत-मलेशिया सीईओ मंच के कार्यक्रम में पीएम अपनी इस यात्रा में शामिल होंगे।

### दोनों देशों के बीच मजबूत संबंध

भारत और मलेशिया एक-दूसरे के साथ लंबे समय से मित्रतापूर्ण संबंध साझा करते हैं। जिसका आधार ऐतिहासिक, सभ्यता-कालीन और सांस्कृतिक संबंध हैं। आपसी संबंधों को मलेशिया में रह रहा दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा प्रवासी भारतीय समुदाय और अधिक ▶▶ शेष पेज 5 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### सुप्रीम कोर्ट-वांगचुक की जमानत पर विचार करें



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र से पूछा कि क्या सरकार क्लाइमेट एक्टिविस्ट और साइंटिस्ट सोनम वांगचुक की तबीयत को देखते हुए उनकी हिरासत पर फिर से विचार कर सकती है? जस्टिस अरविंद कुमार और पीबी वराले की बेंच ने कहा कि वांगचुक की हेल्थ रिपोर्ट अच्छी नहीं है। केंद्र की ओर से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज से इस मामले में निर्देश लेने को कहा। कोर्ट ने कहा-दलीलों और कानून के बिंदुओं के अलावा, कोर्ट के अधिकारी के तौर पर इस पर थोड़ा सोचिए। हिरासत का आदेश 26 सितंबर, 2025 को पारित किया गया था, लगभग पांच महीने हो गए हैं। इस पर नटराज ने कहा कि वह यह सुझाव संबंधित अधिकारियों के सामने रखेंगे। दरअसल, 24 सितंबर 2025 को लेह में हुई हिंसा भड़काने के आरोप में 26 सितंबर को एनएसए के तहत पुलिस ने हिरासत में लिया गया था। तब से वे जोधपुर जेल में हैं।

## नरवणे ने किताब में स्पष्ट लिखा है कि वह उस समय बिल्कुल अकेले रह गए थे

# संसद में किताबी बवंडर, पूर्व सेना प्रमुख के कंधे से राहुल गांधी चला रहे हैं सियासी गोली

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की किताब का हवाला देते हुए कहा कि चीनी घुसपैठ के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक जिम्मेदारी से हाथ खड़े कर सेना को अकेला छोड़ दिया था और ऐसी नाजुक घड़ी में भारतीय सेना प्रमुख को इंतजार करवाया गया।

संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख एम.एम. नरवणे की किताब की प्रति दिखाते हुए कहा कि स्पीकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह किताब अस्तित्व में नहीं है, लेकिन देश के हर युवा को देखना चाहिए कि इस किताब में लद्दाख का पूरा सच लिखा हुआ है। राहुल गांधी ने आगे बताया कि जनरल नरवणे ने किताब में स्पष्ट लिखा है कि वह उस समय बिल्कुल अकेले रह गए थे और पूरी व्यवस्था ने उन्हें अकेला छोड़ दिया था।

राहुल ने किताब के अंशों का हवाला देते हुए कहा कि जब जनरल नरवणे ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को फोन कर बताया कि चीनी सेना के टैंक कैलाश रिज पर आ गए हैं और पूछा कि क्या करना है, तो कोई जवाब नहीं मिला। नरवणे द्वारा राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार से पूछने पर कोई जवाब नहीं मिला। नरवणे जी ने राजनाथ सिंह को फिर फोन किया, जिस पर रक्षा मंत्री ने कहा कि मैं 'ऊपर' से पूछता हूं। उस समय शीर्ष स्तर से यह आदेश था कि अगर चीनी सेना भारत की सीमा में घुसे, तो बिना हमारी अनुमति के फायरिंग नहीं की जाए। निर्णय लेने के समय ▶▶ शेष पेज 5 पर



### भाजपा भी संसद में लाई किताब, राहुल गांधी को जवाब देने के लिए निशिकांत का दांव

## सिर्फ छपी हुई किताबों और पहले से प्रतिबंधित पुस्तकों के कवर लेकर आए हैं, ताकि उन पर चर्चा हो सकेः दुबे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद सत्र के दौरान राहुल गांधी ने किताब का जिक्र किया तो भाजपा भी कांग्रेस को घेरने के लिए किताब लेकर आई। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे बुधवार को कई प्रकाशित और प्रतिबंधित किताबों के कवर लेकर सदन पहुंचे। राहुल गांधी के अप्रकाशित किताब वाले बयान के जवाब में दुबे ये किताब लेकर पहुंचे थे। उन्होंने कांग्रेस पर इतिहास छिपाने का आरोप लगाया। इसी मुद्दे पर सदन में हंगामा बढ़ा और कार्यवाही रोकनी पड़ी। हालांकि इसके बाद उन्होंने सभी किताबों को लेकर मीडिया से बात की। दुबे जब किताबों का हवाला देकर बोल रहे थे, तब सभापति ने उन्हें ▶▶ शेष पेज 5 पर

## राहुल गांधी ने सिख समुदाय का अपमान गद्दार कहना बेहद आपत्तिजनकः भाजपा

- कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को गद्दार कहने पर भड़की भाजपा
- हरदीप पुरी ने लोकसभा अध्यक्ष से की विपक्ष के नेता के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग
- मेरे दादा, बेअंत सिंह गांधी परिवार द्वारा लगाई गई आग के कारण पंजाब में शहीद हुए: बिट्टू

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सिख समुदाय का अपमान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बुधवार को एक पत्रकार वार्ता में कहा कि राहुल गांधी द्वारा रवनीत सिंह बिट्टू को 'गद्दार' कहना बेहद आपत्तिजनक है और यह सिख समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बयान है। पुरी ने कहा कि 'गद्दार' शब्द बहुत गंभीर है, क्योंकि गद्दार वही होता है जो अपने देश से धोखा करता है।पुरी ने सवाल उठाया कि रवनीत बिट्टू आखिर हैं कौन? पुरी के मुताबिक, बिट्टू सिर्फ लुधियाना से चुने गए सांसद ही नहीं हैं, बल्कि एक ऐसे सिख परिवार से आते हैं जिसने देश की सेवा और बलिदान की लंबी परंपरा निभाई है। उन्होंने बताया कि बिट्टू के दादा सरदार बेअंत सिंह पंजाब के मुख्यमंत्री रहे और उन्होंने देश के लिए अपना बलिदान दिया। भाजपा नेता ने कहा कि ऐसे व्यक्ति या पूरे समुदाय को अपमानजनक शब्दों से संबोधित करना बिल्कुल गलत है। उन्होंने सिख समुदाय के बलिदानों को याद करते हुए भावुक अंदाज में कहा कि सिखों का इतिहास देश सेवा और त्याग से भरा रहा है। भाजपा ने कहा ▶▶ शेष पेज 5 पर

## लोकसभा में कांग्रेस की महिला सांसदों ने प्रधानमंत्री की सीट घेरी, मोदी की स्पीच टली

# राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देने सदन आने वाले थे मोदी, पहले ही हुआ हंगामा

***भाजपा सांसदों ने प्रधानमंत्री का संबोधन स्थगित होने पर कांग्रेस का लिया आड़े हाथ***

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र और विपक्ष के बीच जारी गतिरोध के कारण बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शाम 5 बजे लोकसभा में भाषण देना था, लेकिन उनका भाषण स्थगित कर दिया गया। विपक्ष ने पिछले दो दिनों से लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चल रही चर्चा में बाधा डाली, जिससे बहस नहीं हो सकी। हंगामे के बावजूद, सदन में प्रधानमंत्री के जवाब देने के समय में कोई बदलाव नहीं हुआ था पर जब विपक्ष कांग्रेस की महिला सांसदों ने प्रधानमंत्री के सदन में आने से पहले उनकी सीट हंगामा शुरू कर दिया तो कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

संसद परिसर में मीडिया से बात करते हुए भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने दावा किया कि कई विपक्षी महिला सांसद सदन के वेल में घुस गईं, प्रधानमंत्री की कुर्सी की ओर बढ़ीं और वरिष्ठ मंत्रियों की बार-बार की गई अपील को अनसुना कर दिया। तिवारी के अनुसार, स्थिति नियंत्रण से बाहर होने के कारण प्रधानमंत्री सदन में प्रवेश नहीं कर सके। मनोज तिवारी ने कहा कि आज जो कुछ हुआ, उसकी तस्वीरें देखकर आप दंग रह जाएंगे। यह स्थिति दर्शाती है कि चूंकि जनता उन्हें (कांग्रेस को) हरा रही है, इसलिए वे हमें (भाजपा को) संसद में बोलने नहीं देंगे। देश ने इतना बड़ा सम्मान हासिल किया है, फिर भी वे इसे मनाने नहीं देंगे, और वे प्रधानमंत्री मोदी को बोलने से रोकने के लिए ये सब कर रहे हैं। पूरा देश सब कुछ देख रहा है, और देश कांग्रेस से जवाब मांगेगा। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पत्रकारों से कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है। राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान इस तरह का हंगामा पहली बार हुआ है। ये लोग बच्चों जैसा व्यवहार कर रहे हैं... ये क्या सोचते हैं? क्या इन्हें लगता है कि यह नेहरू परिवार का साम्राज्य है, या कांग्रेस पार्टी का कार्यालय है, या सोनिया गांधी का घर है...? भाजपा ▶▶ शेष पेज 5 पर

## जैसे ही मंत्री ने नक्सल खात्मे के लिए अपनी पीठ थपथपाई

# राजीव शुक्ला ने कहा तत्कालीन बघेल सरकार का भी रहा सहयोग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय सवालों का जवाब दे रहे थे। सवाल था भाजपा के नीरज शेखर का। उसके बाद पूरक प्रश्नों की कतार लग गई। सभी सवाल लगभग एक लाइन में थे। देश से नक्सली समस्या कब तक खत्म होगी ? नक्सलियों के पुनर्वास की क्या योजनाएं चल रही हैं? नक्सल क्षेत्र के विकास की क्या क्या योजनाएं केंद्र की है? नित्यानंद राय ने साफ कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व और गृहमंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में ये तय है कि मार्च के महीने तक देश से नक्सल समस्या और नक्सलियों का समूल सफाया हो जाएगा। उन्होंने कहा, एक समय था जब 1967 में पैदा हुआ नक्सल मूवमेंट तिरुपति से पशुपतिनाथ तक रेड कॉरिडोर बना रहा था। आंतरिक सुरक्षा को चुनौती पैदा कर रहा था। तब की सरकारें राजनीतिक लाभ के लिए नक्सलियों के खिलाफ कभी आरपार का सख्त रुख नहीं दिखाया। मोदी सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति पर चलते हुए नक्सलियों को सरेंडर करने का रास्ता भी दिया और उनके पुनर्वास की बेहतर व्यवस्था का भी ख्याल रखा। जिन्होंने हठधर्मिता दिखाई वैसे नक्सली, उनके नेता मारे गए। जैसे ही उन्होंने कहा, नक्सली समस्या के लिए पूर्व की कांग्रेस सरकार पर ठीकरा फोड़ने की कोशिश की छत्तीसगढ़ से राज्यसभा पहुंचे राजीव शुक्ला ने तुरंत इसका प्रतिकार करते ▶▶ शेष पेज 5 पर

## मणिपुर में फिर एनडीए सरकार

# सीएम युमनाम खेमचंद समेत दो डिप्टी सीएम ने ली शपथ

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर में एक बार फिर एनडीए सरकार बन गई है। इस नई सरकार के मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद हैं। उन्हें बुधवार को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने शपथ दिलाई। साथ ही, कुकी भाजपा विधायक नेमचा किपगेन ने वर्चुअल माध्यम से मणिपुर के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

- पिछले साल के फरवरी से राष्ट्रपति शासन था



वहीं, नगा पीपुल्स फ्रंट के विधायक एल. डिखो को भी उपमुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा, भाजपा के गोविंदास कोंथौजम और एनपीपी के के. लोकेन सिंह ▶▶ शेष पेज 5 पर

## नए अवतार में दिखीं ममता, सुप्रीम कोर्ट में पहली बार किसी सीएम ने की बहस

# जज साहब, हमें इंसाफ नहीं मिल रहा... मैं सामान्य परिवार से हूं, लेकिन अपनी पार्टी के लिए लड़ रही हूं

**ममता-** मुझे 5 मिनट दीजिए... सीजेआई बोले- हम 15 मिनट देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में पहली बार किसी मुख्यमंत्री ने वकील के रूप में केस की बहस करते हुए हिस्सा लिया। ममता बेनर्जी ने बंगाल एसआईआर मामले में न्याय न मिलने की शिकायत करते हुए लोकतंत्र की सुरक्षा की अपील की। सीएम ममता ने कहा कि कुछ बेटियां शादी के बाद ससुराल चली गई, लेकिन उनके नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं किए गए। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई ने कहा- आपने बहुत अच्छा वकील चुना है, आप उनको बहस करने दें। इस पर मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने हाथ जोड़कर कहा- सेव डैमोक्रेसी। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को ममता बेनर्जी एक अलग ही रूप में नजर आईं। वह वकीलों के साथ बैठकर बंगाल एसआईआर मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में बतौर वकील दलील देते हुए नजर आईं। इस दौरान ममता बनर्जी ने कहा कि हमें ▶▶ शेष पेज 5 पर


सुप्रीम कोर्ट में ममता बेनर्जी लाल घेरे में

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय वन मंत्री यादव से की दिल्ली में भेंट

***असम से जंगली भैंसा लाकर मध्यप्रदेश के वनों में बसाने पर भी हुई चर्चा***

# 28 फरवरी को मध्यप्रदेश में बोत्सवाना से आएंगे 8 चीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने असम से जंगली भैंसा मध्यप्रदेश लाने की सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करने के लिए बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 28 फरवरी को बोत्सवाना से 8 चीते मध्यप्रदेश लाए जाएंगे। चीतों के पुनर्स्थापन के लिए केंद्रीय मंत्री यादव से आवश्यक सहयोग और व्यवस्थाओं पर भी विस्तृत रूप से बात की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन्य जीव संरक्षण और जैव-विविधता ▶▶ शेष पेज 5 पर



### मप्र में पर्यटन क्षेत्र के विकास की असीम संभावनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में पर्यटन क्षेत्र के विकास, रिजर्व फॉरेस्ट के विस्तार और वन्य जीव संरक्षण की असीम संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य सरकार वन्य जीवों के संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व कदम उठा रही है। श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में चीतों की बसाहट के बाद अब असम का जंगली भैंसा भी मध्यप्रदेश के जंगलों में स्वच्छंद विचरण करता दिखाई देगा।

## ट्रेड डील के बाद वाशिंगटन डीसी में मार्को रुबियो और बेसेंट से मिले जयशंकर

रुबियो और वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के साथ दो महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकें हुई है

# दोनों विदेश मंत्रियों ने किया समझौते का स्वागत, द्विपक्षीय सहयोग संग क्षेत्रीय-वैश्विक मुद्दों पर की व्यापक चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच टेलीफोन पर हालिया हुई बातचीत के बाद घोषित किए गए द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के तुरंत बाद बीते मंगलवार को वाशिंगटन डीसी स्थित स्टेट डिपार्टमेंट में भारत के विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर की अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो और वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के साथ दो महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकें हुई हैं। जिसमें पहली बैठक में डॉ.एस.जयशंकर और मार्को रुबियो ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

वित्त मंत्री बेसेंट के साथ हुई जयशंकर की बातचीत में भारत-अमेरिका आर्थिक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग की प्रगति पर हुई उपयोगी चर्चा



### अमेरिका यात्रा का उद्देश्य

दरअसल भारत के विदेश मंत्री की यह यात्रा अमेरिका द्वारा जटिल खनिजों के विषय पर होने वाली एक मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए की गई है। जिसकी अध्यक्षता मार्को रुबियो करेंगे। अमेरिकी समय के मुताबिक ये बैठक बुधवार को होगी। जिसके उद्घाटन से इतर ही भारत-अमेरिका के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### रणनीतिक साझेदारी पर हुई चर्चाः जयशंकर

विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर ने अपनी एक्स पोस्ट में अमेरिकी विदेश मंत्री से हुई मुलाकात को लेकर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि हमारे बीच व्यापक चर्चा हुई है। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय सहयोग के एजेंडे, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को शामिल किया गया। साथ ही भारत और अमेरिका रणनीतिक साझेदारी से संबंधित तमाम पहलुओं जैसे व्यापार, ऊर्जा, परमाणु, रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज और प्रौद्योगिकी पर भी चर्चा ▶▶ शेष पेज 5 पर

# एक महीने में साइबर धोखाधड़ी में शामिल 55 लोग किए अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिमी जिले की साइबर पुलिस ने एक महीने तक चले अभियान के दौरान कई अंतरराज्यीय साइबर धोखाधड़ी गिरोहों का भंडाफोड़ करते हुए 55 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनसे ठगी गई राशि में से 4.84 करोड़ रुपये बरामद हुये, जबकि 1.55 करोड़ रुपये फ्रीज करवाये गए।

डीसीपी डी. शरद भास्कर के अनुसार इस अवधि के दौरान अदालती आदेशों के माध्यम से पीड़ितों को लगभग 39 लाख रुपये वापस किए गए, जिससे फर्जी निवेश और ट्रेडिंग योजनाओं के लिए 'डिजिटल अरेस्ट' का उपयोग करके विभिन्न ऑनलाइन धोखाधड़ी में ठगे गए लोगों को आंशिक राहत मिली। तमिलनाडु, महाराष्ट्र, झारखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और दिल्ली में छापेमारी किए जाने के बाद ये 55 जालसाज व ठग गिरफ्तार किये गये हैं। इन गिरफ्तारियों के साथ पुलिस ने जनवरी माह के दौरान 20 साइबर मामलों को सुलझाया और जांच के बाद 13 मामलों का निस्तारण कर दिया। जनकपुरी के एक सेवानिवृत्त केंद्रीय सरकारी कर्मचारी से डिजिटल अरेस्ट कर 15 लाख रुपये की धोखाधड़ी होने के बाद पूरी जांच शुरू की गई थी।

## तिलक नगर हत्या मामला सुलझा

# युवक की चाकू मारकर हत्या के आरोप में नाबालिग समेत तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




पश्चिमी जिले के तिलक नगर में निजी विवाद को लेकर एक युवक की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग सहित तीन लोगों को पकड़ा है। 20 वर्षीय शिवम पर तिलक नगर इलाके में दो फरवरी को कई बार चाकू से वार किये गये थे।

पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची थी। हालांकि शिवम को पहले ही दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया जा चुका था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। इस घटना के पीछे कथित प्रेम संबंध को मुख्य कारण बताया जा रहा है। पुलिस ने कहा, पीसीआर को फोन करने वाले एक प्रत्यक्षदर्शी के बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया था। जांच में पता चला कि हत्या शिवम और नाबालिग आरोपी की बहन के बीच कथित प्रेम संबंधों से जुड़े विवाद के कारण हुई।

वारदात के बाद सभी आरोपी घटनास्थल से फरार हो गए थे और अलग-अलग स्थानों पर छिपे थे। पुलिस ने बताया कि दो आरोपियों के नाम अक्षत उर्फ हनी (24) और मनिया (19) है। जबकि तीसरा नाबालिग है। हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू घटनास्थल के पास से ही बरामद हो गया था।

# निहाल विहार में ट्रांसजेंडरों के घर पर तीन राउंड फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



निहाल विहार इलाके में एक घर पर हुई फायरिंग की घटना पुलिस ने कुछ ही घंटों में सुलझा ली है। इससिलसिले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम वैश करण चौधरी, निवासी खुरेजी खास, कृष्णा नगर बताया गया है।

पुलिस के अनुसार बुधवार को सुबह करीब 5:30 बजे निहाल विहार थाने में फायरिंग की घटना की सूचना मिली। आरजेड जी ब्लॉक में मौके पर पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि एक घर के बाहर तीन राउंड फायरिंग हुई थी। मौके से तीन खाली कारतूस भी बरामद किए गए। इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं थी। यह घर एक महिला का बताया जाता है और उसमें करीब आठ ट्रांसजेंडर लोग रहते हैं। इनमें (31) वर्षीय एक ट्रांसजेंडर रानी गार्डन, गीता कॉलोनी का रहने वाला है और पिछले कुछ दिनों से यहीं रह रहा था। शुरुआती जांच के अनुसार ट्रांसजेंडर की शादी आरोपी वैश करण चौधरी से हुई है और उनके बीच घरेलू विवाद चल रहा था। टेक्निकल एनालिसिस के आधार पर आरोपी वैश करण चौधरी को फायरिंग की घटना में शामिल पाया गया और उसे कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से हथियार भी बरामद कर लिया गया। वह पहले भी तीन आपराधिक मामलों में शामिल पाया गया है।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82(2)(ii) Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अरशद पुत्रः असरफ खान, पताः** बी–151, बुलंद मस्जिद, शास्त्री पार्क, दिल्ली, **FIR No. 35/2019, U/s 454/380/411 IPC,** थानाः खजूरी खास, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि इन्होनें किया है) और इन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अरशद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अरशद** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 35/2019, U/s 454/380/411 IPC,** थानाः खजूरी खास, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अरशद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्रुति सरसवत
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 22, पहली मंजिल
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/1403/NE/2025
(Court Matter)

# एमसीडी बजट : आय बढ़ाने के सुझावों पर महापौर ने दिया विचार का आश्वासन



■ बजट प्रावधानों पर मुकेश गोयल ने उठाए गंभीर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम की विशेष बजट बैठक में महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने इन्द्रप्रस्थ विकास पार्टी के नेता एवं वरिष्ठ निगम पार्षद मुकेश गोयल द्वारा दिए गए कुछ सुझावों को सकारात्मक बताते हुए निगम की आय बढ़ाने से जुड़े प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। बता दें कि वर्ष 2025-26 के संशोधित बजट अनुमान तथा वर्ष 2026-27 के बजट अनुमानों पर चर्चा के लिए पहले कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश ने वक्तव्य पढ़ा और भाजपा के बजट प्रस्तावों को लेकर कमियां गिनाई और नीतियों पर निशाना साधा। बजट पर चर्चा के दौरान मुकेश गोयल ने निगम के बजट प्रस्तावों को लेकर कई अहम और जनहित से जुड़े सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पार्षद फंड को 1 करोड़ 55 लाख से बढ़ाकर 2 करोड़ रुपये करने की घोषणा तो कर दी गई है, लेकिन इसके लिए धन कहां से आएगा, इस पर कोई स्पष्टता नहीं है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 1 करोड़ 55 लाख रुपये में से केवल 25 लाख रुपये ही जारी किए गए थे, जिससे नई घोषणा पर संदेह पैदा होता है।

### सत्तापक्ष और विपक्ष की भूमिका में भी आप विफल

मुकेश गोयल ने आम आदमी पार्टी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि जब वे सत्ता में थे तब सत्ता ठीक से नहीं चलाई और अब विपक्ष में है तो भी सदन की चर्चा से गायब हैं। मुकेश गोयल ने आरोप लगाया कि पहले आम आदमी पार्टी ने निगम के जनोपयोगी कार्यों में बाधाएं डालीं और अब सत्ताधारी दल केवल खोखले दावे कर रहा है। उन्होंने कहा कि बजट प्रस्तावों में पुराने वादों को दोहराया गया है, लेकिन उन्हें पूरा करने के लिए न तो पर्याप्त फंड है और न ही कोई ठोस योजना। ऐसे में यह बजट जनहित के बजाय सिर्फ कागजी घोषणाओं तक सीमित नजर आता है।

### कच्चे कर्मियों को पक्का करने का वादा कैसे पूरा होगा

मुकेश गोयल ने कहा कि विभिन्न सरकारी विभागों और एजेंसियों पर एमसीडी के करीब 12 हजार करोड़ रुपये बकाया हैं, लेकिन बजट में इस भारी-भरकम राशि की वसूली के लिए कोई ठोस कार्ययोजना नहीं बनाई गई है। वहीं, कच्चे कर्मियों को पक्का करने के वादे पर भी सवाल खड़े किए गए। उन्होंने कहा कि एमटीएस कर्मियों को पक्का करने के लिए 42 करोड़ और अन्य कर्मियों के लिए 40 करोड़ रुपये की आवश्यकता है, जो वर्तमान में एमसीडी के पास उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में 2016-17 तक के कच्चे कर्मियों को पक्का करने का वादा कैसे पूरा होगा, यह स्पष्ट नहीं है।

### बिना भूमि के नई गौशालाएं कैसे बनाई जाएंगी

स्थायी समिति अध्यक्ष द्वारा आवारा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए नई गौशालाएं बनाने की घोषणा पर भी मुकेश गोयल ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि गौशालाओं के लिए भूमि आवंटन का अधिकार दिल्ली सरकार के पास है और पिछले 11 वर्षों से कोई भूमि आवंटित नहीं की गई है। ऐसे में बिना भूमि के नई गौशालाएं कैसे बनाई जाएंगी।


### अधिकारियों की वित्तीय शक्तियां बढ़ाई जाए

आईवीपी नेता गोयल ने प्लान हेड और नॉन-प्लान हेड के तहत अधिकारियों की वित्तीय शक्तियों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि केवल प्लान हेड में शक्तियां बढ़ाने से पार्षदों के कार्यों में तेजी नहीं आएगी, क्योंकि पार्षद फंड और अन्य कई फंड नॉन-प्लान हेड के अंतर्गत आते हैं। उन्होंने मांग की कि नॉन-प्लान हेड के तहत भी अधिकारियों की वित्तीय शक्तियां बढ़ाई जाएं, ताकि जनता से जुड़े कार्यों में अनावश्यक देरी कम हो सके।

### 200 वर्ग मीटर मामले पर भी सवाल उठाए

गोयल ने ग्रामीण संपत्तियों पर कर छूट की सीमा 100 वर्ग मीटर से बढ़ाकर 200 वर्ग मीटर किए जाने पर भी सवाल उठाए। मुकेश गोयल ने कहा कि पहले 100 वर्ग मीटर तक की छूट के लिए वैल्यूएशन कमेटी की अनुमति ली गई थी, जबकि इस बार बिना अनुमति ही यह फैसला किया गया है। इसके अलावा, पार्षदों को सहायक के रूप में डाटा एंट्री ऑपरेटर देने की घोषणा तो की गई है, लेकिन उनके वेतन के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया।

# 'जोखिम भरे पैनल की सूचना मिलते ही डीटीसी प्रशासन ने की त्वरित कार्रवाई'



■ डीटीसी एसी बस में संभावित हादसा टला, सतर्कता से समय रहते दूर हुई खामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के अधीन दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) द्वारा संचालित नीली एसी बस में एक संभावित दुर्घटना उस समय टल गई, जब बस के भीतर छत के नीचे लगे पैनल को एक सजग यात्री ने जोखिमपूर्ण स्थिति में देखा। यात्री को आशंका हुई कि यदि यह पैनल गिरता या ढीला होता तो इससे किसी भी समय गंभीर हादसा हो सकता था। यात्री द्वारा इस संभावित खतरे की जानकारी तुरंत डीटीसी प्रशासन को दी गई। मामले की गंभीरता को समझते हुए डीटीसी अधिकारियों ने बिना देरी किए संबंधित बस की जांच कराई और तकनीकी टीम को भेजकर पैनल को शीघ्र दुरुस्त कराया। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के चलते किसी भी अप्रिय घटना से पहले ही समस्या का समाधान कर लिया गया। बता दें कि यह बस रूट नंबर 215 पर बुधवार को संचालित थी और बवाना से शुरू होकर आजादपुर होते हुए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन की तरफ जा रही थी। वहीं, बस स्टाफ ने बताया कि जब बस डिपो से निकली तब पैनल ठीक थे लेकिन गड्ढों के चलते नट पेंच आदि ढीले हो गए थे और इस तरफ ध्यान नहीं गया था।

यह घटना न केवल डीटीसी प्रशासन की सक्रियता को दर्शाती है, बल्कि यात्रियों की जागरूकता और जिम्मेदारी का भी उदाहरण है। समय रहते की गई सूचना और त्वरित मरम्मत से यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकी। वहीं, इस संबंध में डीटीसी के प्रबंध निदेशक आईएएस जितेंद्र यादव ने यात्रियों से अपील की है कि यदि उन्हें बसों में किसी भी प्रकार की तकनीकी खामी, ढीलापन या जोखिम संभावित स्थिति नजर आए, तो तुरंत संवाहक या डीटीसी की वन ऐप पर लिखे हुए हेल्पलाइन पर सूचना दें, ताकि जनहित में समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **संदीप कुमार, पुत्रः स्वर्गीय श्री रमेश कुमार, निवासीः मकान नंबर 61/3, गली नंबर 4, आर्य नगर, कड़कड़डूमा, आनंद विहार, शाहदरा, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **FIR No.71/2020 U/S 498A/406/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना आनंद विहार, शाहदरा जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **संदीप कुमार** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **संदीप कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.71/2020 U/S 498A/406/34 IPC, थाना आनंद विहार, शाहदरा जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **संदीप कुमार** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **23.03.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, कनिका अग्रवाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी/
महिला न्यायालय–02,
तीसरी मंजिल, शाहदरा जिला,
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/1459/SHD/2026
(अदालती मामला)

## पत्नी से झगड़े के बाद शख्स हाईटेंशन बिजली के खंभे पर चढ़ा

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के गोपालपुर इलाके में बुधवार सुबह एक व्यक्ति हाई-टेंशन बिजली के खंभे पर चढ़ गया। पुलिस और दमकल विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे नीचे उतारा। पूछताछ में पता चला कि शख्स ने पत्नी से झगड़े के बाद यह कदम उठाया था।n दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने जानकारी दी कि सुबह 8.46 बजे सूचना मिली कि एक व्यक्ति हाई-टेंशन बिजली के खंभे पर चढ़ गया है। इसके बाद बचाव दल को मौके पर भेजा गया। व्यक्ति को सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास शुरू किए गये और घंटों की मशक्कत के बाद उसे नीचे उतार लिया गया।

## पंजाब के डीजीपी एवं जालंधर के पुलिस आयुक्त की भूमिका की होगी जांच : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने पंजाब पुलिस की कार्रवाई को विशेषाधिकार समिति को सौंपा

दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने पंजाब पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही के मामले को विस्तृत जांच एवं रिपोर्ट के लिए विधानसभा की विशेषाधिकार समिति को सौंप दिया है। अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि 6 जनवरी 2026 को दिल्ली विधान सभा के पटल पर नेता विपक्ष आतिशी द्वारा दिए गए बयानों के संबंध में पंजाब पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही से जुड़े मामले पर यह संज्ञान लिया है। पंजाब पुलिस द्वारा प्रस्तुत जवाब तथा दिल्ली कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा से प्राप्त शिकायत पर विचार करने के बाद अध्यक्ष गुप्ता ने यह निष्कर्ष निकाला कि प्रथम दृष्टया सदन के विशेषाधिकार के उल्लंघन एवं सदन की अवमानना का मामला बनता है।

विधानसभा अध्यक्ष गुप्ता ने बताया कि यह मामला तब उठा था जब पंजाब पुलिस ने इकबाल सिंह की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की तथा यह सार्वजनिक रूप से कहा गया कि दिल्ली विधानसभा की कार्यवाही से संबंधित एक वीडियो क्लिप को संपादित अथवा छेड़छाड़ कर प्रस्तुत किया गया है। चूंकि यह विषय सीधे तौर पर सदन की कार्यवाही से संबंधित है, जो विधायिका के विशेषाधिकार क्षेत्र में आती है, इसलिए दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने पंजाब पुलिस से स्पष्टीकरण मांगा था तथा यह सूचित किया था कि अध्यक्ष एवं सदन पहले से ही इस विषय पर संज्ञान ले चुके हैं और विधानसभा की कार्यवाही से संबंधित किसी भी शिकायत अथवा कार्रवाई से पूर्व अध्यक्ष के संज्ञान में लाया जाना आवश्यक था।

## वरिष्ठ नागरिकों को बड़ी राहत लंबित वृद्धावस्था पेंशन जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने वृद्धावस्था पेंशन से वंचित रह गए वरिष्ठ नागरिकों को बड़ी राहत देते हुए लंबित पेंशन राशि जारी कर दी है। जिन लाभार्थियों को पिछले कुछ समय से तकनीकी एवं प्रशासनिक कारणों के चलते पेंशन भुगतान में समस्या आ रही थी, उनके खातों में लंबित पेंशन की राशि जमा कर दी गई है। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के दिशा-निर्देशों तथा समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह के विशेष प्रयासों के परिणामस्वरूप संभव हो सकी है। समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की सामाजिक सुरक्षा दिल्ली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी पात्र लाभार्थी को उसका अधिकार समय पर मिले, यह सुनिश्चित करना सरकार का दायित्व है। उन्होंने पेंशन भुगतान प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, सुचारु एवं जवाबदेह बनाने के निर्देश भी विभाग को दिए हैं। समाज कल्याण विभाग को वित्त विभाग से आवश्यक स्वीकृति मिलने के बाद पेंशन भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण की गई। दिल्ली सरकार से मिली जानकारी के अनुसार बता दें कि दिल्ली में 4 लाख 35 हजार से अधिक वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थी हैं, जिनमें से अधिकांश को नियमित रूप से पेंशन का भुगतान किया जा रहा था। तकनीकी कारणों से जिन कुछ लाभार्थियों की पेंशन अस्थायी रूप से प्रभावित हुई थी, उनकी पूरी बकाया राशि अब जारी कर दी गई है।

## मकान की छत ढहने से एक महिला की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तरपूर्वी दिल्ली के ब्रह्मपुरी इलाके में एक मकान की छत का एक हिस्सा ढहने से 60 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह घटना रविवार देर रात हुई, जब महिला सो रही थी।

एक अधिकारी ने बताया कि हादसे के बाद महिला को तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। यह महिला इस मकान में किरायेदार के तौर पर रह रही थी।

पुलिस ने मकान मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

**हिन्दुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : 426, डीएलएफ टावर ए, जसौला, नई दिल्ली–110025
Website : www.hindustantin.biz. Contact No. : +91 11-49998888
CIN: L27109DL1958PLC003006 Fax No. : 011-49998822

**पर्यावरण अनुकूल भविष्य बनाते हुए**

**फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण आग्रहों के पुनः आवंटन हेतु शेयरधारकों को स्पेशल विंडो के लिए सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ("सेबी") ने सर्कुलर नंबस-HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी, 2026, के तहत जिसका शीर्षक "निवेश करने में आसानी – फिजिकल सिक्योरिटीज के हस्तांतरण और डीमैटरियलाइजेशन के लिए विशेष विंडो" है, के माध्यम से, फिजिकल सिक्योरिटीज जो 01 अप्रैल, 2019 से पहले बेची/खरीदी गई थीं और दस्तावेजों/प्रक्रिया में कमी या किसी अन्य कारण से अस्वीकृत/वापस कर दी गईं/जिन पर ध्यान नहीं दिया गया था, के हस्तांतरण और डीमैटरियलाइजेशन को सुविधाजनक बनाने के लिए एक विशेष एक वर्षीय विंडो खोली है, यह विंडो 05 फरवरी, 2026 से 04 फरवरी, 2027 तक एक वर्ष की अवधि के लिए है।

संबंधित निवेशक, तदनुसार, ट्रांसफर डीड्स को पुनः दायर कर सकते हैं और कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) को सभी प्रकार से विधिवत पूर्ण आवश्यक दस्तावेज जमा कर सकते हैं।

**रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) का विवरण निम्नानुसार है :**
**नाम – बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्रा. लि.**
**पता – बीटल हाउस, तीसरी मंजिल, 99, मदनगिरी,**
**लोकल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के पीछे, नई दिल्ली–110062**
**संपर्क नं.– 011–29961281, 29961282**
**वेबसाइट – www.beetal.in ई–मेल – beetalrta@gmail.com**

यह सूचना शेयरधारकों की जानकारी के लिए और सेबी के अनुपालन में जारी की गई है। यह जानकारी कंपनी की वेबसाइट अर्थात www.hindustantin.biz पर भी उपलब्ध है।

कृते हिन्दुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड
हस्ता/–
रजत पाठक
ईवीपी (वित्त) और कंपनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 04 फरवरी, 2026

# स्टॉक मार्केट स्कैम सिंडिकेट का भंडाफोड़, छह अरेस्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ यूनिट की कार्रवाई

स्पेशल सेल की आईएफएसओ यूनिट ने नकली स्टॉक मार्केट स्कैम सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस सिलसिले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। सिंडीकेट के सरगना विदेश में बैठकर साइबर अपराध को अंजाम दे रहे है। पकड़े गये लोगों के पास से नौ मोबाइल फोन बरामद हुये हैं।

डीसीपी विनीत कुमार के अनुसार साइबर क्राइम के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई में आईएफएसओ यूनिट ने स्टॉक मार्केट में इन्वेस्टमेंट के बहाने लोगों को धोखा देने वाले एक अंतरराज्यीय सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस ऑपरेशन के तहत मुंबई, कोटा, नोएडा और उत्तर प्रदेश के लखनऊ समेत कई राज्यों में छापेमारी की गई जिसमें छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जांच में एक सुनियोजित नेटवर्क का खुलासा हुआ जो व्यवस्थित साइबर फ्रॉड में शामिल था और फंड निकालने के लिए एडवांस्ड डिजिटल टूल्स और म्यूल बैंक अकाउंट्स का इस्तेमाल कर रहा था। डीसीपी ने बताया कि शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार ने इस संदर्भ में शिकायत दर्ज करवाई थी। वह पेशे से एक रियल एस्टेट डेवलपर हैं। उन्हें ऑनलाइन स्टॉक मार्केट इन्वेस्टमेंट से निश्चित उच्च रिटर्न का झांसा देकर लगभग 3.76 करोड़ का चूना लगाया गया था। इस संबंध में गत वर्ष 15 सितंबर को केस दर्ज किया गया था। पुलिस ने जिन छह लोगों को गिरफ्तार किया है उनके नाम सबलू कुमार, वसीम अहमद, राजेश खान, शाहिद अली, मन्नू इस्सर और मनीष कुमार हैं।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद टोहाना | टाउन पार्क टोहाना में दिव्यांग व्यक्ति जोन का निर्माण + 9 कार्य। | 31.01.2026 09.02.2026 | 1,24,34,673/- | https://etenders.hry.nic.in | 8930314172 mctohana1@gmai.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/42687/I/88/7 दि. 04.02.26

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | QDP NO. : 1504 NIT NO. : 1384 DATED16.12.2025 | ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 19.02.2026 तक 1700 बजे तक बढ़ा दी गई है (पंचकूला)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | QDP NO. : 1503 NIT NO. : 1383 DATED16.12.2025 | ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 19.02.2026 तक 1700 बजे तक बढ़ा दी गई है (पंचकूला)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | NIETNO.13/TS/PWL/2025-26,DATED27.01.2026 (REFERENCENO.20264C23BA52AD30410788F1 42655AFF8983977HVP)FORTHEWORKOF REPLACEMENT OF 12 NO. PROBLEMATIC 220 KV ISOLATORSAT220KVS/STN.,HVPNL,MEERPUR KURALI DURING THE FY 2025-26 (TENDERID-2026_HBC_499168_1) (DNITNO.0127202616-04-09/149772) | ऑनलाइन बोली जमा की तिथि 09.02.2026 तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 4 | एचवीपीएनएल | DNITNO. 147697 DATED06.01.2026(EPC-DNO.141/PD&C) | शुद्धिपत्र-1 के खुलने की तिथि 04.02.2026 है, इसके साथ ही ऑनलाइन बोली जमा की निर्धारित तिथि में विस्तार 11.02.2026 17:00 बजे तक है (पंचकूला)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/100/42709/I/88/7 दि. 04.02.26

खबर संक्षेप

## दिल्ली में कोहरे का कहर, बहुत खराब श्रेणी में प्रदूषण

**नई दिल्ली।** लगातार तीसरे दिन बुधवार को दिल्ली में कोहरे का कहर जारी रहा जिसके चलते हवाई से लेकर रेल व सड़क मार्ग पर यातायात बुरी तरह प्रभावित रहा। सुबह सघन कोहरे के चलते आईजीआई एयरपोर्ट पर दृश्यता घटकर 100 से 0 के बीच दर्ज हुई। जबकि दूसरी तरफ वायु प्रदूषण लेवल भी बढ़कर बहुत खराब श्रेणी में पहुंचने से लोगों का घरों से निकलना मुहाल होने लगा है। मौसम विभाग का कहना है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली-एनसीआर में बुधवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई और सड़क व हवाई यातायात प्रभावित हुआ। दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में बुधवार सुबह घने कोहरे की चादर छाई रही है। विजिबिलिटी के स्तर में गिरावट के चलते आईजीआई एयरपोर्ट से दर्जनों उड़ानें प्रभावित होने की खबर है।

## राजधानी में न्यूनतम पारा आठ डिग्री हुआ दर्ज

**नई दिल्ली।** कोहरे, प्रदूषण और कड़ाके की ठंड की मार झेल रही दिल्ली में बुधवार को भी न्यूनतम पारा और नीचे लुढ़ककर 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मंगलवार-बुधवार देर रात से ही कड़ाके की सर्दी से दिल्ली ठिठुरती रही। लेकिन दिन में 12 बजे के बाद आसमान साफ हुआ और आसमान पर खिली खिली धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत जरूर मिली। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार न्यूनतम तापमान में एक डिग्री से अधिक की गिरावट के बाद पारा 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 0.2 डिग्री सेल्सियस नीचे है। जबकि अधिकतम तापमान 22.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मंगलवार को न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था, जो सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस कम था। जबकि अधिकतम तापमान सामान्य से 4.8 डिग्री नीचे लुढ़ककर 17.5 डिग्री सेल्सियस रह गया था, जिसमें बुधवार को बढ़त दर्ज हुई है।

## मरम्मत कार्य के चलते नहीं आएगा डीजेबी का पानी

नई दिल्ली। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने बताया है कि जल शोधन संयंत्र नांगलोई में यूजीआर की सालाना फ्लशिंग और इंटरकनेक्शन कार्य के कारण संयंत्र से संबंधित बाहरी व पश्चिमी दिल्ली क्षेत्र में 6-7 फरवरी को पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। डीजेबी के अनुसार इस दौरान नांगलोई, जीएच 12 पश्चिम विहार, मुंडका और आसपास की कॉलोनियां, हिरन कुदना, कमरुद्दीन नगर, निहाल विहार, रनहोला गांव, बक्करवाला , नांगलोई जेजे कैंप, आर ब्लॉक ज्वालापुरी, राजधानी पार्क, फ्रेंड्स एन्क्लेव, कविता कॉलोनी शामिल है। इन क्षेत्रों में नजफगढ़ और कराला से निशुल्क टैंकर उपलब्ध कराए जाएंगे। डीजेबी न बताया कि इनके अलावा मोहन गार्डन ग्रुप की कॉलोनियां, विकास नगर ग्रुप की कॉलोनियां, उत्तम नगर ग्रुप की कॉलोनियां, हस्तसाल, गोपाल नगर ग्रुप की कॉलोनियां, सैनिक एनक्लेव और सभी आसपास की कॉलोनियां शामिल है।

### 'सिख सरदार है, राहुल गद्दार है' के लगाए नारे

# कांग्रेस मुख्यालय के बाहर भाजपा ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली भाजपा के कार्यकर्ताओं विशेषकर सिख प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में बुधवार को संसद परिसर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा केन्द्रीय राज्य मंत्री सरदार रवनीत सिंह बिट्टू को गद्दार कहने के विरोध में इसे सिख कौम का अपमान कहते हुए अकबर रोड़ स्थित कांग्रेस मुख्यालय के बाहर रोष प्रदर्शन किया और गिरफ्तारी दी। प्रदर्शनकारी नारे लगा रहे थे 'सिख सरदार है, राहुल गांधी तुम गद्दार हो'।

प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि कांग्रेस एवं राहुल गांधी का परिवार 1984 में भी सिखों को गद्दार मानता था और आज भी गद्दार मानता है, आज तो राहुल गांधी के मुह से मन के भाव निकल गये। उन्होंने कहा कि गुरू श्री गोबिंद सिंह की बहादुर राष्ट्र भक्त सिख कौम के सिपाही को गद्दार कह कर राहुल गांधी ने देश को शर्मसार किया है। प्रदर्शनकारी भाजपा कार्यकर्ता मानसिंह रोड़ पर एकत्र हुए जहां उन्हे प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, सांसद योगेन्द्र चांदोलिया, राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार आर.पी. सिंह, विधायक सरदार तरविंद्र सिंह मारवाह, प्रदेश मंत्री सरदार इमप्रीत सिंह बख्शी, सिख प्रकोष्ठ संयोजक सरदार चरणजीत सिंह लवली आदि ने सम्बोधित किया और प्रदर्शन कर रहे भाजपा नेता, कार्यकर्ता पुलिस बैरिकेड्स तोड़ते हुए अकबर रोड़ स्थित कांग्रेस मुख्यालय की ओर बढ़े पर तीसरे बैरिकेड्स पर तैनात भारी पुलिस बल ने उन्हे रोक कर गिरफ्तार किया और बसों में भर कर संसद मार्ग थाने ले गई जहां से कुछ देर बाद चेतावनी दे कर छोड़ दिया।

सांसद योगेंद्र चांदोलिया ने कहा कि यह खेदपूर्ण है कि पिछले लगभग 5 दशक से कांग्रेस सिखों एवं हिन्दुओं के बीच दरार डालने की कोशिश करती आई है। सरदार आर.पी. सिंह ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा एक निर्वाचित सांसद, विशेषकर एक सिख नेता, को 'गद्दार' कहना संसद की गरिमा और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

सरदार तरविंद्र सिंह मारवाह ने कहा कि राहुल गांधी ने सिर्फ एक मंत्री को नहीं, बल्कि देश के लिए बलिदान देने वाले पूरे सिख समाज को गाली दी है। भाजपा नेताओं ने कहा कि चाहे वह 84 का सिख दंगा हो या फिर अन्य धार्मिक आयोजन राहुल गांधी ने हमेशा सिख समाज की मर्यादा तोड़ी है।

# 'आप' पार्षदों ने भलस्वा लैंडफिल साइट पर जाकर भाजपा के खिलाफ किया प्रदर्शन

### मुख्यमंत्री से मांगा इस्तीफा, जमकर की नारेबाजी




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग के नेतृत्व में 'आप' पार्षदों ने बुधवार को भलस्वा लैंडफिल साइट पर जाकर भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की।

नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बेकसूर लोगों की जिंदगी बर्बाद न करें, दिल्ली को कूड़ा मुक्त नहीं कर सकतीं तो इस्तीफा दे दें। उन्होंने कह कि भाजपा की एमसीडी भलस्वा का कूड़ा हज़ारों ट्रकों में भरकर दिल्ली देहात के भलस्वा, किराड़ी, रामा विहार, मुंडका, स्वरूप नगर के गांवों में डाल रही है। इससे इलाके में पानी जमा हो रहा है और लोग बीमार हो रहे हैं। इस अवसर पर एमसीडी सह-प्रभारी प्रवीण कुमार व प्रीति डोंगरा समेत पार्टी के निगम पार्षद और कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेता विपक्ष ने कहा कि दिल्ली के भलस्वा लैंडफिल साइट का कूड़ा दिल्ली देहात में डलवा रही भाजपा सरकार के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है।

प्रवीण कुमार ने कहा कि भाजपा अपनी नाकामी छिपाने के लिए भलस्वा का कूड़ा दिल्ली देहात के गांवों और खेतों में डाल रही है। वहीं, प्रीति डोगरा ने कहा कि दिल्लीवालों ने भाजपा को अच्छा काम करने के लिए चुना था, लेकिन वह तो जानलेवा बीमारियां दे रही है।

## स्वच्छ हवा से समझौता नहीं कर सकती सरकार : सिरसा

**नई दिल्ली।** स्वच्छ हवा से समझौता नहीं कर सकती सरकार। जिन डीज़ल जनरेटर सेटों में स्वीकृत उत्सर्जन नियंत्रण सिस्टम नहीं लगे हैं, वे जनस्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा हैं। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन न करने वाली इकाइयों पर की गई यह कार्रवाई स्पष्ट संदेश देती है कि कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) के निर्देशों का उल्लंघन बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारी सरकार सख़्त अमल, स्वच्छ ईंधन और साफ तकनीक के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, ताकि दिल्ली की हवा में स्थायी और ठोस सुधार हो सके। मंत्री सिरसा ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली सरकार प्रदूषण कम करने और राजधानी में हवा को स्थायी रूप से स्वच्छ रखने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

### एलजी को पत्र लिख की टास्क फोर्स की मांग

# यादव ने उठाया दिल्ली में बच्चियों की सुरक्षा का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर छोटे बच्चों विशेषकर लड़कियां के दिल्ली से बड़ी संख्या में गायब होने की घटनाओं की गहन जांच करने के लिए टास्क फोर्स बनाने की मांग की। यादव ने बच्चियों के साथ होने वाले गंभीर अपराधों को मुददा उठाया और आरोप लगाए कि भाजपा की केंद्र सरकार हर मंच पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारे का ढोल पीटती है, जब देश की राजधानी में लड़कियां बचेंगी ही नहीं तो शिक्षित कैसे होंगी। इस बारें में यादव ने बताया कि एलजी को पत्र लिखकर विशेषकर लड़कियां के दिल्ली से बड़ी संख्या में लापता, अपहरण सहित अन्य घटनाओं का मुदा उठाते हुए गहन जांच के लिए टास्क फोर्स बनाने की मांग की है। दिल्ली की कानून व्यवस्था पर चिंता जताते हुए कहा कि वर्ष 2026 पहले महीने के 27 दिनों में 807 लोग गायब हो चुके है। जिनमें अधिकतर बच्चे, छोटी लड़कियां और महिलाए शामिल है जो बहुत ही संवेदनशीलता का विषय है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रतिदिन 27 लोग लापता होने के बावजूद दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार और केन्द्रीय गृहमंत्रालय चुप्पी साधे बैठा है।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सुनीं दिल्लीवालों की समस्याएं

### जनसुनवाई में मौके पर ही दिए समाधान के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

होली-दिवाली पर मुफ्त गैस सिलेंडर की राशि के फैसले पर महिलाओं ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आभार जताया। इस दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि जनता ही सर्वोपरि है और उनकी सेवा ही लक्ष्य सरकार का लक्ष्य है। दिल्ली सरकार से मिली जानकारी के अनुसार जनसुनवाई के दौरान दिल्ली के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से आई महिलाओं और मध्यमवर्गीय परिवारों ने होली और दिवाली पर निशुल्क गैस सिलेंडर की राशि देने की योजना के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

उन्होंने कहा कि कैबिनेट द्वारा 242 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी और सीधे बैंक खाते में 853 रुपये की राशि भेजने के फैसले ने उनके त्योहारों की खुशियों को और बढ़ा दिया है। महिलाओं ने इसे बड़ी राहत बताते हुए कहा कि महंगाई के इस दौर में यह योजना उनके रसोई बजट को संभालने में काफी मददगार साबित होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में जनसुनवाई केवल समस्याएं सुनने का मंच नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच भरोसे को मजबूत करने का माध्यम है। जब कोई नागरिक सीधे मुख्यमंत्री के सामने अपनी बात रखता है और उस पर कार्रवाई होती है तो प्रशासन पर विश्वास बढ़ता है। हमारी सरकार पूरी तरह जवाबदेह है और दिल्ली के हर नागरिक की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है।

### सकारात्मक बदलाव से होता है हमारा संकल्प और मजबूत

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता का विश्वास और उनकी दुआएं ही हमें और बेहतर काम करने की प्रेरणा देती हैं। जब लोग बताते हैं कि सरकारी योजनाओं से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है, तो हमारा संकल्प और मजबूत होता है। हमारी सरकार पूरी तरह जवाबदेह है और जनसेवा ही हमारा एकमात्र लक्ष्य है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में आयोजित जनसुनवाई के दौरान शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से आए दिल्लीवासियों की समस्याएं और सुझाव ध्यान से सुने। 'जनता का शासन, जनता के द्वारा' के अपने संकल्प को दोहराते हुए उन्होंने न सिर्फ हर शिकायत को गंभीरता से लिया, बल्कि मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश भी दिए।

## आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर लगाए मुआवजा और नौकरी देने में भेदभाव के आरोप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने सरकार की लापरवाही से जान गंवाने वालों को मुआवजा और नौकरी देने भेदभाव किए जाने पर भाजपा को आड़े हाथ लिया है। 'आप' दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने यमुना में कुछ माह पहले डूबने से हुई भाजपा कार्यकर्ता के परिवार को मुआवजा देने और नौकरी का आश्वासन देने पर कहा कि पिछले वर्ष दिल्ली में सैंकड़ों लोगों की सरकार की लापरवाही से मृत्यु हुई। कुछ लोग बरसात में नाले में डूब के मरे, कुछ लोग बिजली के करंट से मरे, कुछ दीवार गिरने से मरे, कुछ जल कर मरे, तो कुछ लोग पेड़ गिरने से मरे। मगर ना तो रेखा गुप्ता सरकार ने उन गरीब परिवारों को मुआवजा दिया और ना ही किसी को नौकरी दी। सौरभ भारद्वाज ने भाजपा से पूछा कि क्या दिल्ली के टैक्स पेयर का सरकारी पैसा सिर्फ़ पार्टी कार्यकर्ताओं को बांटा जा सकता है? बाक़ी मृतकों के परिवारों को नौकरी कब मिलेगी? उपराज्याल बताएं कि कितने मृतकों के परिवारों को नौकरी दी गई है?

# भाजपा के पास है पूरी ताकत, फिर भी दिल्ली इतनी असुरक्षित क्यों : केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी में हर स्तर पर भाजपा के पास पूरी ताकत है, फिर भी दिल्ली इतनी असुरक्षित क्यों है? दिल्ली में हर रोज करीब 54 लोगों के गायब होने पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए यह बयान जारी किया। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर मीडिया रिपोर्ट साझा करते हुए कहा कि देश की राजधानी में लोगों की सुरक्षा भगवान भरोसे छोड़ दी गई है। दिल्ली में सिर्फ 15 दिन में 807 लोग गायब हो गए, जिनमें सबसे ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं, ये हालात सामान्य नहीं, बेहद डराने वाले हैं। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा की चार इंजन की सरकार को देश की राजधानी दिल्ली में लोगों की सुरक्षा की चिंता नहीं है। नतीजन दिल्ली में न सिर्फ अपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं, बल्कि बड़ी तादात में लोग गायब भी हो रहे हैं। इनमें महिलाओं और बच्चों की तादात सबसे ज्यादा है। केजरीवाल ने कहा कि मात्र 15 दिनों में 807 लोगों का गायब होना चौपट हो चुकी सुरक्षा व्यवस्था का उदाहरण है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से सतर्क और सावधान रहने की भी अपील की है।

### अपना और अपने बच्चों का रखें ध्यान

वहीं, दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से सावधान रहने की अपील की है। पार्टी ने कहा है कि देश की राजधानी दिल्ली में पिछले 15 दिनों में 800 से ज्यादा लोग गायब हो गए हैं, इसमें से ज्यादातर बच्चियां हैं। आपके बच्चों की सुरक्षा करने में सरकार के चारों इंजन फेल हो गए हैं। इसलिए अपना और अपने बच्चों का ध्यान रखें। आप ने कहा कि दिल्ली की कानून व्यवस्था आईसीयू में है। 1 से 15 जनवरी के बीच 807 लोग लापता हुए। हर दिन 54 लोग गायब हुए। दिल्ली से ऐसे भयानक आंकड़े सामने आ रहे लेकिन कानून व्यवस्था का खिलौना बना चुकी भाजपा सो रही है। पार्टी ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि दिल्ली में हर रोज़ दिनदहाड़े हत्याएं हो रही हैं, सड़कों पर सरेआम मर्डर करके अपराधी फ़रार हो जाते हैं और दिल्ली पुलिस के बॉस अमित शाह को कोई फर्क नहीं पड़ रहा।

### 'जन-जन जागे, कैंसर भागे' अभियान में शामिल हुईं मुख्यमंत्री

# कैंसर से जंग सिर्फ दवाओं से नहीं, सामाजिक संवेदनशीलता से जीतेंगे : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



वर्ल्ड कैंसर दिवस के अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 'जन-जन जागे, कैंसर भागे' अभियान में शामिल हुईं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी केवल शरीर को ही नहीं, बल्कि व्यक्ति के मनोबल, आत्मविश्वास और पूरे परिवार की आर्थिक स्थिति को भी गहराई से प्रभावित करती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस बीमारी से जंग केवल इलाज तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि समाज के सहयोग और मानवीय संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़नी चाहिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूत नींव बनते जा रहे हैं। राजधानी में फिलहाल 350 आयुष्मान आरोग्य मंदिर कार्यरत हैं, जहां ओरल, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर की मुफ्त स्क्रीनिंग, दवाएं, टीकाकरण और जरूरी जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाए हैं।

### योजना ने करोड़ों नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा दी

मुख्यमंत्री ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना ने करोड़ों नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा दी है, जिसके तहत अब तक 43 करोड़ से अधिक लोगों का पंजीकरण हो चुका है। दिल्ली में इस योजना के अंतर्गत लाखों लोगों को स्वास्थ्य कवर मिल रहा है। उन्होंने बताया कि देशभर में 16,000 से ज्यादा जन औषधि केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं, जहां कई दवाएं 90 प्रतिशत तक कम कीमत पर उपलब्ध हैं। दिल्ली में इन केंद्रों का लगातार विस्तार किया जा रहा है, ताकि आम लोगों तक सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं पहुंच सकें। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार ने दिल्ली के एम्स, सफदरजंग और राम मनोहर लोहिया जैसे केंद्रीय अस्पतालों के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया है। इससे चिकित्सा ढांचे, आधुनिक मशीनों और सुविधाओं को और मजबूत किया जाएगा, जिससे मरीजों को बेहतर, सुलभ और सम्मानजनक इलाज मिल सकेगा। दिल्ली सरकार जनसेवा और स्वास्थ्य से जुड़े हर प्रयास करने वाली संस्थाओं के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी।

## एनडीएमसी ने काका नगर को किया अपनी छठी 'अनुपम कॉलोनी' घोषित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने बुधवार को काका नगर को अपनी छठी अनुपम कॉलोनी घोषित किया। इसके साथ ही काका नगर दिल्ली की पहली आवासीय कॉलोनी बन गई है, जहाँ यांत्रिक एवं धूल-रहित सफाई प्रणाली अपनाई गई है।

इसकी औपचारिक घोषणा एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा ने की। उन्होंने इस पहल को शहरी स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम बताते हुए कहा कि यह पारंपरिक मैनुअल सफाई व्यवस्था से आधुनिक यांत्रिक स्वच्छता प्रणाली की ओर एक निर्णायक परिवर्तन को दर्शाती है। इस अभिनव मॉडल के अंतर्गत काका नगर में अब पाँच पुश-बैक मैकेनिकल स्वीपर एवं एक गॉब्लर मशीन के माध्यम से सफाई कार्य किया जा रहा है, जिससे धूल उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आई है और वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ है।

## खबर संक्षेप

### नॉर्थ और ईस्ट बाजारों तक पहुंचा काउ घी



**गुरुग्राम।** एफएमसीजी कंपनी अन्नपूर्णा ग्रुप ने अपने फ्लैगशिप प्रोडक्ट अन्नपूर्णा काउ घी को नार्थ और ईस्ट इंडिया के प्रमुख बाजारों में लॉन्च किया है। यूपी, दिल्ली-एनसीआर, बिहार, झारखंड और ओडिशा शामिल हैं। अन्नपूर्णा ग्रुप के डायरेक्टर सुबीर घोष ने कहा कि शुद्धता हमेशा से अन्नपूर्णा की नींव रही है। अन्नपूर्णा काउ घी हमारी उस सोच का प्रतीक है, हम भारतीय घरों तक असली और पौष्टिक भोजन पहुंचाना चाहते हैं।

### एक लाख 44 हजार रुपए की ठगी, आरोपी धराया



**फरीदाबाद।** क्रेडिट कार्ड को वीजा से रूपए में कनवर्ट करने के नाम पर 1,44,999 रुपए की ठगी में साईबर थाना सैन्ट्रल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। वीजा से रुपए में कनवर्ट करने के नाम पर 1,44,999 रुपए की ठगी में साईबर थाना सैन्ट्रल पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सेक्टर-15 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में शिकायत दी।

### खाते से निकाले थे 91000 रुपए, दो आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने फोन स्नैचिंग कर खाते से पैसे निकालने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान नीरज उर्फ नीटू निवासी गांव बादशाहपुर फरीदाबाद तथा सूरज उर्फ काला निवासी गांव चुन्दिका, जिला नूंह हाल निवासी गांव बादशाहपुर, फरीदाबाद के रूप में हुई है। पुलिस अनुसार कि रमेश भगत, निवासी भारत कॉलोनी फरीदाबाद ने पुलिस चौकी सेक्टर-11 में शिकायत दी कि 3 अगस्त 2025 को खाटू श्याम मंदिर, सेक्टर-20 के पास एक युवक उसके हाथ से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया।

---

अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेला में एक स्टॉल ऐसी जहां लकड़ी पर होती है गजब की नक्काशी

# अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेला में तिरुपति बालाजी से आए फूला चंदू ने लगाई वुड कार्विंग स्टॉल, लोगों की आस्था का केंद्र बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद





39वां सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला हरियाणा प्रदेश ही नहीं अपितु देश के अन्य राज्यों के हस्तशिल्पियों को भी अपनी हस्तकला का प्रदर्शन करने के लिए बेहतरीन मंच प्रदान कर रहा है। सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला में आए ऐसे ही एक हस्तशिल्पी हैं तिरुपति बालाजी से आए फूला चंदू। फूला चंदू सूरजकुंड मेला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोक व आत्मनिर्भर भारत विजन को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। फूला चंदू को लकड़ी पर नक्काशी करने में महारथ हासिल है, जिसके माध्यम से वे लकड़ी पर गजब की नक्काशी करते हैं और लकड़ी को भगवान की मूर्तियों का रूप देते हैं। फूला चंदू द्वारा लगाई गई स्टॉल दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करने के साथ-साथ लोगों की आस्था का केंद्र बनी हुई है।

फूला चंदू ने बताया कि लकड़ी से मूर्तियां बनाने की कला को वुड कार्विंग कहा जाता है। उन्होंने गेट नंबर 3 पर फूला वुड कार्विंग के नाम से शॉप लगाई हुई है, जिसका नंबर 1284 है। उन्होंने बताया कि मूर्तियां व अन्य सामान बेशक लकड़ी से बनाया जाता हैं लेकिन ये सालों तक चलती है और इनकी चमक भी सालों-साल बरकरार रहती है। मूर्तियां बनाने में संगवान, महागनी आदि लकड़ियों का प्रयोग किया जाता है। नक्काशी से लकड़ी पर तराशे गए भगवान श्री गणेश, भगवान बुद्ध, भगवान श्री कृष्ण, श्री वैंकटेश्वर, भगवान श्रीहरि विष्णु और तिरुपति बालाजी की मूर्तियां व अन्य सामान लोगों को सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं।


---


ऑनलाइन टास्क-बेस्ड कोरियन लवर गेम खेलने की थी लत, पिता की डांट के बाद उठाया खौफनाक कदम

# गाजियाबाद में तीन सगी नाबालिग बहनों ने 9वीं मंजिल से कूदकर दी जान

## सुसाईड नोट में लिखा...सॉरी पापा... हम गेम खेलना नहीं छोड़ सकते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद






दिल्ली से सटे गाजियाबाद में तीन सगी नाबालिग बहनों ने मंगलवार की रात में 9वीं मंज़िल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। तीनों बहनों को ऑनलाइन टास्क-बेस्ड कोरियन लवर गेम खेलने की लत थी। उनके पिता ने इसके लिए तीनों को डांट दिया था। जिसके बाद उन्होंने यह ख़ौफ़नाक कदम उठाया। उन्होंने एक सुसाईड नोट भी छोड़ा है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि सॉरी मम्मी, सॉरी पापा... हम जेम खेलना नहीं छोड़ सकती। वहीं जहां तीन सगी नाबालिग बहनों ने देर रात घटना रात करीब 2 बजे की बताई है। घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया कि बुधवार रात्रि में पीआरवी द्वारा सूचना प्राप्त हुई थाना टीलामोड़ स्थित भारत सिटी में टावर बी-1 फ्लैट नं0 907 की नवीं मंजिल की बालकनी से तीन बच्चियों के कूदने की और मौके पर ही जिनकी मृत्यु होने की सूचना प्राप्त हुई। मौके पर पहुँचकर जॉच की गई तो तीन बच्चियां क्रमश निशिका उम्र करीब 16 वर्ष, प्राची उम्र लगभग 14 वर्ष, पाखी उम्र लगभग 12 वर्ष पुत्रियां चेतन कुमार की भूतल पर गिरने के कारण मृत्यु हो गई है। जांच में पता चला है कि भारत सिटी में टावर बी-1 फ्लैट नं0 907 निवासी चेतन ने बच्चियों के पिता ने दो शादी की है। दोनों सगी बहन हैं। पहली से कोई बच्चा नहीं हो रहा था तो उसी छोटी बहन (साली) के साथ दूसरी शादी कर ली। जो दूसरी शादी हुई उससे तीन बच्चे हुए। इसी दौरान पहली पत्नी से भी दो बच्चे हो गए। जो तीन बहनों ने आत्महत्या की है, उनमें दो बहनें दूसरी पत्नी की जबकि एक पहली की बेटी है। दोनों पत्नियां और बच्चे सब साथ रहते थे। पिछले दो वर्ष से तीनों बच्चियां स्कूल नहीं जाती थीं। पिता के मुताबिक लड़कियां ऑनलाइन कोरियन गेम खेलने की आदी थीं। जिसकी जानकारी उन्हें नहीं थी। मंगलवार को गेम का आखिरी टास्क था। ऐसे में लड़कियां आखिरी टास्क पूरा करने के बाद 9वें फ्लोर से कूद गईं। पिता के मुताबिक पुलिस बच्चों के फोन जांच के लिए ले गई है। गेम में कुल 50 टास्क थे। कूदने के लिए बच्चियों ने दो स्टेप वाली सीढ़ी का इस्तेमाल किया। बताया गया है कि बीच वाली बच्ची गेम की लीडर थी, वही कमांड तय करती थी। तीनों हर काम साथ करती थीं। आशंका है कि ये भी टास्क के तहत किया जाता था। हालांकि तीनो बहनें ऐसा गेम खेलती हैं, इसका पता किसी को नहीं होने दिया। पुलिस ने तीनों बहनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

---

मां भगवती की चौकी का आयोजन

# विधायक धनेश अदलक्खा पहुंचे माता रानी का आशीर्वाद लेने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मंदिर सेवा समिति दल एवं नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा नेहरू ग्राउंड में मां भगवती की चौकी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक धनेश अदलक्खा ने शिरकत की और ज्योत प्रचण्ड का चौकी का शुभारंभ करवाया।

इस अवसर पर मां भगवती की चौकी के आयोजक सुनील कुशवाहा एवं यशपाल शर्मा, एडवोकेट संदीप सेठी ने आए सभी अतिथियों का पटके एवं फूलमाला के द्वारा सम्मान किया गया।


उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विधायक धनेश अदलखा ने कहा कि आज मां जगत जननी, मां भगवती के आशीर्वाद से मैं यहां तक पहुंचा हूं और जनता की सेवा में लगा हुआ हूं। जो भी मां भगवती को सच्चे मन का याद करता है, मां उसकी सभी दुख और बाधाओं को दूर करती है तथा सभी समस्याओं को हर लेती है। विधायक अदलक्खा ने मंदिर सेवा समिति व नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं की हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि मुझे पता चला है कि दोनों ही संस्था कोरोना काल के बाद से ही प्रत्येक शनिवार को श्रद्धानुसार भण्डारे का आयोजन करती आ रही है। जोकि अपने आप में सेवा का भाव है।

इस अवसर समाजसेवी विक्रम भाटिया, राजेश गुप्ता, अरविंद पटेल, दीपक गेरा, समाजसेवी संजीव कुशवाहा, डॉ अजय तिवारी, मोहित अरोड़ा, हुकुम सिंह बंसवाल, अश्वनी, काले भाटिया सहित सैकड़ों श्रद्धालुगण मौजूद रहे। माता की चौकी के समापन अवसर पर भण्डारे का आयोजन किया गया।

---

# केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने किया बिश्नोईज एंड द ब्लैकबक पुस्तक का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम




केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने इंडियन इंटरनेशनल सेंटर में अनु लाल की पुस्तक बिश्नोईज़ एंड द ब्लैकबक का लोकार्पण किया। यह किताब बिश्नोई समाज की जीवित परंपराओं, पर्यावरण, कानून और धर्म के साथ उनके गहरे जुड़ाव को सरल भाषा में सामने लाती है। लेखिका, वकील और शोधकर्ता अनु लाल की यह किताब यात्रा, शोध और एक चेतावनी—तीनों का मेल है।

यह आज की सोच को चुनौती देती है और बताती है कि टिकाऊ भविष्य के लिए हमें कुछ नया बनाने से ज़्यादा, कुछ पुराना याद करने की ज़रूरत है। यह किताब भारत को केवल पर्यावरण संकट वाले देश के रूप में नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण पर्यावरणीय ज्ञान के स्रोत के रूप में प्रस्तुत करती है।

---

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **लाला राम उर्फ गोरी शंकर** पुत्र गंगा राम निवासी एल.आई.सी. मार्केट, मदर डेयरी के पास, बी–ब्लॉक, सुल्तानपुरी, आउटर डिस्ट्रिक्ट, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 1052/2021 धारा 420/34 भा.द.स., थाना पश्चिम विहार ईस्ट, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **लाला राम उर्फ गोरी शंकर** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **लाला राम उर्फ गोरी शंकर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 1052/2021 धारा 420/34 भा.द.स., थाना पश्चिम विहार ईस्ट, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **लाला राम उर्फ गोरी शंकर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **23.03.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री मोक्षा बेंस,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–।। (पश्चिम)**
**कमरा नं. 31,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/1468/OD/2026

---

भाजपा फरीदाबाद ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

# केंद्रीय मंत्री को गद्दार कहना लोकतंत्र और राष्ट्र का अपमानः पंकज पूजन रामपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को देशद्रोही कहे जाने के विरोध में भाजपा फरीदाबाद के नेताओं ने जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल के नेतृत्व में क्यूआरजी चौक ओल्ड फरीदाबाद पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन किया। विरोध राहुल गांधी द्वारा केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के लिए अपमानजनक शब्दों के प्रयोग के खिलाफ किया गया। पूजन ने कड़े शब्दों में निंदा की। यह बयान न केवल एक केंद्रीय मंत्री का अपमान है, बल्कि सिख समाज और उसकी बलिदानी परंपरा पर सीधा आघात है। सिख समाज का देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा में योगदान अतुलनीय रहा है। ऐसे समाज के प्रतिनिधि को इस प्रकार के अपमानजनक शब्दों से संबोधित करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। इस तरह के बयान समाज को बांटने तथा देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास हैं।

---

युवा कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

# भाजपा के कार्यालय पर कांग्रेसियों ने बोला धावा, जमकर काटा बवाल, नारेबाजी की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सवाल न पूछने देने के विरोध में हरियाणा युवा कांग्रेस ने प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया की अगुवाई में भाजपा के गुरुग्राम जिला कार्यालय गुरुकमल पर जमकर प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया ने कहा कि मोदी सरकार देश की सुरक्षा और सैनिकों के सम्मान के मुद्दे पर गंभीर नहीं है। जनरल नरवणे की किताब पर रोक लगाना और संसद में सवालों से बचना, सरकार की कमजोर मानसिकता को दर्शाता है। युवा कांग्रेस लोकतंत्र और देशहित के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन यहीं नहीं रुकेगा। आगामी 17 फरवरी को हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) कार्यालय, पंचकूला का घेराव भी किया जाएगा, जहां युवाओं से जुड़े मुद्दों और भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा।

---

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अरमान, पुत्रः मोहम्मद शमीम, पताः 1) आर–546, रघुबीर नगर, दिल्ली, 2) आर–ब्लॉक–344, रघुबीर नगर, राजौरी गार्डन, दिल्ली** ने **FIR No. 357/2020, U/s 451/380/411 IPC, पुलिस थाना कीर्ति नगर, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अरमान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अरमान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 357/2020, U/s 451/380/411 IPC, पुलिस थाना कीर्ति नगर, नई दिल्ली** के अभियुक्त **अरमान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.03.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – सुश्री वसुंधरा आजाद**
**मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट**
**पश्चिमी जिला, कमरा नं. 146**
**द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली**

DP/1447/WD/2026

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | हुडा कॉम्पलैक्स एम.सी. रोहतक में आकांक्षी शौचालय का निर्माण + 3 कार्य। | 03.02.2026 10.02.2026 | 1,44,52,156/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2026/40/42689/I/88/7 दि. 04.02.26

---

मंत्री गोयल ने पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी

# कैबिनेट मंत्री गोयल ने बजट में किए गए सुधारों एवं हरियाणा को बजटीय लाभों की सराहना की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

कैबिनेट मंत्री एवं फरीदाबाद विधायक विपुल गोयल ने कहा कि केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बजट में किए गए सुधारों तथा हरियाणा एवं विशेष रूप से फरीदाबाद को मिलने वाले बजटीय लाभों पर केंद्रित रही।

विपुल गोयल ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 केवल भाषणों और नारों पर आधारित नहीं है बल्कि काम करके दिखाने की सोच का स्पष्ट उदाहरण है इस बजट की मूल भावना है यानी बयानबाजी नहीं बल्कि ठोस और जमीन पर दिखने वाले सुधार। सरकार का स्पष्ट मानना है कि जब तक नीतियों का असर आम नागरिक के जीवन में नजर न आए तब तक सुधार अधूरे रहते हैं इसी सोच के साथ यह बजट भारत को तेज, टिकाऊ और समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ाने का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है। गोयल ने बुधवार को अपने कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बजट में विकास और वित्तीय अनुशासन के बीच संतुलन साफ दिखाई देता है वर्ष 2026-27 में फिस्कल डेफिसिट को जीडीपी के लगभग 4.3 से 4.4 प्रतिशत के दायरे में रखा गया है जो जिम्मेदार आर्थिक प्रबंधन को दर्शाता है 12.2 लाख करोड़ का सार्वजनिक पूंजीगत व्यय इस बात का प्रमाण है कि यह बजट केवल खर्च का नहीं बल्कि भविष्य की मजबूत नींव रखने वाला बजट है। विपुल गोयल ने कहा कि सरकार भारत को केवल उपभोक्ता बाज़ार नहीं बल्कि वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग पावर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है बायोफार्मा, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, केमिकल, रेयर अर्थ और क्रिटिकल मिनरल से जुड़े निवेश भारत की रणनीतिक आत्मनिर्भरता को मज़बूत करेंगे।

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला सिटी में लघु सचिवालय के परिसर में प्रशासनिक खण्ड फेज-III के निर्माण के लिए बकाया कार्य (कोड सं. 12646 दिनांक 28.05.2016 के तहत माननीय सी.एम. घोषणा)। | 03.02.2026 23.02.2026 | 3457.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स सिरसा में पुराने सिलिंग और एग्जॉस्ट फैन्स को बदलना + 2 कार्य। | 02.02.2026 09.02.2026 | 37.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प करनाल | असंध जिला करनाल में ज्यूडीशियल कॉम्पलैक्स में 2 अदद 13 पैसेंजर लिफ्ट की आपूर्ति/स्थापना/परीक्षण और प्रचालन + 2 कार्य। | 04.02.2026 10.02.2026 | 77.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प करनाल | गांव असंध, जिला करनाल में 100 बिस्तर वाले अस्पताल का निर्माण (ईएलवी सेवाओं का प्रावधान केवल)। | 04.02.2026 14.02.2026 | 141.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज सोनीपत | गांव भटगांव माल्याण में लोनिवि फरमाना रोड से चौराहे वाली माता तक इंटरलॉकिंग गली का निर्माण + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.02.2026 | 40.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9268376188 brijmohansdo@gmail.com |
| 6 | मोतीलाल नेहरू खेल-कूद विद्यालय राई, सोनीपत | ऑपरेटर सहित कैमरों की आवश्यकता। | 03.02.2026 10.02.2026 | 2.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8708859410 mnssrai@rediffmail.com |
| 7 | निदेशक आतिथ्य हरियाणा | क्रॉकरी / कटलरी और ग्लास इत्यादि की खरीद के लिए निविदा सूचना। | 05.02.2026 20.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in | 8901202224 hospitalityharyana@gmail.com |
| 8 | हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग पंचकूला | एचएसएससी को टैंट सम्बन्धित सेवाओं का प्रावधान। | 03.02.2026 09.02.2026 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9814301658 hsscresultpublication@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/160/42696/I/88/7 दि. 04.02.26

## खबर संक्षेप

### नीतीश बुलेटप्रूफ रेंज रोवर कार में चलेंगे

पटना। बिहार की राजनीति में सादगी और विकास के पर्याय माने जाने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब एक नए कलेवर और अभेद्य सुरक्षा घेरे में नजर आएंगे। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री की सुरक्षा को अल्ट्रा-हाई लेवल पर ले जाने का फैसला किया है। अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार देश के प्रधानमंत्री की तरह ही अत्याधुनिक बुलेटप्रूफ रेंज रोवर गाड़ियों के काफिले में सफर करेंगे। सुरक्षा के इस बड़े बदलाव के लिए बिहार सरकार ने न केवल मंजूरी दी है।

## आयात पर निर्भरता कम होगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

**उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग का नया केंद्र बन रहा है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के सेक्टर-28 में 350 एकड़ में फैले मेडिकल डिवाइस पार्क में 101 से अधिक प्लॉट्स आवंटित हो चुके हैं, और कई इकाइयों ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। यह पार्क 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' को बढ़ावा देगा, जिससे आयात पर निर्भरता कम होगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।**

# यूपी बनेगा मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल हब

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अब मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में देश का नया केंद्र बनने की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा चुका है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के सेक्टर-28 में 350 एकड़ में फैला मेडिकल डिवाइस पार्क अब केवल एक योजना नहीं, बल्कि जमीन पर धरातल लेता एक औद्योगिक इकोसिस्टम है। यहां न केवल 100 से अधिक प्लॉट्स का आवंटन हो चुका है, बल्कि एक दर्जन इकाइयों ने अपना निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया है, जिससे जल्द ही यहाँ 'मेडिकल इक्विपमेंट्स' का उत्पादन शुरू होने की संभावना प्रबल हो गई है।

### खास बातें

- यीडा मेडिकल डिवाइस पार्क में 101 प्लॉट्स आवंटित
- कई इकाइयों ने उत्पादन के लिए निर्माण कार्य शुरू किया
- 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' को मिलेगा बढ़ावा



### निवेशकों का बढ़ता भरोसा

यीडा क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस सेक्टर के प्रति निवेशकों का उत्साह आंकड़ों में साफ नजर आता है। पार्क के भीतर औद्योगिक इकाइयों के लिए आरक्षित 188.15 एकड़ भूमि पर कुल 203 प्लॉट्स विकसित किए गए हैं, जिनमें से 101 प्लॉट्स का आवंटन पहले ही किया जा चुका है। यह योगी सरकार की नीति-स्थिरता और पारदर्शी सिंगल विंडो सिस्टम का परिणाम है कि 85 निवेशकों ने लीज प्लान जमा कर दिया है।

### लॉजिस्टिक्स और पर्यावरण का भी ध्यान रखा

यीडा इस पार्क को केवल फैक्ट्रियों के समूह के रूप में नहीं, बल्कि एक आधुनिक इंडस्ट्रियल क्लस्टर के रूप में विकसित कर रहा है। यहां उत्पादन के साथ-साथ लॉजिस्टिक्स और पर्यावरण का भी ध्यान रखा गया है।

### निवेश के लिए दोबारा खुले द्वार

जो निवेशक इस 'पावरहाउस' का हिस्सा बनना चाहते हैं, उनके लिए यीडा ने 12 जनवरी 2026 से नए आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। योजना के तहत कुल 22 नए प्लॉट प्रस्तावित हैं, जिनमें 1000 से लेकर 5940 वर्गमीटर तक के आकार उपलब्ध हैं। इच्छुक उद्यमी 11 फरवरी 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।

### आत्मनिर्भर भारत को मजबूती

विशेषज्ञों के अनुसार, यीडा की रणनीतिक लोकेशन और आगामी जेवर एयरपोर्ट के कारण यह पार्क अंतर्राष्ट्रीय पहचान हासिल करेगा।

# पेज एक का शेष

## 7 से 8 फरवरी ...

इब्राहिम के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक होगी। आपसी सहयोग से जुड़े हुए तमाम विषयों जैसे व्यापार-निवेश, रक्षा, सुरक्षा, समुद्री सहयोग, डिजिटल-फाइनेंशियल तकनीक, ऊर्जा, स्वास्थ्य, शिक्षा, संस्कृति, पर्यटन और आमजन के बीच संबंधों के मामले पर इसमें विचार-विमर्श किया जाएगा। वार्ता से आपसी लाभ से जुड़ी भावी गतिविधियों का मार्ग भी तैयार होगा। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि ईयू के साथ हुए एफटीए को पूरी दुनिया सभी व्यापार समझौतों की जननी कह रही है। जबकि अमेरिका के साथ हुए एफटीए से भी भारत को बड़े पैमाने पर फायदा होगा।

## दोनों देशों के ....

मजबूती प्रदान करता है। इनकी कुल संख्या 2.9 मिलियन है। दोनों देशों के संबंध बहुआयामी रूप से निरंतर विकसित हो रहे हैं। इसी के तहत भारतीय प्रधानमंत्री की यह क्वालालंपुर की यह यात्रा दोनों पक्षों को आपसी सहयोग की 360 डिग्री समीक्षा करने का सुअवसर प्रदान करती है।

## संसद में किताबी...

प्रधानमंत्री की ओर से संदेश आया कि जो उचित समझो, वो करो। राहुल गांधी ने तीखे तेवर अपनाते हुए यह भी कहा कि प्रधानमंत्री में आज लोकसभा आने की हिम्मत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि अगर प्रधानमंत्री सदन में आते हैं, तो वह खुद जाकर उन्हें यह किताब सौंपेंगे, ताकि वह इसे पढ़ सकें और देश को यह पता चल सके कि लद्दाख गतिरोध के दौरान वास्तव में क्या हुआ था। बाद में उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि जनरल नरवणे की किताब में साफ लिखा है कि जब चीनी सेना हमारी सीमा में घुस आई थी, ऐसी नाजुक घड़ी में सेना प्रमुख को इंतजार करवाया गया। जब निर्णय लेने का समय आया, तो प्रधानमंत्री ने राजनीतिक जिम्मेदारी से हाथ खड़े कर लिए। जनरल नरवणे ने खुद लिखा है कि उस समय उन्हें महसूस हुआ कि राजनीतिक नेतृत्व ने सेना को अकेला छोड़ दिया। राहुल गांधी ने कहा कि यही वह सच्चाई है, जिसे बोलने से उन्हें संसद में रोका जा रहा है। देश सवाल पूछ रहा है और सरकार जवाब देने से भाग रही है।

**निशिकांत दुबे से सदन कराया जाता है बाधितः प्रियंका** : वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जब मोदी सरकार चाहती है कि सदन को डिस्टर्ब करना है, तो वह निशिकांत दुबे को बोलने के लिए उठा देती है। जहां नेता विपक्ष राहुल गांधी जी को संसद में एक पब्लिश हो चुकी किताब के अंश नहीं बोलने दिए गए, वहीं निशिकांत दुबे छह किताबें लेकर बैठे हैं, सामने से दिखा रहे हैं और उनमें से बोल रहे हैं, लेकिन उनका माइक बंद नहीं किया जा रहा है। सदन में बार-बार नेहरू जी का नाम लिया जाता है। यह सनक है, जिससे देश का ध्यान भटकाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार दिखाना चाहती है कि संसद में सिर्फ उन्हीं की चलती है। यह स्पीकर के पद, संसद, लोकतंत्र और देश की जनता का निरादर है। नेता विपक्ष कोई एक व्यक्ति नहीं हैं- वे पूरे विपक्ष के प्रतिनिधि हैं। मतलब सरकार उन करोड़ों लोगों का मुंह बंद करना चाहती है, जिन्होंने विपक्ष के सांसदों को वोट दिया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि मोदी सरकार चाहती है कि लोगों को नरवणे जी की लिखी बातें पता न चलें। जब चीन की सेना हमारी सरहद पर थी, तो सत्ता में बैठे नेता यह निर्णय ही नहीं ले पा रहे थे कि अब क्या करना है। दो घंटे बाद सरकार यह कहती है कि आप खुद ही निर्णय ले लो, और भाजपा के यही लोग इंदिरा गांधी जी और इतिहास की बातें करते हैं।

## सिर्फ छपी हुई ...

बैठने के लिए कहा, लेकिन वे अपनी बात रखने पर अड़े रहे। इस दौरान विपक्षी सांसदों ने भी विरोध शुरू कर दिया। शोर-शराबा बढ़ने पर सदन की कार्यवाही रोकनी पड़ी निशिकांत दुबे ने मीडिया से बातचीत में कई किताबों के नाम गिनाए। इनमें नेहरू और गांधी परिवार से जुड़ी किताबें, इमरजेंसी पर लिखी किताबें और मित्रोखिन आर्काइव का जिक्र शामिल रहा। उन्होंने दावा किया कि इन पुस्तकों में कांग्रेस शासन, आपातकाल और कथित विदेशी प्रभाव से जुड़े गंभीर आरोप दर्ज हैं। उनका कहना था कि कई किताबों पर कांग्रेस सरकार के समय प्रतिबंध लगाया गया था और अब उन पर खुली चर्चा होनी चाहिए। भाजपा सांसद ने आगे कहा कि मेरा स्पीकर साहब से यह भी अनुरोध है कि आप जो छपी हुई किताब है। उसपर ही चर्चा करा लीजिए। संसद में चर्चा हो जाएगी तो गांधी नेहरू परिवार की जो मक्कारी है, वो सबके सामने आ जाएगी। 50 के दशक में चीन हमसे पीछे हुआ करता था। लेकिन वो कैसे आगे निकल गया। उसके पूरे इतिहास पर चर्चा होनी चाहिए। विवाद की शुरुआत तब हुई जब राहुल गांधी ने संसद में पूर्व सेना प्रमुख की एक अप्रकाशित किताब का हवाला दिया। इस पर सत्ता पक्ष ने आपत्ति जताई कि बिना प्रकाशित और बिना आधिकारिक अनुमति वाली सामग्री का जिक्र नियमों के खिलाफ है। इसके जवाब में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि वह सिर्फ छपी हुई किताबों और पहले से प्रतिबंधित पुस्तकों के कवर लेकर आए हैं, ताकि उन पर चर्चा हो सके। दुबे ने कहा कि बिना छपी किताब का हवाला देना गलत है, जबकि प्रकाशित किताबों पर चर्चा से कोई नहीं डरना चाहिए। उन्होंने स्पीकर से छपी किताबों पर चर्चा कराने की मांग भी की। कांग्रेस की ओर से सवाल उठाया गया कि अगर राहुल गांधी को किसी किताब का हवाला देने से रोका गया, तो भाजपा सांसद कैसे किताबों को कोट कर सकते हैं। प्रियंका गांधी ने इस पर आपत्ति जताते हुए समान नियम लागू करने की मांग की। इस पर निशिकांत दुबे ने जवाब दिया कि फर्क साफ है। राहुल गांधी ने अप्रकाशित किताब का जिक्र किया, जबकि उन्होंने सिर्फ प्रकाशित और दर्ज किताबों की बात रखी।

## राहुल गांधी ने सिख....

कि राहुल की यह टिप्पणी 'प्रत्येक सिख पर भद्दी टिप्पणी है' और साथ ही लोकसभा अध्यक्ष से विपक्ष के नेता के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग भी की। राहुल की इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि कांग्रेस नेता ने शिष्टता की सभी सीमाएं पार कर दी हैं। भाजपा नेता और दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि 'असली गद्दार' गांधी परिवार है जिसने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर को टैंकों और बंदूकों से अपवित्र किया तथा सिखों के गले में टायर डालकर उन्हें जिंदा जला दिया। सिख समुदाय से संबंध रखने वाले बिट्टू लुधियाना और आनंदपुर साहिब से तीन बार सांसद रहे हैं और फिलहाल केंद्रीय रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री हैं। वह 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच बुधवार को नोकझोंक देखने को मिली जब संसद परिसर में कांग्रेस नेता ने उन्हें 'गद्दार' कहकर संबोधित किया और उसके जवाब में बिट्टू ने 'देश का दुश्मन' कहा। यह घटना संसद के मकर द्वार के निकट उस वक्त घटी, जब वहां वर्तमान बजट सत्र की शेष अवधि से निलंबित किए गए आठ विपक्षी सांसद प्रदर्शन कर रहे थे। राहुल गांधी इनके साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए प्रदर्शन में शामिल थे। इसके बाद राहुल गांधी ने बिट्टू से हाथ मिलाने के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाया और कहा, "नमस्कार भाई, मेरे गद्दार दोस्त। चिंता मत करो, तुम वापस (कांग्रेस में) आओगे।" हालांकि भाजपा नेता ने हाथ नहीं मिलाया और सीधे संसद भवन के अंदर चले गए। बिट्टू ने बाद में राहुल गांधी को सोनिया गांधी का 'बिगड़ा हुआ बेटा' करार दिया। भाजपा नेता ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा,''उन्होंने यह बात कई अन्य सांसदों से क्यों नहीं कही, बल्कि केवल एक सिख से ही क्यों कही?'' बिट्टू ने एक वीडियो संदेश में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, ''वे (गांधी परिवार) खुद को सबसे बड़ा 'देशभक्त' मानते हैं क्योंकि उनके पिता (राजीव गांधी) ने अपना जीवन कुर्बान किया था। मैने पार्टी में यह लड़ाई लड़ी कि मेरे दादा, बेअंत सिंह गांधी परिवार द्वारा लगाई गई आग के कारण पंजाब में शहीद हुए।'' केंद्रीय मंत्री ने कहा,''उन्होंने सबसे पवित्र गुरुद्वारे, स्वर्ण मंदिर पर हमला किया और गुरु ग्रंथ साहिब पर गोलियां चलाईं। उन्होंने स्वर्ण मंदिर को ध्वस्त कर दिया और कई पंजाबियों को मार डाला। उनकी समस्या यह है कि शहीदों के नाम लेते समय मेरे दादाजी का नाम भी राजीव गांधी के साथ लिया गया।'' भाजपा नेता ने कहा,''मैं एक शहीद का पोता हूं और जब तक मैं कांग्रेस में था, सब ठीक था। लेकिन अब जब मैं भाजपा में हूं, तो ये मुझे ऐसे नामों से पुकार रहे हैं। ये खुद को क्या समझते हैं? ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करने के बाद, वह मेरी तरफ हाथ भी बढ़ा रहे हैं। ये खुद को शहंशाह समझते हैं और ऐसे दिखावा करते हैं कि जैसे देश के मालिक हैं।'' बिट्टू, पंजाब के दिवंगत मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते हैं, जिनकी 31 अगस्त, 1995 को चंडीगढ़ में पंजाब सचिवालय में हुए आत्मघाती बम विस्फोट में हत्या कर दी गई थी। हरदीप पुरी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की आलोचना करते हुए कहा, ''यह पूरी तरह संभव है कि वह बिट्टू जी के प्रति गहरी नाराजगी रखते हों क्योंकि उन्होंने दिशाहीन कांग्रेस की नीतियों के बजाय मोदी सरकार द्वारा समर्थित 'विकास' की नीतियों को चुना। लेकिन इससे किसी भी तरह से एक ऐसे स्वाभिमानी सिख के खिलाफ इस तरह के अपमानजनक कृत्य को उचित नहीं ठहराया जा सकता, जिसके दादा की हत्या आतंकवादियों ने कर दी थी।'' पुरी ने कहा," किसी को 'गद्दार मित्र' कहना, देशद्रोह का प्रतीक है। गांधी के भले ही कई मित्र देशद्रोही रहे हों, लेकिन बिट्टू उनमें से नहीं हैं। बिना किसी आधार के एक प्रतिष्ठित सिख को गद्दार कहना, पूरे सिख समुदाय का अपमान है।

## राष्ट्रपति के अभिभाषण...

सांसद अपराजिता सारंगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्र को संबोधित करना चाहते थे, लेकिन विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने उन्हें इससे वंचित कर दिया। इससे ज़्यादा दुख की बात और कुछ नहीं हो सकती। पूरा देश यह देख रहा है और इसकी निंदा कर रहा है। संसद परिसर में पत्रकारों से कांग्रेस नेता राजीव शुक्ला ने कहा कि ये अन्याय है कि राहुल गांधी को नरवणे जी द्वारा लिखी गई किताब को पढ़ने नहीं दिया जा रहा है। वहीं बीजेपी के दूसरे सांसद नेहरू जी, इंदिरा गांधी को अपशब्द बोल रहे हैं। किताबों के भरोसे उन्हें बोलने दिया जा रहा है ये तो अन्याय है. ये कौन-सी परंपरा है। बता दें कि बुधवार सुबह भारत-यूएस ट्रेड डील पर केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने सरकार का पक्ष रखना शुरू किया था, तो विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया था। पीयूष गोयल ने इस दौरान कहा कि भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील पर कहा कि इसमें किसानों के हितों को सुरक्षित रक्षा गया है।

## राजीव शुक्ला ने ...

हुए कहा, राज्य सरकार और केंद्र सरकार के आपसी समन्वय से नक्सली समस्या हल हो रही है। तत्कालीन बघेल सरकार का भी काफी सहयोग रहा, आप ये नहीं भूलें। उन्होंने कहा सभी सरकारों ने मिलजुलकर प्रयास किए तभी आज अनुकूल स्थिति बन रही है। राजीव शुक्ला ने कहा, नक्सली खत्म हो रहे हैं। नक्सलवाद भी खत्म हो इसके लिए ठोस पुनर्वास नीति होनी चाहिए। उन्होंने सलाह देते हुए राज्यसभा में कहा कि नक्सलियों के पुनर्वास नीति के तहत पहले 15 लाख की राशि दी जाती थी उसे बंद कर दिया गया है। जबकि वो एक जरूरी कदम है। राजीव शुक्ला के नक्सल इलाके में पुलिस स्टेशनों को बेहतर सुविधा से चाक चौबंद रखने का भी आग्रह किया। गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि नक्सलियों के ही पुनर्वास की नहीं उनके बच्चों, परिजनों का भी ख्याल रखने की व्यापक नीति चल रही है। चाहे नौकरी में आरक्षण हो,बच्चों का स्कूलों में दाखिला हो, सभी का ध्यान केंद्र सरकार कर रही है। नक्सलियों के कैडर के आधार पर आर्थिक मदद भी चालू है, उसे बंद नहीं किया गया है। राज्य सरकार के साथ मिलकर नक्सलियों के बेहतर पुनर्वास को आकार दिया जा रहा है। एनसीएपी की फौजिया खान के पूरक सवालों का जवाब देते हुए राज्यमंत्री ने बताया कि दंतेवाडा, सुकमा, नारायणपुर और बलरामपुर में नक्सलियों को नाथने के लिए बनाए गए बस्तरिया बटालियन में 1143 जवानों में से 250 महिलाएं हैं। जिन्हें प्रशिक्षित कर ऑपरेशन में लगाया गया है। उन्होंने बताया कि नक्सलियों के पुनर्वास के लिए 10, 556 करोड़ रुपए की लागत से कुल छह योजनाएं चल रही हैं। नक्सली बीहड़ में तेजी से सड़कों का निर्माण हो रहा है। विकास की मूलाधारा में स्थानीय आदिवासी शामिल हो इसके लिए अब तक 11 केंद्रीय विद्यालय, 15 नवोदय विद्यालय, 250 एकलव्य विद्यालय, 6 हजार 25 डाकघर, 1 हजार 804 बैंक और 1321 एटीएम की स्थापना की गई है। आंकड़ों के हवाले से तेजी से सामान्य हो रही स्थिति का चित्र खींचते हुए राज्यसभा में गृह राज्यमंत्री ने कहा, 2010 में जहां 1105 लोगों को नक्सलियों ने मारा था वहीं 2025 में नृशंस हत्या का रक्तरंजित दौर 100 पर आ गया है। उस समय 126 नक्सल प्रभावित जिले थे जो सिमट कर 8 पर पहुंच गए हैं। 2014 में 10 राज्यों में नक्सली फैले थे अब 3 राज्यों में समेट दिया गया है।

## सीएम युमनाम खेमचंद ...

को मंत्री बनाया गया है। गौर हो कि मणिपुर से राष्ट्रपति शासन हटाए जाने के कुछ घंटों बाद इंफाल के 'लोक भवन' में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। अशांत मणिपुर पिछले साल के फरवरी से राष्ट्रपति शासन में था। इस शपथ ग्रहण समारोह में कई भाजपा विधायक, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और टॉप एनडीए लीडरशिप शामिल हुई। दो डिप्टी के साथ अब युमनाम खेमचंद को मुख्यमंत्री बनाकर मणिपुर की कमान दे दी गई है।

## जज साहब, हमें ...

एसआईआर के मुद्दे पर न्याय नहीं मिल रहा है। कोई भी हमारे सवालों के जवाब देने को तैयार नहीं है। ममता बेनर्जी ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा-मुझे पांच मिनट दीजिए. इस पर सीजेआई कहते हैं कि हमें कोई दिक्कत नहीं है, हम 15 मिनट देंगे, लेकिन पहले हमारी बात सुनिए। सीजेआई ने ममता बेनर्जी से कहा कि हर समस्या का समाधान होता है। इस समस्या का भी हल निकालेंगे। ममता बेनर्जी ने कहा कि जज साहब, हमें इंसाफ नहीं मिल रहा। मैं सामान्य परिवार से हूं, लेकिन अपनी पार्टी के लिए लड़ रही हूं। 6 बार चुनाव आयोग को लिखा गया हो और एक जवाब तक न मिले, तो महससू होना स्वाभाविक है कि न्याय कहीं पिछले दरवाजे पर अटक गया है।

## 28 फरवरी को...

संवर्धन के लिए केंद्र सरकार के सहयोग के लिए आभार माना। केंद्रीय मंत्री यादव ने प्रदेश के प्रयासों की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

सीएम ने केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी से की मुलाकातः डॉ. यादव ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी से भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जोशी से मध्यप्रदेश में मनाए जा रहे किसान कल्याण वर्ष और गेहूं उपार्जन एवं भंडारण व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में गेहूं का उपार्जन सरलता से पर्याप्त भंडारण व्यवस्था के साथ होता है। जोशी ने मध्यप्रदेश को गेहूं उपार्जन में हरसंभव आवश्यक सहयोग देने का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि किसानों के हित में मप्र सरकार किसान कल्याण वर्ष मना रही है। इस वर्ष में हमारी सरकार किसानों को उनकी उपज का समुचित मूल्य दिलाने के लिए संकल्पित है। मध्यप्रदेश में गेहूं का उपार्जन एवं भंडारण की प्रक्रिया प्रारंभ होने जा रही है।

## दोनों विदेश मंत्रियों ...

एकजुटता के साथ व्यापार समझौते का स्वागत किया। साथ ही दोनों नेताओं की वार्ता में जटिल खनिजों की खोज और खनन जैसे क्षेत्रों में आपसी सहयोग को औपचारिक रूप प्रदान करने के मुद्दे पर भी विचार-विमर्श किया गया है। जबकि अमेरिका के वित्त मंत्री के साथ हुई दूसरी बैठक में जयशंकर और बेसेंट ने सबसे पहले अपनी मुलाकात को लेकर खुशी जताई और उसके बाद भारत-अमेरिका आर्थिक साझेदारी, रणनीतिक सहयोग की प्रगति पर उपयोगी चर्चा किए जाने का दावा किया। यह जानकारी जयशंकर ने अपनी कुछ एक्स पोस्ट के जरिए दी है।

**ऊर्जा सुरक्षा लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ेंगेः** अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रमुख उप-प्रवक्ता टोमी पिगोट ने कहा कि रुबियो और जयशंकर ने बैठक में राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बीच हुए व्यापार समझौते का स्वागत किया है। साथ ही दोनों ने हमारे देशों के लोकतंत्रों के एक साथ काम करने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इसके जरिए ही हम नए आर्थिक अवसरों और हमारे साझा ऊर्जा सुरक्षा लक्ष्यों को और अधिक आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि रुबियो और जयशंकर के बीच जटिल खनिजों की खोज, खनन और प्रसंस्करण को लेकर द्विपक्षीय सहयोग को औपचारिक रूप से अमलीजामा पहनाने के मामले पर भी विचार-विमर्श किया गया।

**क्वाड-हिंद प्रशांत के जरिए बढ़ेगा सहयोगः** दोनों विदेश मंत्रियों ने अपनी बातचीत में द्विपक्षीय और बहुआयामी सहयोग को चतुष्कोणीय देशों के समूह क्वाड (अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया) के माध्यम से भविष्य में और अधिक विस्तार देने की प्रतिबद्धता के साथ समाप्त किया। इसके अलावा उन्होंने साझा हितों के तहत एक समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण बताया। अमेरिकी विदेश मंत्री ने अपनी एक्स पोस्ट में कहा कि भारत के विदेश मंत्री जयशंकर के साथ मुलाकात हुई है। जिसमें हमने दोनों देशों के बीच जटिल खनिजों के विषय पर द्विपक्षीय सहयोग और एकजुटता से कार्य करते हुए नए आर्थिक अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कहा कि हमने बातचीत में ट्रेड डील की प्रशंसा भी की है।

**ट्रंप ने की थी ट्रेड डील की घोषणाः** बताते चलें कि भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील की घोषणा सबसे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते सोमवार को अपने ट्रुथ सोशल अकाउंट पर एक पोस्ट के जरिए की थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका भारत के साथ व्यापार समझौते के लिए तैयार है। जिसमें वाशिंगटन द्वारा नई दिल्ली पर रूस से तेल खरीद को लेकर लगाए गए 25 फीसदी दंडात्मक टैरिफ को घटाकर 18 फीसदी करने का निर्णय भी शामिल है। वहीं, स्टेट डिपार्टमेंट ने जटिल खनिजों पर होने वाली उक्त बैठक को लेकर कहा कि वह इस दौरान प्रतिनिधिमंडलों का स्वागत करेगा। जिससे विविधतापूर्ण जटिल खनिजों पर आधारित सप्लाई चेन को और अधिक मजबूती प्रदान करने से जुड़े सामूहिक प्रयासों को बल मिलेगा। यह ऐतिहासिक विचार-विमर्श इन जटिल तत्वों पर सहयोग को गति प्रदान करने में सहायक होगा।

## अमेरिका यात्रा का....

शीर्ष नेताओं की यह मुलाकात हुई है। वहीं, जटिल खनिजों पर होने वाली मंत्रिस्तरीय बैठक में अमेरिका के उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश मंत्री मार्को रुबियो, राष्ट्रपति के विशेष सहायक और वैश्विक सप्लाई चेन के वरिष्ठ निदेशक डेविड कॉप्ले तथा आर्थिक मामलों के अवर सचिव जैकब हेलबर्ग भी उद्घाटन भाषण देंगे।

## रणनीतिक साझेदारी पर...

की गई है। हमारे बीच साझा हितों को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न तंत्रों की प्रारंभिक बैठकों पर भी सहमति बनी है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहित, पुत्रः सुशील कुमार, पताः ए–176बी, गली नं. 5, जगतपुरी, दिल्ली, 2) ए–18, स्ट्रीट नं. 2, जगतपुरी, अशोक नगर, दिल्ली** ने **FIR No. 451/19, U/s 392/411/34 IPC, पुलिस थाना फर्श बाजार, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोहित** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहित** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 451/19, U/s 392/411/34 IPC, पुलिस थाना फर्श बाजार, दिल्ली** के अभियुक्त **मोहित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – श्री अखिल मलिक**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–02**
**शाहदरा जिला, कमरा नं. 38, ग्राउंड फ्लोर**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/1495/SHD/2026**



## पेगासस लैंड एंड हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड

सामान्य जन से अफोर्डेबल आवास परियोजना "ROF अतुल्यस" में विकसित की जा रही आवासीय अपार्टमेंट्स की बुकिंग हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। यह परियोजना पेगासस लैंड एंड हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित की जा रही है। ये वे आवासीय इकाइयाँ हैं जो पूर्व आवेदकों द्वारा सरेंडर की गई हैं अथवा जिनका आवंटन भुगतान न होने या किसी अन्य कारण से, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, हरियाणा सरकार द्वारा अधिसूचना संख्या PF–27/48921 दिनांक 19.08.2013 तथा समय–समय पर संशोधित नीति के नियमों एवं शर्तों के अंतर्गत डेवलपर द्वारा रद्द किया गया है (विवरण विभाग की वेबसाइट **tcpharyana.gov.in** पर उपलब्ध है)

**परियोजना का विवरण**

| | |
|---|---|
| 1. कॉलोनाइजर/डेवलपर | पेगासस लैंड एंड हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड, बिल्डिंग नंबर–80, सेक्टर–44, द्वितीय तल, गुरुग्राम, हरियाणा–122003 |
| 2. परियोजना अनुमोदन | लाइसेंस संख्या / वर्षः 19/2020, दिनांकः 01–08–2020<br>भवन योजना स्वीकृति संख्याः ZP-1429/SD (DK)/2021/611, दिनांकः 12–01–2021<br>रेरा संख्याः 05/2021, दिनांकः 29–01–2021 |
| 3. स्थान | गाँव हयातपुर, सेक्टर–93, गुरुग्राम |
| 4. परियोजना क्षेत्रफल प्रावधान | 5.03403 एकड, जिसमें कुल 726 आवासीय इकाइयों सम्मिलित हैं। वर्तमान में 3 आवासीय अपार्टमेंट्स हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।<br>**सामुदायिक सुविधाएँः** एक सामुदायिक भवन – 2000 वर्ग फुट और एक आंगनवाडी–सह–क्रेच 2000 वर्ग फुट |

5. अपार्टमेंट विवरण, आवंटन दरें एवं भुगतान शर्तेः कार्पेट एरिया पर मूल विक्रय मूल्य ₹5,000/– प्रति वर्ग फुट करों को छोड़कर, (अतिरिक्त बालकनी लागत / ₹1,200/–प्रति वर्ग फुट करों को छोडकर)

| अपार्टमेंट विवरण | | | | अपार्टमेंट का आवंटन दर (कर के अतिरिक्त) | आवेदन के साथ बुकिंग राशि 5% | आवटन पर देय (95%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| श्रेणी (प्रकार) | कार्पेट एरिया वर्ग फुट (लगभग) @ 5000 प्रति वर्ग फुट | बालकनी / टेरेस एरिया वर्ग फुट (लगभग) @ 1200 प्रति वर्ग फुट | यूनिट की संख्या | | | |
| 2 BHK + एस. रूम टाइप–2 | 641.426 | 123.24 | 1 | 3327130 | 166356 | 3160774 |
| 2 BHK टाइप–2 | 468.556 | 155.00 | 1 | 2462780 | 123139 | 2339641 |
| 2 BHK टाइप–2 | 502.571 | 171.57 | 1 | 2632855 | 131642 | 2501212 |
| | | | 3 | | | |

निर्धारित भुगतान तिथि से पूर्व किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। भुगतान में किसी भी प्रकार की चूक होने पर हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण नियम, 2017 के नियम 15 के अनुसार दंडात्मक ब्याज देय होगा।

| | |
|---|---|
| 6. पार्किंग | प्रत्येक अपार्टमेंट के साथ दोपहिया वाहन पार्किंग उपलब्ध होगी। |
| 7. अपार्टमेंट के विस्तृत निर्देश | **फ्लोरिंगः** लिविंग / डाइनिंग, बेडरूम, किचन, टॉयलेट एवं बालकनी विट्रिफाइड एवं एंटी–रिकड सिरेमिक टाइल्स। **दीवारों की फिनिशः** प्लास्टर के ऊपर **OBD**, **रसोईः** मार्बल / ग्रेनाइट काउंटर के ऊपर 2 फीट तक टाइल्स, शेष भाग में OBD/ कलर वॉश, सिरेमिक टाइल्स, स्लैब प्लेटफॉर्म, सिंगल बाउल स्टेनलेस स्टील सिंक। **दरवाजेः** पेंटेड वुड/एम.एस./ फाइबर डोर फ्रेम, फ्लश / स्किन/फाइबर डोर। **खिड़कियाँः** एम.एस. पाउडर कोटेड/एनोडाइज्ड फ्रेम। **बाथरूमः** दीवारों पर 5 फीट ऊँचाई तक सिरेमिक टाइल्स, WC, वॉश बेसिन एवं C-P फिटिंग्स। **इलेक्ट्रिकलः** ISI मार्क वायरिंग, स्विच एवं सॉकेट। **कॉमन एरिया फ्लोरिंगः** कोटा स्टोन / पेवर्स। **सुरक्षाः** गेटेड परिसर |
| 8. आवेदन समय–सीमा | ऑनलाइन आवेदन **https://edraw.tcpharyana.gov.in/tcp-dms/home** पर पंजीकरण द्वारा 29 जनवरी 2026 से प्रारंभ होंगे।<br>**आवेदन की अंतिम तिथिः 19 फरवरी 2026** |

**पात्रता**

1. आवेदक किसी भी प्रचलित कानून के अंतर्गत वैधानिक अनुबंध करने से वंचित न हो।
2. कोई भी व्यक्ति आवेदन कर सकता है, तथापि, प्रधानमंत्री आवास योजना हाउसिंग फॉर ऑल के अंतर्गत शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा द्वारा चिन्हित PMAY लाभार्थियों (जिसमें पति/पत्नी या आश्रित बच्चे शामिल है) को आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। प्रथम प्राथमिकता संबंधित नगर के चिन्हित PMAY लाभार्थियों को दी जायेगी। इसके पश्चात हरियाणा राज्य के अन्य PMAY लाभार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। शेष फ्लैट्स के लिए उन व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जाएगी जिनके पास स्वयं या उनके पति/पत्नी या आश्रित बच्चों के नाम हरियाणा के किसी भी शहरी क्षेत्र, चंडीगढ़ यूटी अथवा एनसीटी दिल्ली में किसी भी HUDA विकसित कॉलोनी / सेक्टर या किसी लाइसेंस प्राप्त कॉलोनी में कोई फ्लैट / प्लॉट नहीं है।
3. कोई भी आवेदक केवल एक ही आवेदन कर सकता है। इस नीति के अंतर्गत सफल आवेदक किसी अन्य कॉलोनी में इस नीति के अंतर्गत किसी अन्य फ्लैट के लिए पात्र नहीं होगा। यदि कोई आवेदक एक से अधिक कॉलोनियों में सफल होता है, तो उसे केवल एक फ्लैट रखने का विकल्प होगा

**आवंटन के मापदंड**

1. अपार्टमेंट का आवंटन ऑनलाइन ड्रॉ के माध्यम से उपायुक्त या उनके प्रतिनिधि (कम से कम हरियाणा प्रशासनिक सेवा के कैडर), वरिष्ठ टाउन प्लानर (सर्किल कार्यालय), संबंधित जिले के डीटीपी और संबंधित कॉलोनाइजर के प्रतिनिधि की एक समिति की उपस्थिति में किया जायेगा।
2. ऑनलाइन ड्रॉ की तारीख तय होने के बाद डेवलपर आवेदकों को सूचित करने के लिए उन्हीं समाचार पत्रों में एक विज्ञापन जारी करेगा जिसमें परियोजना का मूल विज्ञापन जारी किया था, जिसमें ऑनलाइन ड्रॉ की तारीख / समय और स्थान का विवरण होगा।
3. जांच और आवंटन के लिए अपनाये जाने वाले विस्तृत मापदंड और समय सीमा के लिए, आवेदक दिनांक 19.08.2013 को जारी अधिसूचना सं. पीएफ 27/48921 के माध्यम से अधिसूचना की गई अफोर्डेबल आवास नीति 2013 के विवरण का भी उल्लेख कर सकता है। (विभाग की वेबसाइट अर्थात **www.tcpharyana.gov.in** पर उपलब्ध)

**अस्वीकरण**

रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम 2016 और इसके तहत बनाए गए नियमों ने रियल एस्टेट सेक्टर में बड़े बदलाव लाए हैं। प्रमोटर/डेवलपर RERA के तहत बताए गए प्रावधानों का पालन करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रमोटर/डेवलपर हर आवेदक से अनुरोध करता है कि वह उस साइट का इंस्पेक्शन करे जहाँ प्रोजेक्ट बनने वाला है और सिर्फ़ किसी आर्किटेक्चरल इंप्रेशन, प्लान या सेल्स ब्रोशर पर भरोसा न करे या उनसे प्रभावित न हो, और इसलिए बुकिंग के लिए एप्लीकेशन जमा करने से पहले खुद फैसला लेने का अनुरोध किया जाता है। यहां दिखाई गई तस्वीरें सिर्फ़ डिज़ाइन दिखाने और उदाहरण के लिए हैं, असल डिज़ाइन फिट और फिनिश में ऊपर दिखाए गए डिज़ाइन से अलग हो सकता है, प्रोजेक्ट की डिटेल्स/स्पेसिफिकेशन हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी के कार्यालय में भी देखी जा सकती हैं; वेबसाइट **http://harera.in/Rates** ऊपर बताई गई कीमतों में GST और लागू होने वाले दूसरे कानूनी चार्ज शामिल नहीं हैं,

*नियम और शर्तें लागू– 1 वर्ग मीटर = 10.7639 वर्ग फुट

**नोटः पूर्व में किसी भी परियोजना की ड्रॉ प्रक्रिया में सफल रहे एवं बाद में सरेंडर / वापसी करने वाले आवेदकों को, इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 02 सप्ताह के भीतर वर्तमान परियोजना में आवेदन करने से पूर्व STP कार्यालय, गुरुग्राम में अपनी स्थिति अद्यतन करानी होगी।**

स्थानः गुरुग्राम (हरियाणा) — संपर्क नंबरः +91–124–4399399

# जब सताए साइटिका का दर्द

कमर के निचले हिस्से से पैरों तक जाने वाली नस जब दबने लगती है तो साइटिका का असहनीय दर्द होता है। इस समस्या से बचने और इसके उपचार के बारे में कई कारगर उपाय आयुर्वेद में बताए गए हैं।

आयुर्वेद

**डॉ. संजना शर्मा**
आयुर्वेदिक विशेषज्ञ, दिल्ली



साइटिका ऐसी समस्या है, जो व्यक्ति की रोजमर्रा की गतिविधियों को भी प्रभावित करता है। व्यक्ति को कमर के निचले हिस्से से नीचे पैरों तक असहनीय दर्द रहता है। बैठने पर पैरों में सुन्नपन आने लगता है। लेटने पर दर्द ज्यादा महसूस होता है। लेकिन जब व्यक्ति चलता है, तो शरीर गर्म होने लगता है और धीरे-धीरे साइटिका का दर्द कम होने लगता है।

**रोग का कारण:** हमारी रीढ़ की हड्डी कई छोटी-छोटी कशेरूकाओं से बनी होती है। कमर के हिस्से में एल-4, एल-5, एस-1, एस-2, एस-3 कशेरूकाएं होती हैं। इनके बीच एक नरम डिस्क होती है, जो झटकों से बचाने का काम करती है। साथ ही इनके बीच से बहुत पतली नसें निकलती हैं, जो आगे जाकर आपस में मिल जाती हैं और साइटिका नर्व बनाती हैं। यह नर्व हमारे कूल्हों से शुरू होकर दोनों पैरों में नीचे तक जाती है। आयुर्वेद में साइटिका को गृध्रसी रोग कहा जाता है और इसे वातजन्य रोगों की श्रेणी में रखा गया है। यह समस्या मुख्य रूप से बढ़े हुए वात दोष और दूषित कफ दोष के कारण उत्पन्न होती है। शरीर में वात दोष बढ़ने के कारण रीढ़ की नसें कमजोर होने लगती हैं, उनमें ऐंठन या दवाब बढ़ जाता है और गृध्रसी रोग उत्पन्न होता है। शरीर में बढ़ा हुआ वात डिस्क के अंदर मौजूद छल्लों के बीच के फ्लूड को सुखा देता है। यह फ्लूड लगभग 80 प्रतिशत पानी और 20 प्रतिशत प्रोटीन, कैल्शियम से बना होता है। फ्लूड सूखने के कारण छल्ले आपस में टकराने लगते हैं। उनके बीच की जगह खत्म हो जाती है और किसी न किसी नस पर दबाव पड़ने लगता है। जब नस दबती है, तो पूरे पैर में दर्द शुरू हो जाता है।



**इन्हें है अधिक रिस्क:** जिन लोगों के शरीर में वात यानी वायु अधिक बनती है या जिनकी नसें और मांसपेशियां कमजोर होती हैं, उन्हें साइटिका और कमर दर्द की समस्या ज्यादा होती है। इसके अलावा कुछ और कारण भी जिम्मेदार हैं।

- बहुत ज्यादा एक्सरसाइज करना या फिर शारीरिक गतिविधियां बिल्कुल न करना।
- बहुत देर तक खड़े रहना या लंबे समय तक एक ही जगह बैठे रहना।
- भारी वजन उठाने या गिरने की वजह से डिस्क का खिसकना या फिर डिस्क का अपनी सीध से बाहर निकल जाना।
- डिस्क दबने से कशेरूकाओं के बीच का गैप कम हो जाना या ज्यादा बढ़ जाना।
- वात बढ़ाने वाले आहार (जैसे-बींस, अंकुरित अनाज, डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ, सूखा और ठंडा भोजन या फिर कड़वे और कसैले रस वाले पदार्थ) का सेवन अधिक करना।

**क्या है उपचार:** सबसे जरूरी है शरीर से अतिरिक्त वात को बाहर निकालना। आयुर्वेद में इसके समाधान के कुछ उपाय बताए गए हैं-

- रोजाना एक चम्मच मेथी के दाने (रात में भिगोए या लड्डू बनाकर) का सेवन करें। मेथी दाने वात दोष को संतुलित करने में मदद करते हैं, नसों को मजबूती देते हैं और कमर दर्द, साइटिका और जोड़ों के दर्द में धीरे-धीरे आराम पहुंचाते हैं।
- कुचले लहसुन की कलियों को दूध में उबालें और गुनगुना होने पर थोड़ा शहद मिलाकर पिएं। रोज रात सोने से 1 घंटा पहले कम से कम 20 दिन तक पिएं। लहसुन में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो साइटिका नर्व की सूजन को कम करते हैं।
- लिक्विड शिलाजीत की 3-4 बूंदें दूध में मिलाकर 15 दिन तक पिएं। शिलाजीत हड्डियों और नसों को मजबूत करता है।
- सुबह खाली पेट एक गिलास गुनगुने पानी में आधा चम्मच घर की पिसी हल्दी मिलाकर धीरे-धीरे छोटे-छोटे घूंट लेकर पिएं।
- बड़ी इलायची, दालचीनी, लौंग, गुड़ से बना काढ़ा वात और कफ दोष को संतुलित करता है। हड्डियों को मजबूत करता है और नसों को खोलता है। खाली पेट सेवन करना फायदेमंद है।
- भीगी-दरदरी पिसी उड़द दाल को भून लें। कद्दूकस किया हुआ सूखा नारियल, इलायची पावडर, पिसा गुड़ मिलाकर लड्डू बनाएं। खाली पेट या दिन में 1-2 लड्डू खाएं। उड़द की दाल नसों और मांसपेशियों को मजबूती प्रदान करने में मददगार है। सूखा नारियल हड्डियों और जोड़ों के लिए बेहद लाभकारी है।
- भुने-दरदरा पिसे तिल और कद्दूकस किए गुड़ में थोड़ा-सा पकाकर बने लड्डू वात संतुलन के लिए बहुत ही लाभकारी हैं।
- हल्दी को सुखाकर पीस लें। 1 चम्मच हल्दी पावडर और 1 चम्मच तिल का तेल मिलाकर पेस्ट बनाएं और दर्द वाली जगह पर हल्के हाथ से दिन में दो बार मालिश करें। हल्दी नसों की मरम्मत में मदद करती है।

**रखें ध्यान:** साइटिका के दर्द से बचने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना फायदेमंद है। जैसे-रोज व्यायाम करें। सही पॉश्चर में बैठें। एक जगह देर तक न बैठें या खड़े न रहें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। यथासंभव वातवर्धक खाद्य पदार्थों के सेवन से परहेज करें जैसे- दही, फूलगोभी, भिंडी, ठंडी, तली-भुनी और मसालेदार चीजें, खट्टी चीजें। *

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**

# ऐसे बनाएं बदलते मौसम का हेल्थ-फिटनेस शेड्यूल

हालांकि कई स्थानों पर अभी सर्दी पड़ रही है। लेकिन जल्द ही आने वाले दिनों के मौसम में बदलाव होने लगेगा। बदलते हुए मौसम वाले इस महीने के लिए आपको अपना हेल्थ और फिटनेस रूटीन रीस्टार्ट करने की जरूरत होती है। ऐसा करना क्यों जरूरी है और इसे शेड्यूल करते समय किन बातों का ध्यान रखें, यहां डिटेल में बता रहे हैं।

हेल्थ सजेशन

**रेखा देशराज**







साल का दूसरा अंग्रेजी महीना फरवरी केवल कैलेंडर का एक पन्ना नहीं होता बल्कि जीवनशैली को रीसेट करने का मौका भी होता है। दरअसल, इस महीने में देश के ज्यादातर हिस्से में मौसम सर्वाधिक अनुकूल होता है। न बहुत सर्दी होती है और न बहुत गर्मी होती है, सिवाय हिमालयन रेंज के प्रदेशों को छोड़कर। इसलिए यह महीना फिटनेस की आदतें बनाने और उन्हें मजबूत करने का महीना भी माना जाता है। अगर आने वाले एक माह को सही ढंग से प्लान किया जाए, तो पूरे साल सेहत की नींव मजबूत रह सकती है। इसलिए, आइए जानें कि इस महीने में किस तरह अपनी हेल्थ-फिटनेस रूटीन को रीस्टार्ट करके सही डायरेक्शन में लाना चाहिए।

### तय करें फिटनेस टार्गेट

सबसे पहले तो यह तय कर लें कि आने वाले दिनों में फिटनेस के लिए क्या जरूरी लक्ष्य रखें, ताकि हेल्थ संबंधी अधिकतम फायदा उठाया जा सके। फिटनेस के मुख्य लक्ष्य कुछ इस प्रकार हो सकते हैं-

- शरीर की जकड़न को खत्म करना।
- स्टेमिना बढ़ाना और बरकरार रखना।
- सर्दियों में बढ़े वजन को नियंत्रित करना।
- इम्यूनिटी मजबूत करना।
- गर्मी के लिए शरीर को तैयार करना।

### इसलिए रीस्टार्ट करना है लाभकारी

बदलते हुए मौसम के दिनों में अपने हेल्थ-फिटनेस को रीस्टार्ट करना इसलिए जरूरी है क्योंकि सर्दियों में शरीर सुस्त हो जाता है। खान-पान भारी रहता है और गतिविधियां कम या बिल्कुल कम रहती हैं। लेकिन मिड फरवरी से शरीर उस सुस्ती से बाहर निकलने लगता है। धूप में हल्की गमाहट आ जाती है। सुबह जल्दी रोशनी दिखती है और दिन में अधिक वर्कआउट करने पर तो पसीना भी आने लगता है। ऐसे में एक्सरसाइज शुरू करना तुलनात्मक रूप से न सिर्फ आसान बल्कि ज्यादा फायदेमंद भी होता है। लेकिन यह ध्यान रखें कि इस महीने में एकदम से एक्सरसाइज का टफ रूटीन न अपनाएं। बजाय इसके इस महीने में धीरे-धीरे फिर से एक्सरसाइज की आदत डालें और जैसे-जैसे दिन बीतें उसे तेज करते चलें। ऐसा करने से यह महीना, साल का शानदार फिटनेस मंथ बनकर उभरता है। दरअसल फरवरी का महत्व इसलिए है कि इसमें शुरुआत करना आसान और एक्सरसाइज में सुधार के साथ निरंतरता कायम करना बेहतर रहता है। लेकिन रीस्टार्ट के समय कभी बहुत ज्यादा समय तक जिम न करें। इससे फायदे की जगह नुकसान हो सकता है। इस महीने में एक्सरसाइज के छोटे-छोटे लक्ष्य तय करें और कोशिश करें कि उनमें निरंतरता रहे। अगर हर दिन 30 मिनट भी दिए जाएं तो बहुत उपयोगी रहेगा।

### एक्सरसाइज रूटीन हो ऐसा

इस मंथ के लिए आप अपना एक्सरसाइज रूटीन कुछ इस तरह का बना सकते हैं-

- मॉर्निंग वॉक करें, जिसमें हल्की जॉगिंग भी शामिल हो। इसके लिए 30-40 मिनट तक तेज-तेज चलें और सप्ताह में तीन दिन पांच से लेकर दस मिनट तक इस वॉकिंग में तेज जॉगिंग को भी जोड़ें।
- इस मौसम में एक्सरसाइज के लिए सबसे आदर्श जगह खुले पार्क, छत या धूप वाली कोई बेहतर जगह होती है। इससे हार्ट हेल्थ बेहतर होता है। फैट बर्न होता है और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग के लिए भी शरीर तैयार होता है। एक हफ्ते की मॉर्निंग वॉक और जॉगिंग के बाद अगले हफ्ते तीन दिन स्ट्रेंथ ट्रेनिंग भी करनी चाहिए।
- घर पर किए जाने वाले बेसिक अभ्यास में 15-15 स्क्वेट तीन बार। 10-10 पुशअप्स, तीन बार। प्लेंक, 30-30 सेकेंड तीन बार। इस स्ट्रेंथ ट्रेनिंग से मसल्स मजबूत होती हैं। अगर इस ट्रेनिंग के साथ-साथ इसमें योग और स्ट्रेचिंग को भी मिला लें, हर दिन सिर्फ 20 मिनट तो समझिए और भी फायदेमंद होगा। योग और स्ट्रेचिंग के लिए हर दिन सूर्य नमस्कार 8 से 12 राउंड के अलावा भुजंगासन, ताड़ासन, वज्रासन, पवनमुक्त आसन, फायदेमंद होते हैं। इनसे शरीर का लचीलापन बढ़ता है और जोड़ों की अकड़न खत्म होती है।
- ब्रीदिंग एक्सरसाइज करना न भूलें। इसके लिए 10 मिनट अनुलोम-विलोम करें और 5 मिनट कपालभाती करें। इससे फेफड़े मजबूत होते हैं और इम्यूनिटी बेहतर होती है।

### सीजन के अनुसार डाइट प्लान

हेल्दी-फिट रहने के लिए केवल एक्सरसाइज करना पर्याप्त नहीं होता है। इसके लिए न्यूट्रीशस डाइट प्लान फॉलो करना भी जरूरी होता है। इसके लिए फरवरी के महीने में शरीर को हैवी से लाइट डाइट की तरफ शिफ्ट करना चाहिए। इन दिनों के लिए डाइट प्लान कुछ इस तरह से बनाएं-

- मौसमी सब्जियां जैसे गाजर, चुकंदर, पत्तागोभी और पालक को अपनी नियमित डाइट में शामिल करें।
- फलों में संतरा, अमरूद और पपीता का सेवन करना बहुत लाभकारी है।
- इस महीने में प्रोटीन के लिए दाल, दही, पनीर को जरूर शामिल करें। अगर नॉनवेज खाते हैं तो अंडा भी खा सकते हैं।
- इस बदलते मौसम में शरीर के लिए साबुत अनाज खाना भी फायदेमंद होता है। खासकर ओट्स, ब्राउन राइस और बाजरा जरूर खाना चाहिए।
- अच्छी डाइट के साथ यह जानना भी जरूरी है कि इन दिनों क्या चीजें न खाएं या कम खाएं? तली-भुनी चीजें, ज्यादा मीठा, पैकेज्ड स्नैक्स और देर रात खाने से बचना चाहिए।

याद रखें, सीजन के अनुसार डाइट में सुधार करना, फिटनेस रीस्टार्ट का सबसे कारगर स्टेप होता है।

### इस माह वजन कैसे घटाएं



**सर्दियों के** मौसम में अधिक भोजन करने और वर्कआउट में कमी से अकसर लोगों का वजन बढ़ जाता है। फरवरी में आमतौर पर इसे कम करने की प्रक्रिया शुरू होती है। क्योंकि फरवरी के लास्ट में बदन से पसीना निकालना आसान होता है, फरवरी में दिसंबर और जनवरी महीनों के मुकाबले मूवमेंट करना सहजता से संभव होता है। लेकिन ये सब फायदे तभी मिल सकते हैं, जब आप भूख नियंत्रित करें और खाने के तीन जरूरी नियमों का पालन करें। मसलन, रात का खाना शाम 6 से 7 बजे तक हर हाल में खा लें। रोज कम से कम 8 से 10 हजार कदम चलें। मीठे पेय जितना संभव हो बंद कर दें और शरीर के साथ-साथ मानसिक फिटनेस के लिए हर दिन पांच मिनट ध्यान जरूर लगाएं। साथ ही सुबह के समय धूप का सेवन करें और अपने स्क्रीन टाइम को घटाएं।

### आसान है हेल्थ मेंटेन करना

वैज्ञानिक दृष्टि से फरवरी माह के बदलते मौसम में आप अपनी फिटनेस दुरुस्त कर सकते हैं। क्योंकि इस माह के मिड से लास्ट आते-आते देश के ज्यादातर हिस्सों में आमतौर पर तापमान 15 से 25 डिग्री के बीच रहने लगता है, जो शारीरिक गतिविधियों के लिए आदर्श तापमान होता है। कई रिसर्च बताती हैं कि मध्यम तापमान में व्यायाम करने से हार्ट रेट स्थिर रहता है और चोट का जोखिम भी कम होता है। इसलिए सर्दियों के मुकाबले गुलाबी सर्दी वाले इस महीने में हेल्थ और फिटनेस को मेंटेन रखना आसान होता है। *

# हेल्थ के लिए अधिक लाभकारी पेड़ पर लगने वाली सब्जियां

डाइट

**राजकुमार 'दिनकर'**



हालांकि सभी सब्जियों और फलों में अलग-अलग स्वास्थ्यवर्धक गुण होते हैं। लेकिन वनस्पति वैज्ञानिकों के अनुसार पेड़ पर लगने वाली सब्जियां चूंकि कम पानी, ज्यादा धूप और गहरी जड़ों से खूब सारे खनिज खींचने की क्षमता रखती हैं, इसलिए इन सब्जियों में खनिज तत्व, एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइबर की मात्रा, जमीन के भीतर या उसकी सतह पर लगने वाली सब्जियों से काफी ज्यादा होती है। ऐसी ही कुछ सब्जियों के बारे में जानिए।

**सहजन:** सहजन या मोरिंगा, जिसकी फलियां पेड़ पर लगती हैं, में विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन बी6, कैल्शियम, पोटेशियम की काफी ज्यादा मात्रा पाई जाती है। सहजन की पत्तियों को सुपरफूड माना जाता है, क्योंकि इससे ब्लड शुगर कंट्रोल होती है। शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। थायरॉइड और एनीमिया में फायदा होता है।

**कटहल:** कटहल को प्लांट बेस्ड मीट भी कहते हैं। इसमें प्रोटीन, पोटेशियम और फाइबर की भरपूर मात्रा होती है। कच्चा कटहल पाचन के लिए अच्छा होता है, क्योंकि इसमें शुगर बहुत कम होती है, जबकि इसका बीज आयरन से भरपूर होता है। एनीमिया से ग्रस्त लोगों के लिए यह बीज बहुत फायदेमंद होता है। कटहल में पेट भरा रखने वाला फाइबर भी काफी मात्रा में होता है, जिससे हमारा वजन नियंत्रित रहता है।

**केले का फूल:** बनाना ब्लॉसम यानी केले के फूल को सबसे अच्छा हार्मोनल बैलेंसर माना जाता है। यह महिलाओं के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होता है। इसमें आयरन, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं। इसके सेवन से डायबिटीज, पाचन और पीसीओडी को नियंत्रण में रखने में मदद मिलती है।

**कंदाल:** कंदाल यानी ब्रेड फ्रूट, ऊर्जा और फाइबर का भंडार होती है। इसमें उच्च स्तर का स्टार्च होता है, जो तुरंत ऊर्जा देता है। इसमें अच्छी क्वालिटी का फाइबर मिलता है, जिससे कोलन की सफाई होती है। यह ग्लूटेन फ्री होता है। *

# बदलते मौसम के रोगों से बचाएंगे ये योगासन

इन दिनों मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। किसी समय तेज ठंडी तो किसी समय तापमान सामान्य हो जाता है। ऐसे में बीमार होने से बचने के लिए आप कुछ योगासनों का रोज अभ्यास कर सकते हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानिए।

योगोपचार

**संध्या रानी**

हालांकि कुछ राज्यों में सर्दी का प्रकोप बना हुआ है लेकिन कई स्थानों पर मौसम बदलने लगा है। ठिठुरन कम होने लगी है। ऐसे में लापरवाही बरतना आपको बीमार कर सकता है। इसलिए शरीर को गर्म रखना जरूरी है। इसके लिए योग से बेहतर कोई दूसरा सरल कारगर माध्यम नहीं है। कुछ आसन आपके दिमाग के साथ-साथ शरीर को भी पूरे दिन फ्रेश और गर्म रख सकते हैं। हालांकि इस मौसम में आलस और थकान भी बनी रहती है। इसलिए बदलते मौसम के साथ अपने खान-पान पर भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। जो शरीर को गर्म रखने में सहायक हो। शरीर को गर्म रखने के लिए अपनी दिनचर्या में कुछ योगासन को शामिल करके अपने शरीर को गर्म रख सकते हैं और ठंड से भी राहत पा सकते हैं। इतना ही नहीं यह शरीर को लचीला बनाने के साथ सक्रिय भी बनाता है। यहां कुछ योगासन बताए जा रहे हैं, जिनको करने से आप स्वस्थ ही नहीं, बल्कि ठंड से भी राहत पा सकते हैं।





**सूर्य नमस्कार:** सूर्य नमस्कार कई आसनों का एक साथ लाभ देता है। इसके बारह स्टेप्स होते हैं, जो हमारे पूरे शरीर को एक्टिव रखने में मदद करते हैं। इस आसन को करने से आप पूरे दिन ऊर्जावान रहते हैं। इतना ही नहीं इस आसन को करने से तुरंत गर्मी आती है और हमारी मांसपेशियों का तनाव भी दूर होता है। इसलिए ठंड से बचने के लिए इस योगासन को जरूर करना चाहिए। इसे करने से सभी अंगों का एक्सरसाइज हो जाती है। लेकिन एक बात का अवश्य ध्यान रखें कि अपनी क्षमता के अनुसार ही धीरे-धीरे इसका अभ्यास बढ़ाएं।

**भुजंगासन:** यह आसन पेट के बल लेट कर किया जाता है। यह आपके फेफड़े को खोलता है। इसे करने से कमर दर्द में राहत मिलती है। यह आसन न सिर्फ रीढ़ की हड्डी के लिए फायदेमंद होता है, बल्कि आपके शरीर के तापमान को भी बनाए रखने में सहायक होता है।

**हलासन:** यह आसन रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाता है और पाचन की समस्याओं को सुधारता है। इसके अलावा मधुमेह, ब्लड प्रेशर और तनाव को दूर करने में सहायक होता है। इसके साथ ही यह पेट की चर्बी को घटाने में, अंगों की कार्यक्षमता बढ़ाने में और मानसिक शांति के लिए सबसे बेहतर आसन माना जाता है। हार्निया, हाई ब्लडप्रेशर, पीठ, गर्दन में गंभीर चोट या गर्भावस्था के दौरान इस आसन को नहीं करना चाहिए।





**ताड़ासन:** इसे करने के लिए सीधे खड़े हो जाएं और अपने शरीर को ऊपर की ओर खींचें। इससे खून का बहाव तेज होता है और अकड़न दूर होती है। जिन्हें हार्निया की शिकायत हो, वे इस आसन को न करें।

**कपालभाति प्राणायाम:** किसी भी आसन में बैठ जाएं। अपनी आंखों को बंद कर लें और चेहरे को ढीला छोड़ दें। अब दाएं नाक के छिद्र को दाएं अंगूठे से बंद कर बाएं नाक से सामान्य सांस अंदर लेकर उसी नाक से हल्के झटके के साथ सांस को बाहर निकालें। यह अभ्यास बीस बार कीजिए। फिर यही अभ्यास बाएं नाक के छिद्र से भी करें। फिर अंत में यह क्रिया दोनों नाकों से करें।

**ध्यान:** किसी आरामदायक आसन में बैठ जाएं और अपने सिर और गले को सीधा कर लें। अपने हाथों को घुटने पर रख लें। आंखों को ढीला कर और चेहरे को हल्का बनाकर ढीला छोड़ दें। अब अपने सांस पर मन को एकाग्र करने का प्रयास करें। इसे दस से पंद्रह मिनट प्रतिदिन करने का अभ्यास करें।

यहां बताए गए आसनों का अभ्यास योग प्रशिक्षक से सीखकर ही करें। *

**(योग आचार्य (डॉ.) कौशल कुमार से बातचीत पर आधारित)**



## कहा- कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को देश की सकारात्मकता नहीं दिखती

# राहुल गांधी को समझ में ही नहीं आता कि वह कह क्या रहे हैं, उनकी कठिनाई यही है : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

### केंद्रीय बजट पर आयोजित प्रेसवार्ता में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोप पर पूछे गए सवाल पर बोले सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को समझ में ही नहीं आता कि वह कह क्या रहे हैं। उनकी कठिनाई यही है। जिस रक्षा बजट में 15 फीसदी की वृद्धि हुई है, उससे बढ़कर क्या हो सकता है। 'आप पूरा बजट देख लो, लेकिन दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ेगा कि राहुल गांधी को देश की सकारात्मकता नहीं दिखती, उनकी बात को लोग किस अर्थ में लेंगे, उनका खुद का भी वजन कम होगा, लेकिन पता नहीं उनको क्या हो जाता है, मुझे तो समझ में नहीं आता है।

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राहुल गांधी के आरोप पर पूछे गए सवाल के जवाब में कही। मुख्यमंत्री मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में केंद्रीय बजट पर आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

### केंद्रीय बजट सशक्त भारत की नींव को और मजबूती प्रदान करेगा: खंडेलवाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी बजट रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की भावना को दर्शाता है, जो मध्यप्रदेश सहित देश को 2047 के विकसित भारत की ओर मजबूती से ले जाएगा। केंद्रीय बजट को राजनीति के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नजर से देखना आवश्यक है। देश के कुल कर्ज को जीडीपी के 56 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत तक लाने की भी योजना है। उन्होंने कहा कि इस बजट से मध्यप्रदेश को भी व्यापक लाभ होगा और यह बजट वर्ष 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा।



प्रेसवार्ता को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन। साथ में भाजपा पदाधिकारी।

### बजट नारी शक्ति को आर्थिक सशक्तिकरण देने वाला

लखपति दीदी योजना पर आधारित सामुदायिक स्व-सहायता समूह उद्यम स्थापित करने का प्रावधान है, इससे महिलाओं को क्रेडिट लिंक्ड आजीविका से उद्यम स्वामित्व की ओर जाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट के इन प्रावधानों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी ही, साथ ही यह बजट नारी शक्ति को आर्थिक सशक्तिकरण देने वाला होगा।

### स्वास्थ्य और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में तेजी से आगे बढ़ेगा मध्य प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बायोफार्मा शक्ति योजना से बायोटेक्नोलॉजी, बायो फार्मा, फार्मास्यूटिकल अनुसंधान और हेल्थ इंडस्ट्री आधारित स्टार्ट अप्स को बढ़ावा मिलेगा। मप्र ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की दिशा में अग्रसर होगा, जिससे उच्च मूल्य रोजगार सृजित होंगे। सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 से इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग और एआई आधारित तकनीकों के विकास से मध्यप्रदेश में हाई टेक उद्योग, डिजिटल निवेश और नवाचार आधारित उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। बजट के प्रावधान मध्यप्रदेश के पारंपरिक औद्योगिक क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बजट में 10 हजार करोड़ रुपए की लागत से देश के प्रत्येक जिलों में महिला छात्रावास स्थापना का के साथ नारी शक्ति के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने 1.5 लाख सेवा प्रदाताओं और एक लाख स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है।

### युवाओं को रोजगार दिलाने में महती भूमिका निभाएगी कंटेंट क्रिएटर लैब

खंडेलवाल ने कहा कि केंद्रीय बजट में 15 हजार माध्यमिक शालाओं में कंटेंट क्रिएटर लैब की स्थापना, आईआईएम के सहयोग से 10 हजार टूरिस्ट गाइड तैयार करने और 'खेलो इंडिया' के माध्यम से खेलों को प्रोत्साहन देने की घोषणाएं की गई हैं। क्रिएटर लैब युवाओं को रोजगार दिलाने में महती भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि बजट में महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की परिकल्पना का पालन करते हुए खादी, हथकरघा, हस्तशिल्प और एक जिला एक उत्पाद को बढ़ावा देने वाला है।

---

## खबर संक्षेप

### सांसद तंखा ने केंद्रीय मंत्री शिवराज के खिलाफ मामला लिया वापस

**भोपाल।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तंखा ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ दायर मानहानि का मामला वापस ले लिया है। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट द्वारा मामले पर पुनर्विचार का आग्रह किए जाने के बाद लिया गया। विवेक तंखा ने सुप्रीम कोर्ट को औपचारिक रूप से सूचित कर दिया है कि वह यह केस आगे नहीं बढ़ाना चाहते हैं। इस कदम को राजनीतिक और कानूनी हलकों में एक अहम घटनाक्रम के रूप में देखा जा रहा है।
तंखा ने इस फैसले के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, महेश जेठमलानी, सुमर सोढ़ी और धीरेंद्र परमार का विशेष रूप से आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इन सभी की मध्यस्थता और सकारात्मक प्रयासों के चलते यह

### अभिभावक महंगे दामों पर बच्चों की किताबें खरीदना पर विवश

**भोपाल।** राजधानी में किताबों के दुकानदारों की मनमानी को लेकर मंगलवार को अखिल भारत हिंदू महासभा ने प्रेसवार्ता कर आरोप लगाए है। इसको लेकर कलेक्टर भोपाल को पत्र भी लिखा गया है। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रोहित दुबे व संभाग संगठन मंत्री देवेंद्र तिवारी ने बताया कि भोपाल जिले को कुछ पुस्तक माफिया ने पूरी तरह से अपनी गिरफ्त में ले लिया है। स्कूलों की मिलीभगत के चलते अभिभावकों महंगे दामों पर ही इन दुकानों से किताबें खरीदना पड़ती है। महासभा ने जबलपुर की तर्ज पर भोपाल में भी सख्ती से नियम लागू करने की मांग की है।

---

### 10 योजनाओं की निरंतरता के लिए 15,009 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति

# आदिवासियों को आवंटित आवासीय भूखंडों की निःशुल्क रजिस्ट्री कराएगी प्रदेश सरकार

1. 620 करोड़ रूपए से अधिक लागत की 2 सिंचाई परियोजनाओं की स्वीकृति
2. सरदार सरोवर परियोजना के विस्थापितों के लिए मंत्रिमंडल का बड़ा निर्णय

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

नर्मदा घाटी की सरदार सरोवर परियोजना के विस्थापितों को आवंटित किए गए आवासीय भूखंडों की रजिस्ट्री राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क कराई जाएगी। इससे 25,600 से अधिक आदिवासी परिवारों को लाभ होगा।

इस निर्णय से राज्य शासन पर 600 करोड़ रूपए का वित्तीय भार आएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। निर्णय के तहत मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) अनुसार देय पंजीयन शुल्क एवं स्टॉम्प ड्यूटी की प्रतिपूर्ति नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा की जाएगी। बैठक में मध्यप्रदेश राज्य समाज कल्याण बोर्ड को भंग कर कर्मचारियों का संविलयन महिला बाल विकास विभाग में करने की स्वीकृति प्रदान की गई।


कैबिनेट बैठक में मंत्रियों से चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### भारत-अमेरिका के बीच डील मेक इन इंडिया को देगी नई गति :

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक स्थिति लगातार मजबूत हो रही है। भारत-अमेरिका के बीच हुई नई ट्रेड डील अभिनन्दनीय है। यह ट्रेड डील, मेक इन इंडिया को नई गति देगी। इससे देश को प्रगति के नए अवसर प्राप्त होंगे। यह डील भारत के सशक्त नेतृत्व और विकास में साझा विश्वास को दर्शाता है।

### इन योजनाओं की निरंतरता की स्वीकृति

मंत्रिमंडल द्वारा 6 विभागों की 10 योजनाओं की वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक निरंतरता के लिए 15,009 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति अनुसार वित्त विभाग की लोक वित्त पोषित 500 करोड़ से कम की 8 योजनाओं के लिए 115 करोड़ 6 लाख रुपए, श्रम विभाग की मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना के लिए 5 हजार करोड़ रुपए, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की विधानसभा क्षेत्र निर्वाचन योजना और स्थापना एवं कार्यालयीन योजनाओं के लिए 3 हजार 376 करोड़ 66 लाख रूपए, पशु पालन एवं डेयरी विभाग की डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना, पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर ब्लॉकग्रांट योजना एवं पशुपालन, पशु विकास और गो संवर्धन योजना के लिए 6 हजार 472 करोड़ 18 लाख रुपए, महिला एवं बाल विकास की किशोर कल्याण निधि योजना और घरेलू हिंसा पीड़िता सहायता योजना के लिए 24 करोड़ 70 लाख और पिछड़ा वर्ग एवं अन्य कल्याण की अल्पसंख्यक स्वरोजगार/उद्यम योजना के लिए 21 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### मैहर एवं कटनी जिले की परियोजनाओं की स्वीकृति

मंत्रिमंडल द्वारा मैहर एवं कटनी जिलें में 2 सिंचाई परियोजनाओं के लिए 620 करोड़ 65 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति अनुसार मैहर एवं कटनी की धनवाही सूक्ष्म दबाव सिंचाई परियोजना लागत 53 करोड़ 73 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। इससे 3500 हेक्टयर में सिंचाई की सुविधा प्राप्त होंगी और मैहर एवं कटनी जिले के 9 ग्राम के 2810 कृषक लाभान्वित होंगे। कटनी जिलें की बरही सूक्ष्म उद्वहन सिंचाई परियोजना लागत 566 करोड़ 92 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इससे, कटनी जिले की बरही एवं विजयराघवगढ़ तहसील के 27 ग्राम के 11,500 कृषक लाभान्वित होंगे और 20 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होंगी।

### ओला-पाला से प्रभावित फसलों का सर्वे कर किसानों को तत्काल उपलब्ध कराएं राहत

- मालवा, निमाड़, चंबल और विंध्य अंचलों में आयोजित होगी कृषि कैबिनेट
- सरसों को भावांतर योजना में शामिल करने पर विचार कर रही राज्य सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में जहां-जहां ओला-पाला से फसलें प्रभावित हुई हैं, कलेक्टर्स उन जिलों में सर्वे कराकर किसानों को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध कराएं। किसानों के सभी प्रकार के हित सुनिश्चित करने और उनकी आय दोगुना करने के उद्देश्य से ही वर्ष-2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

कृषक कल्याण कृषि वर्ष में मालवा, निमाड़, चंबल और विंध्य अंचलों में कृषि कैबिनेट आयोजित की जाएगी। डॉ. यादव मंगलवार को कैबिनेट बैठक से पहले मंत्रिमंडल के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भावांतर योजना में सरसों और अन्य तिलहन फसलों को भी शामिल करने पर विचार किया जा रहा है। मूंग के स्थान पर उड़द को प्रोत्साहित करने के लिए नीति बनाई जा रही है। इसके लिए किसानों को प्रेरित करना आवश्यक है।

### राज्य स्तरीय एमपी यूथ गेम्स के आयोजन की सराहना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में राज्य स्तरीय एमपी यूथ गेम्स-2026 के भव्य आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रतिष्ठित आयोजनों में देशज खेलों को भी शामिल किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा मेडिकल कॉलेज में 750 बेड की क्षमता वृद्धि की गई है। प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेज की क्षमता को भी बढ़ाया जाएगा। डॉ. यादव ने श्रीपशुपतिनाथ लोक में विकसित की गई सुविधाओं और प्रतिमा के क्षरण को रोकने के लिए किए गए उपाय को अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रदेश में पहली बार राज्य स्तरीय पुष्प महोत्सव आयोजित किया गया। पुष्प उत्पादन और देश-विदेश में फूलों की बेहतर मार्केटिंग व्यवस्था को प्रोत्साहित किया जाएगा।

### केंद्रीय बजट की विशेषताओं से अवगत कराएं मंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रस्तुत केंद्रीय बजट विकसित भारत के संकल्पों की सिद्धि की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। राजनैतिक विषयों के स्थान पर वित्त आयोग के सुझावों को महत्व देना बजट की विशेषता है। उन्होंने मंत्रिमंडल सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्रों में केंद्रीय बजट की विशेषताओं से जनसामान्य को अवगत कराने के निर्देश दिए। डॉ. यादव ने कहा कि कच्छ में 'रण उत्सव' में टेंट सिटी से की गई ईको-सेंसेटिव आवास व्यवस्था और रोजगार के अवसर सृजित करने के नवाचार सराहनीय हैं। उन्होंने गिर राष्ट्रीय उद्यान में सफारी और रेस्क्यू सेंटर में सिंहों को देखने के लिए किए गए प्रयोगों से प्रेरणा लेते हुए उन्हें प्रदेश में लागू करने की दिशा में गतिविधियां करने की आवश्यकता बताई।

---

## 16वें वित्त आयोग की अवधि में हरियाणा को करीब एक लाख करोड़ केंद्रीय करों से प्राप्त होंगे

# केंद्रीय बजट आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत की मजबूत नींव

- बजट में विकसित भारत युवा, महिला और किसान को केंद्र में रखा गया

हरिभूमि ब्यूरा ⏭ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में चल रही 3.0 केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में पेश किया दूसरा बजट केवल एक वित्तीय दस्तावेज़ नहीं है, बल्कि यह उस भारत की तस्वीर पेश करता है जो आत्मनिर्भर है, प्रतिस्पर्धी है और सामाजिक रूप से संवेदनशील भी है। मोदी के नेतृत्व में यह बजट 'विकास भी, विश्वास भी' के सिद्धांत पर आधारित है और हरियाणा जैसे अग्रणी राज्य के लिए इसमें अपार अवसर निहित हैं। सीएम बुधवार को हरियाणा निवास पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान केंद्रीय बजट 2026–27 की भावना, दिशा और उसके महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपनी बात रखते हुए केंद्र सरकार के बजट का हरियाणा पर पड़ने वाले प्रत्यक्ष प्रभावों को भी बताया। संबोधन में कहा कि यह बजट उस भारत की सोच को दर्शाता है, जहां विकास का मतलब केवल बड़े शहर नहीं, बल्कि गांव, किसान, महिला, युवा और श्रमिक भी हैं। जहां, अर्थव्यवस्था मजबूत हो, लेकिन समाज का अंतिम व्यक्ति भी सुरक्षित और सम्मानित महसूस करे। कहा- 16वें वित्त आयोग की अवधि में हरियाणा को करीब एक लाख करोड़ केंद्रीय करों से प्राप्त होंगे।

### 12 लाख 20 हजार करोड़ तक बढ़ाया गया पूंजीगत व्यय

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेश किए गए बजट में देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए सार्वजनिक पूंजीगत व्यय को लगभग 12 लाख 20 हजार करोड़ रुपये तक बढ़ाया गया है। यह निवेश सड़कों, रेल, शहरी अवसंरचना, औद्योगिक कॉरिडोर और लॉजिस्टिक्स को मजबूत करेगा। इसका सीधा लाभ हरियाणा को मिलेगा, क्योंकि हमारा राज्य दिल्ली-एनसीआर, औद्योगिक गलियारों और राष्ट्रीय राजमार्गों का केंद्र है। इस निवेश से न केवल विकास कार्य तेज होंगे, बल्कि लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि इस बजट में विकसित भारत के स्तंभ गरीब, युवा, महिला और किसान को केंद्र में रखा गया है।

---

## छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम का बड़ा बयान

# धान खरीदी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाईः विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा पत्रकारों से चर्चा के दौरान धान खरीदी में लापरवाही करने वालों पर सख्त रुख दिखाते हुए कहा कि निर्धारित मूल्य पर वास्तविक किसानों से धान खरीदी करने के लिए सरकार पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। इस कार्य के लिए शासन द्वारा ऑनलाइन माध्यम को अपना कर अधिक से अधिक पारदर्शिता एवं जवाबदेहिता सुनिश्चित करने का कार्य किया है। किसानों की सुविधा के लिए धान खरीदी की अवधि को भी बढ़ाने का कार्य हमारे संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किया गया है, ताकि हर वो किसान जिसका धान निर्धारित समयावधि में नहीं विक्रय हो पाया था, वह विक्रय कर सके। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करता हूं।

### धान उपार्जन केंद्रों में लापरवाही सामने आई

शासन द्वारा नियमित रूप से धान खरीदी की मॉनिटरिंग के लिए हर स्तर पर कार्य किया गया है। इसके पश्चात भी कुछ स्थानों पर धान उपार्जन केंद्रों में लापरवाही सामने आई है। जिस पर शासन द्वारा सख्त रुख अपनाते हुए कठोर कार्रवाई की जा रही है। पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा में संग्रहण केंद्र में धान की कमी के मामले पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शासन किसानों का हित सुरक्षित करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। इस मामले में जिस जिस अधिकारी द्वारा लापरवाही की गई है, उन सभी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा रही इस पर मुझे हर्ष है और इसके साथ ही जहां भी धान खरीदी , संग्रहण केंद्रों को लेकर लापरवाही सामने आई है, उन पर कठोर से कठोर कार्रवाई के लिए मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भी आग्रह करूंगा। इन्होंने कहा शासन के लिए किसान हित सर्वोपरि है। लोगों के हित सुनिश्चित करने के लिए यह सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कार्य कर रही है।

---


### मुख्यमंत्री को सौंपा गया 4 करोड़ 39 लाख रुपए लाभांश का चैक

## मप्र ऊर्जा विकास निगम पहली बार आया लाभ की स्थिति में

# कुसुम योजनाओं में किसानों की रुचि से मध्य प्रदेश बनेगा नवकरणीय ऊर्जा में आदर्श राज्यः डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम को लाभ की स्थिति में आने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि कुसुम योजनाओं में किसानों द्वारा ली जा रही रूचि प्रदेश को नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने में सहायक होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने 4 करोड़ 39 लाख रुपए लाभांश का चैक भेंट किया। मंत्री शुक्ला ने अनौपचारिक चर्चा में बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की नीतियों के परिणाम स्वरूप मप्र ऊर्जा विकास निगम पिछले 2 वर्षों में लाभ की स्थिति में आ गया है।



### निगम की स्थापना के बाद यह पहला अवसर है, जब निगम को लाभ हुआ

वर्ष 1982 में निगम की स्थापना के बाद यह पहला अवसर है, जब निगम को लाभ हुआ है। मंत्री शुक्ला ने बताया कि कुसुम योजनाओं में किसानों द्वारा बड़ी संख्या में भाग लेने के परिणाम स्वरूप 3 वर्षों में निगम को 41 करोड़ आय हुई है, निगम के लाभ में शासन का अंश 20 प्रतिशत का है, जिसमें से 10 प्रतिशत अर्थात 4.39 करोड़ रुपए का चैक अभी सौंपे जा रहे हैं। शेष 10 प्रतिशत राशि कुछ समय बाद सौंपी जाएगी।

---

## छत्तीसगढ़ में अगले सत्र से नए यूनिफार्म में दिखेंगे छात्र

# 60 लाख सरकारी स्कूलों के बच्चों को मिलेगा नया लूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए आगामी शिक्षा सत्र एक नई सौगात लेकर आ रहा है। राज्य सरकार द्वारा पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए नई यूनिफार्म लागू की जा रही है, जिससे अब छात्र-छात्राएं पुरानी सफेद शर्ट और नीली पैंट की जगह आधुनिक और आकर्षक ड्रेस में नजर आएंगे। नई यूनिफार्म में कत्थे रंग की पैंट और नीले रंग की चेक शर्ट शामिल होगी, जो निजी स्कूलों की यूनिफार्म जैसी सुंदर और व्यवस्थित दिखाई देगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य सरकारी स्कूलों के बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना है। नई यूनिफार्म से न केवल बच्चों की पहचान सुदृढ़ होगी, बल्कि सरकारी स्कूलों की छवि भी बेहतर बनेगी।

**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

संदर्भः निविदा सूचना संख्या 82/2025–2026 दिनांक 23.01.2026
निविदा संख्या 07250207, अंतिम तिथि 23.03.2026
उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, अंतिम तिथि 23.03.2026 से 27.02.2026 कर दी गई है। अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित कर दिया गया है। 392/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# बच्चों की मोबाइल गतिविधियों पर अभिभावक रखें पैनी नज़र

आज के डिजिटल युग ने बच्चों की दुनिया को जितना आसान बना दिया है, उतना ही जटिल भी कर दिया है। मोबाइल फोन, टैबलेट और इंटरनेट आज बच्चों की पढ़ाई, मनोरंजन और संवाद का अहम हिस्सा बन चुके हैं, लेकिन यही तकनीक जब नियंत्रण से बाहर हो जाती है, तो बच्चों के मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए गंभीर खतरा बन जाती है। ऐसे में माता-पिता की भूमिका केवल मोबाइल दिलाने तक सीमित नहीं रह जाती, बल्कि बच्चों की डिजिटल गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखना उनकी जिम्मेदारी बन जाती है। आजकल साफ तौर पर देखा जा रहा है कि अत्यधिक स्क्रीन टाइम बच्चों में चिड़चिड़ापन, एकाग्रता में कमी, नींद की समस्या और सामाजिक अलगाव को जन्म दे रहा है। लंबे समय तक मोबाइल पर गेम खेलने या सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने वाले बच्चे परिवार और दोस्तों से कटने लगते हैं। वे वास्तविक दुनिया की गतिविधियों से दूरी बना लेते हैं, जिससे उनका भावनात्मक और सामाजिक विकास प्रभावित होता है। यही वजह है कि विशेषज्ञ लगातार सलाह दे रहे हैं कि बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम की स्पष्ट और सख्त सीमा तय की जाए। हाल ही में गाजियाबाद में तीन सगी बहनों की आत्महत्या की घटना ने पूरे समाज को झकझोर दिया। 12, 14 और 16 साल की इन बच्चियों को कोरियाई लवर गेम की लत थी। बताया गया कि वे स्कूल तक छोड़ चुकी थीं और हर गतिविधि एक साथ करती थीं। सुसाइड नोट में लिखा गया "सॉरी मम्मी-पापा, गेम नहीं छोड़ पाएंगे।" यह घटना एक कड़वी सच्चाई को उजागर करती है कि डिजिटल लत किस हद तक बच्चों को अपनी गिरफ्त में ले सकती है। ऐसे में माता-पिता के लिए सबसे पहला कदम है समय सीमा निर्धारित करना। बच्चों के मोबाइल उपयोग के लिए प्रतिदिन का समय फिक्स होना चाहिए। इसके साथ-साथ गूगल फैमिली लिंक जैसे पेरेंटल कंट्रोल ऐप्स का इस्तेमाल कर स्क्रीन टाइम को सीमित किया जा सकता है और यह जाना जा सकता है कि बच्चे मोबाइल पर क्या देख रहे हैं। निगरानी के साथ-साथ संवाद भी उतना ही जरूरी है। बच्चों को केवल डांटना या मोबाइल छीन लेना समाधान नहीं है। खुलकर बातचीत करने से बच्चे अपनी समस्याएं साझा करते हैं और गलत डिजिटल कंटेंट से दूर रहने के लिए खुद को तैयार करते हैं। बच्चों को मोबाइल से दूर रखने का सबसे कारगर तरीका है उन्हें बेहतर विकल्प देना। आउटडोर खेल, किताबें, संगीत, चित्रकला और अन्य रचनात्मक गतिविधियां बच्चों के लिए न केवल मनोरंजन का साधन हैं, बल्कि उनके व्यक्तित्व विकास में भी सहायक हैं। जब बच्चों को सकारात्मक और रोचक विकल्प मिलते हैं, तो वे खुद-ब-खुद मोबाइल से दूरी बनाने लगते हैं। आज सबसे बड़ा खतरा मोबाइल पर खेले जाने वाले कुछ ऑनलाइन गेम्स से जुड़ा है। ब्लू व्हेल चैलेंज, मोमो चैलेंज, कोरियाई लवर गेम, पबजी और ब्लैकआउट चैलेंज जैसे टास्क-बेस्ड गेम्स बच्चों को मानसिक रूप से इतना प्रभावित कर देते हैं कि वे जानलेवा कदम उठाने तक के लिए प्रेरित हो जाते हैं। मोमो चैलेंज डर और धमकी के जरिए बच्चों को जानलेवा काम करने को मजबूर करता है। चोकिंग गेम और ब्लैकआउट चैलेंज जैसी चुनौतियां भी सोशल मीडिया के जरिए फैल रही हैं। अगर समय रहते हम सतर्क हो गए, तो कई मासूम जिंदगियों को बचाया जा सकता है।

# वैश्विक राजनीति को मिली नई दिशा



**भारत-अमेरिका डील**
महेन्द्र तिवारी

> भारत और अमेरिका के बीच हाल में हुए व्यापारिक समझौते ने केवल दो देशों की नीतियों को ही नहीं बदला, बल्कि वैश्विक राजनीति के समीकरणों को भी नई दिशा दी है। जिस अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकाल के दौरान आयात शुल्क को हथियार बनाकर पूरी दुनिया को चेतावनी दी थी, वही ट्रंप अचानक भारत के मामले में नरम पड़ते दिखाई दिए। जिन शुल्कों को उन्होंने पहले पचास प्रतिशत तक पहुंचा दिया था, उन्हें घटाकर अठारह प्रतिशत पर लाना कोई सामान्य फैसला नहीं था। आने वाले वर्षों में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग और गहरा हो सकता है। उभरती तकनीकों, रक्षा उत्पादन और निवेश के क्षेत्रों में नए रास्ते खुलेंगे।

भारत और अमेरिका के बीच हाल में हुए व्यापारिक समझौते ने केवल दो देशों की नीतियों को ही नहीं बदला, बल्कि वैश्विक राजनीति के समीकरणों को भी नई दिशा दी है। जिस अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्डट्रंप ने अपने कार्यकाल के दौरान आयात शुल्क को हथियार बनाकर पूरी दुनिया को चेतावनी दी थी, वही ट्रंप अचानक भारत के मामले में नरम पड़ते दिखाई दिए। जिन शुल्कों को उन्होंने पहले पचास प्रतिशत तक पहुंचा दिया था, उन्हें घटाकर अठारह प्रतिशत पर लाना कोई सामान्य फैसला नहीं था। यह बदलाव न तो अचानक हुआ और न ही एकतरफा दबाव का परिणाम था। इसके पीछे भारत की एक सधी हुई, दूरदर्शी और संतुलित कूटनीति काम कर रही थी, जिसने अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश को भी बातचीत की मेज पर सम्मान के साथ बैठने को मजबूर कर दिया। ट्रंप की राजनीति हमेशा आक्रामक रही है। उनका मानना रहा कि आर्थिक दबाव के जरिए ही किसी देश को झुकाया जा सकता है। सत्ता में आते ही उन्होंने चीन के साथ व्यापार युद्ध छेड़ दिया और उसी क्रम में भारत को भी निशाने पर लिया। भारत पर यह आरोप लगाया गया कि वह विदेशी वस्तुओं पर बहुत अधिक कर लगाता है और अमेरिकी कंपनियों को उचित अवसर नहीं देता। इसी सोच के तहत भारत को विशेष व्यापारिक सुविधा की सूची से बाहर कर दिया गया, जिससे भारतीय निर्यातकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इस फैसले से दवाइयों, कपड़ों, रत्नों और कृषि उत्पादों पर अतिरिक्त बोझ पड़ा और भारत के लिए अमेरिकी बाजार कठिन हो गया। भारत ने इस दबाव को चुपचाप स्वीकार नहीं किया। उसने जवाबी कदम उठाए और अमेरिका से आने वाले कई उत्पादों पर कर बढ़ा दिए। इससे अमेरिका के किसान और उद्योगपति प्रभावित हुए। बादाम, सेब और अन्य कृषि उत्पादों के निर्यात पर असर पड़ा। यह संकेत साफ था कि भारत केवल सुनने वाला देश नहीं है, बल्कि अपने हितों की रक्षा करना जानता है। इसके बावजूद भारत ने टकराव की भाषा नहीं अपनाई। उसने संवाद के दरवाजे खुले रखे और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत साबित हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति का मूल आधार संतुलन रहा है। न तो किसी के आगे झुकना और न ही अनावश्यक टकराव। इसी नीति के तहत भारत ने अमेरिका के साथ रणनीतिक सहयोग बढ़ाया। सुरक्षा, रक्षा उत्पादन, तकनीक और निवेश के क्षेत्र में साझेदारी को मजबूत किया गया। भारत ने यह संदेश स्पष्ट रूप से दिया कि वह केवल एक बाजार नहीं, बल्कि भरोसेमंद साझेदार है। अमेरिका की बड़ी कंपनियों को भारत में निवेश के अवसर दिए गए, उत्पादन को बढ़ावा देने वाली योजनाओं के माध्यम से उद्योगों को आकर्षित किया गया और नौकरशाही अड़चनों को कम करने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए। इन सभी प्रयासों का असर तब दिखा जब ट्रंप ने खुद स्वीकार किया कि प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत के बाद उन्होंने अपने रुख पर पुनर्विचार किया। यह कोई साधारण फोन वार्ता नहीं थी, बल्कि वर्षों की रणनीति और विश्वास का परिणाम थी। ट्रंप जैसे नेता, जो आमतौर पर सार्वजनिक रूप से किसी की प्रशंसा नहीं करते, उन्होंने मोदी को प्रभावशाली और सम्मानित नेता बताया। यह बदलाव केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि नीतियों में भी दिखाई दिया। नए व्यापारिक



समझौते के तहत भारत और अमेरिका दोनों ने एक दूसरे को राहत दी। भारत ने कुछ कृषि उत्पादों पर शुल्क कम करने का संकेत दिया, जबकि अमेरिका ने भारतीय इस्पात, कपड़ा और दवा उद्योग को बड़ी राहत दी। इससे भारत के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और लाखों लोगों के रोजगार सुरक्षित होंगे। दवा उद्योग के लिए यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारतीय दवाइयाँ सस्ती और प्रभावी मानी जाती हैं और अमेरिका में उनकी मांग लगातार बढ़ रही है। इस पूरे घटनाक्रम में एक बड़ा सवाल यह भी उठा कि क्या अमेरिका से बढ़ती नजदीकी का असर भारत के रूस के साथ संबंधों पर पड़ेगा। यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यूक्रेन युद्ध के बाद रूस से सस्ता तेल खरीदने के कारण भारत पश्चिमी देशों की आलोचना के केंद्र में रहा है। भारत ने अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हुए रूस से तेल खरीद जारी रखी, जिससे उसे अरबों रुपये की बचत हुई और ऊर्जा सुरक्षा मजबूत हुई। अमेरिका ने इस पर असंतोष जरूर जताया, लेकिन कोई ठोस प्रतिबंध नहीं लगाया। रूस की ओर से भी यह स्पष्ट किया गया कि भारत के साथ उसके संबंधों में कोई बदलाव नहीं आया है। रूसी नेतृत्व ने कहा कि भारत एक भरोसेमंद रणनीतिक साझेदार है और दोनों देशों का सहयोग आगे भी जारी रहेगा। रक्षा क्षेत्र में चल रही परियोजनाएं, मिसाइल प्रणालियों की आपूर्ति और सैन्य सहयोग पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह प्रतिक्रिया इस बात का प्रमाण है कि भारत ने अपनी कूटनीति में संतुलन बनाए रखा है और किसी एक खेमे में खुद को सीमित नहीं किया है। आज़ादी के बाद से ही भारत ने गुटनिरपेक्षता और रणनीतिक स्वायत्तता का रास्ता चुना है। भारत अपने फैसले स्वयं करता है, दबाव में नहीं। अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौता भी इसी सोच का परिणाम है। इसमें न तो आत्मसमर्पण है और न ही टकराव, बल्कि आपसी लाभ का रास्ता है।

इस समझौते का असर केवल भारत और अमेरिका तक सीमित नहीं रहेगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था में भी इसके सकारात्मक संकेत दिखाई देंगे। जब दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं सहयोग का रास्ता चुनती हैं, तो बाजारों में स्थिरता आती है। निवेशकों का भरोसा बढ़ता है और विकास को गति मिलती है। भारत के लिए यह अवसर है कि वह खुद को विश्व उत्पादन केंद्र के रूप में स्थापित करे और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अपनी भूमिका मजबूत करे। हालांकि चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। डिजिटल कर, बौद्धिक संपदा अधिकार और आंकड़ों की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर मतभेद बने हुए हैं। भारत को सावधानी से आगे बढ़ना होगा ताकि घरेलू हितों की अनदेखी न हो। विदेशी कंपनियों को अवसर देते समय यह सुनिश्चित करना होगा कि देश के कानूनों और संप्रभुता से कोई समझौता न हो। राजनीतिक दृष्टि से भी यह समझौता महत्वपूर्ण है। इससे यह संदेश जाता है कि भारत अब केवल प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं, बल्कि वैश्विक नीतियों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति की यह एक बड़ी परीक्षा थी, जिसमें वे सफल दिखाई देते हैं। ट्रंप का नरम रुख इस बात का संकेत है कि भारत की बात अब सुनी जाती है। आने वाले वर्षों में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग और गहरा हो सकता है। उभरती तकनीकों, रक्षा उत्पादन और निवेश के क्षेत्रों में नए रास्ते खुलेंगे। साथ ही रूस के साथ ऊर्जा और रक्षा सहयोग भी जारी रहेगा। भारत दोनों शक्तियों के साथ अपने हितों के अनुसार संबंध बनाए रखेगा। अंततः यह कहानी बदलती दुनिया में समझदारी भरी कूटनीति की है। यह दिखाती है कि शोर मचाने से नहीं, बल्कि संवाद और संतुलन से बड़े फैसले लिए जाते हैं। भारत ने यही रास्ता चुना है और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रहा है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विचार

राजीव श्रीवास्तव



# चित्रोत्पला फिल्म सिटी : सपना बड़ा है, शुरुआत संवेदनशील होनी चाहिए



छत्तीसगढ़ में चित्रोत्पला फिल्म सिटी का निर्माण राज्य के सांस्कृतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। यह परियोजना न केवल फिल्म निर्माण से जुड़ी है, बल्कि इससे छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और रचनात्मक पहचान को राष्ट्रीय मंच मिलने की संभावना भी जुड़ी हुई है। ऐसे में इस परियोजना की हर शुरुआत, हर प्रतीक और हर निर्णय का सांस्कृतिक अर्थ भी होता है। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान सामने आया विवाद इसी संवेदनशीलता की ओर संकेत करता है, जिसे केवल औपचारिक प्रतिक्रिया देकर टालना उचित नहीं होगा।

**जब अपनी ही जमीन पर कलाकार हाशिये पर हों**

यदि छत्तीसगढ़ के नाम पर बन रही फिल्म सिटी के पहले सार्वजनिक आयोजन में स्थानीय कलाकार, रंगकर्मी और छत्तीसगढ़ी सिनेमा से जुड़े लोग स्वयं को उपेक्षित महसूस करें, तो यह केवल एक आयोजन की त्रुटि नहीं, बल्कि सोच में आई दूरी का संकेत है। बॉलीवुड कलाकारों के कट-आउट और प्रतीकों के बीच छत्तीसगढ़ की अपनी सांस्कृतिक उपस्थिति का कमजोर दिखना यह प्रश्न खड़ा करता है कि— क्या हम विकास की दौड़ में अपनी जड़ों को पीछे छोड़ते जा रहे हैं?

**संस्कृति आयोजन नहीं, सहभागिता मांगती है**

अपने प्रशासनिक अनुभव के आधार पर मैं यह स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूँ कि संस्कृति विभाग का कार्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं होता, बल्कि कलाकारों के आत्मसम्मान और भागीदारी को सुनिश्चित करना होता है। कलाकार मंच नहीं मांगते, वे यह महसूस करना चाहते हैं कि— वे इस परियोजना का हिस्सा हैं,

केवल दर्शक नहीं। यदि चित्रोत्पला फिल्म सिटी वास्तव में छत्तीसगढ़ की है, तो उसकी पहली तस्वीर में छत्तीसगढ़ी कलाकारों की केंद्रीय भूमिका स्वाभाविक होनी चाहिए थी।

**सरकार की मंशा और ज़मीनी अपेक्षाएं**

सरकार और आयोजन से जुड़े पक्षों ने यह कहा है कि सभी को साथ लेकर चलने की मंशा है और किसी को जानबूझकर नज़रअंदाज़ नहीं किया गया। इस आश्वासन का स्वागत किया जाना चाहिए।

लेकिन यह भी उतना ही जरूरी है कि आने वाले समय में—स्थानीय कलाकारों की निर्णायक भागीदारी

छत्तीसगढ़ी फिल्मों और रंगमंच के लिए ठोस नीति प्रशिक्षण, प्रोत्साहन और मंच के स्थायी प्रावधान

स्पष्ट रूप से दिखाई दें। क्योंकि सांस्कृतिक विश्वास शब्दों से नहीं, कार्यवाही से बनता है।

**चित्रोत्पला : नाम के साथ जिम्मेदारी**

चित्रोत्पला केवल एक आधुनिक फिल्म सिटी का नाम नहीं है। यह छत्तीसगढ़ की उस सांस्कृतिक स्मृति का प्रतीक है, जहाँ लोककला, शिल्प और रचनात्मकता पीढ़ियों से जीवित रही है। इस नाम के साथ यह जिम्मेदारी भी जुड़ी है कि फिल्म सिटी की आत्मा स्थानीय हो और दृष्टि वैश्विक।

**अंततोगत्वा मैं यह कहना चाहता हूं कि....**

चित्रोत्पला फिल्म सिटी छत्तीसगढ़ के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। लेकिन यदि इसकी नींव में संवेदनशीलता और संवाद की कमी रही, तो भव्य संरचनाएं भी सांस्कृतिक रूप से अधूरी रह जाएंगी। आलोचना को विरोध नहीं, समय रहते मिला संकेत समझना चाहिए। क्योंकि संस्कृति में संकेतों की अनदेखी, सबसे महंगी भूल होती है।

(पूर्व आयुक्त, संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन)

# ईश्वर की प्राप्ति ही तो जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य है



संकलित
**दर्शन**

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने ईश्वर प्राप्ति के तीन -ज्ञान, कर्म तथा भक्ति मार्ग बताए हैं। ज्ञान मार्ग में सांख्य की सहायता से मनुष्य तर्क-वितर्क द्वारा तत्व ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करता है, परंतु अक्सर तर्क-वितर्क में वह अपने मार्ग से भटक जाता है। कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। इन तीनों मार्गों पर चलकर सफल होने के लिए मनुष्य को अष्टांग योग के पहले दो चरणों को जीवन में अपनाना जरूरी है। यह हैं यम और नियम। यम में सत्य, अहिंसा, ब्रह्माचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह आते हैं। सत्य शब्द से तात्पर्य है सत्यता का जीवन में हर समय पालन करना। अहिंसा केवल जीव हिंसा से ही संबंधित नहीं है, इसमें दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं करना भी आता है। अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना और अपरिग्रह से तात्पर्य है कि आवश्यकता से ज्यादा किसी वस्तु या धन का संग्रह न करना। वहीं नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्राणिधान आते हैं। शौच से मतलब मन की सफाई होता है। इसके लिए मनुष्य को स्वाध्याय को अपनाना चाहिए। यम और नियम को जीवन में अपनाने के लिए सर्वप्रथम ज्ञानेंद्रियों पर नियंत्रण करना जरूरी है।

# आखिर कर्म ही महान है



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार बुद्ध एक गांव में अपने किसान भक्त के यहां गए। शाम को किसान ने उनके प्रवचन का आयोजन किया। बुद्ध का प्रवचन सुनने के लिए गांव के सभी लोग उपस्थित थे, लेकिन वह भक्त ही कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। गांव के लोगों में कानाफूसी होने लगी कि कैसा भक्त है कि प्रवचन का आयोजन करके स्वयं गायब हो गया। प्रवचन खत्म होने के बाद सब लोग घर चले गए। रात में किसान घर लौटा। बुद्ध ने पूछाः कहां चले गए थे? गांव के सभी लोग तुम्हें पूछ रहे थे। किसान ने कहा, दरअसल प्रवचन की सारी व्यवस्था हो गई थी, पर तभी अचानक मेरा बैल बीमार हो गया। पहले तो मैंने घरेलू उपचार करके उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो मुझे उसे लेकर पशु चिकित्सक के पास जाना पड़ा। अगर नहीं ले जाता तो वह नहीं बचता। आपका प्रवचन तो मैं बाद में भी सुन लूंगा। अगले दिन सुबह जब गांव वाले पुनः बुद्ध के पास आए तो उन्होंने किसान की शिकायत करते हुए कहा, यह तो आपका भक्त होने का दिखावा करता है। प्रवचन का आयोजन कर स्वयं ही गायब हो जाता है। बुद्ध ने उन्हें पूरी घटना सुनाई और फिर समझाया, उसने प्रवचन सुनने की जगह कर्म को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि मेरी शिक्षा को उसने बिल्कुल ठीक ढंग से समझा है। उसे अब मेरे प्रवचन की आवश्यकता नहीं है। मैं यही तो समझाता हूं कि अपने विवेक और बुद्धि से सोचो कि कौन सा काम पहले किया जाना जरूरी है।

## तोतों का जोड़ा



मोरीगांव के पोबितोरा वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी में बुधवार को टूरिस्ट हाथी की सवारी करते हुए।

## आज की पाती


**उचित खानपान व जीवनशैली की जरूरत**

कैंसर से बचने और इसके बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पिछले कुछ वर्षों से दुनियाभर में विश्व कैंसर दिवस, 4 फरवरी को मनाया जाता आ रहा है। दुनिया में ही नहीं, बल्कि हमारे देश में भी इसके मरीजों की संख्या बढ़ी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में कैंसर के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। कुछ समय पहले हमारे देश में 11 लाख से ज्यादा कैंसर के नए मामले सामने आए, जबकि 7 लाख 84 हजार 800 लोगों की मौत कैंसर से हुई। हमारे देश में कैंसर के बढ़ते आंकड़े चिंताजनक है। अगर इसके लिए जल्दी से जल्दी चिंतन नहीं किया गया और गंभीरता नहीं दिखाई गई तो यह हमारे देश के लिए और भी मुसीबत बन सकता है। उचित खानपान व जीवनशैली की जरूरत है।

**- राकेश गुप्ता**, रायगढ़

## करंट अफेयर

# जिल बाइडन के पूर्व पति पर पत्नी की हत्या का आरोप



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की पत्नी जिल बाइडन के पूर्व पति पर दिसंबर के अंत में डेलावेयर स्थित घर में अपनी पत्नी की हत्या करने का आरोप लगाया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। विलमिंगटन निवासी विलियम स्टीवेन्सन (77) का जिल बाइडन से वैवाहिक रिश्ता 1970 से 1975 तक चला था। डेलावेयर के अटॉर्नी जनरल की प्रवक्ता कैरोलिन हैरिसन ने फोन पर बातचीत में पुष्टि की कि स्टीवेन्सन, जिल बाइडन के पूर्व पति हैं। पूर्व राष्ट्रपति और भूतपूर्व प्रथम महिला के कार्यालय के प्रवक्ता द्वारा ईमेल के माध्यम से दिए गए जवाब के अनुसार, जिल बाइडन ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। हत्या के आरोप में सोमवार को गिरफ्तार किए जाने के बाद पांच लाख अमेरिकी डॉलर की जमानत राशि जमा करने में विफल रहने के कारण स्टीवेन्सन जेल में ही है। उन पर 28 दिसंबर को 64 वर्षीय लिंडा स्टीवेन्सन की हत्या का आरोप है। विज्ञप्ति के अनुसार, रात 11 बजे के बाद घरेलू विवाद की सूचना पर पुलिस को घर बुलाया गया और उन्होंने बैठक कक्ष में एक महिला को बेहोश पाया। लिंडा स्टीवेन्सन के शोक संदेश के मुताबिक, वह व्यवसाय करती थी और उन्हें परिवार-उन्मुख मां और दादी बताया गया है।

## ऑफ बीट

# आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे



क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं – लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है – एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण। यदि वस्तु का कोई बचा हुआ टुकड़ा जमीन से टकराता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है। अधिकांश वस्तु वायुमंडल में जल जाती है। प्रति वर्ष एक बार, औसतन, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह से टकराता है। यदि आपने उस सतह क्षेत्र को दोगुना कर दिया, तो आपको प्रति वर्ष दो मिलेंगे। पृथ्वी की त्रिज्या 6,400 किमी है। दोगुने सतह क्षेत्रफल वाले एक गोले की त्रिज्या 9,000 किमी है। तो, प्रति वर्ष लगभग एक बार, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह के 2,600 किमी के भीतर आएगा – 9,000 किमी और 6,400 किमी के बीच का अंतर।

## ट्रेंड

### ऐतिहासिक व्यापार समझौता



भारत और अमेरिका के बीच हुआ ऐतिहासिक व्यापार समझौता देश और विशेषकर हमारे राजस्थान के लिए प्रगति के नए द्वार खोलने वाला है। इस कदम से ज्वेलरी, हैंडीक्राफ्ट, गारमेंट और स्टोन इंडस्ट्री के लिए वैश्विक बाजार के द्वार खुलेंगे, जिससे निर्यात में वृद्धि होगी।
**- भजनलाल, सीएम, राजस्थान**

### सवालों का जवाब दे केंद्र



केंद्रीय भाजपा सरकार विपक्ष नेता राहुल गांधी द्वारा उठाए गए सवालों से क्यों डर रही है? सरकार को सदन के सदस्यों के सवालों का जवाब देने और राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक हितों से जुड़े मामलों पर स्पष्टता प्रदान करने के लिए तैयार रहना चाहिए।
**- एम.के. स्टालिन, सीएम, तमिलनाडु**

### दिल्ली असुरक्षित क्यों



दिल्ली में सिर्फ 15 दिन में 807 लोग गायब हो गए, ये हालात सामान्य नहीं, बेहद डराने वाले हैं। राजधानी में लोगों की सुरक्षा भगवान भरोसे छोड़ दी गई है। दिल्ली में हर स्तर पर बीजेपी के पास पूरी ताकत है, फिर भी दिल्ली इतनी असुरक्षित क्यों है ?
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### जनता के लिए हानिकारक



ये डील नहीं, ढील है। भाजपा की उल्टी गणित से जनता फिर पूछ रही है : ज़ीरो बड़ा या अठारह, इस देश में कोई भी डील जो 70 फीसदी कृषि आधारित जनता के लिए हानिकारक है वो कभी लाभकारी साबित नहीं हो सकती है।
**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# स्पीकर बिरला की विपक्ष को नसीहत, विरोध आवाज से नहीं शब्दों और तर्कों से किया जाना चाहिए

## हंगामे के बीच गोयल ने संसद में बताए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के फायदे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बजट सत्र के दौरान बुधवार का दिन भी संसद में हंगामे के ही नाम रहा। लोकसभा में कांग्रेस की अगुवाई में विपक्ष ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील, राष्ट्रपति अभिभाषण पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को न बोलने देने के मामले, मुख्य विपक्षी दल के 8 सांसदों को सत्र की बाकी बची हुई कार्रवाई से निष्कासित करने सहित अन्य मुद्दों को लेकर पोस्टर-बैनर सहित सरकार विरोधी नारेबाजी के साथ जमकर हंगामा किया। इसी शोर-शराबे के बीच केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने व्यापार समझौते को लेकर भारत का पक्ष देश के सामने रखा। एक बार के स्थगन के बाद जब दोपहर 12 बजे सदन की कार्रवाई की शुरुआत हुई तो गोयल बोलने के लिए खड़े हुए। उन्होंने ट्रेड डील का पुरजोर अंदाज में समर्थन करते हुए भारत को इससे बड़े पैमाने पर होने वाले फायदे गिनाए। केंद्रीय मंत्री ने कहा, दोनों देशों के बीच करीब एक साल की लंबी चर्चा के बाद यह महत्वपूर्ण क्षण आया है। जब वार्ताकारों के दल ने अपनी गहन बातचीत के साथ समझौते से जुड़े हुए कई क्षेत्रों को अंतिम रूप दे दिया है। जिसके तहत दोनों देश अपनी अर्थव्यवस्थाओं के अहम-संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा करते हुए संभव परिणाम चाहेंगे। भारत मुख्य रूप से कृषि और दुग्ध जैसे क्षेत्रों के हितों की रक्षा करने में सफल रहा है। समझौते पर चर्चा की शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी की पिछले साल फरवरी महीने में की गई अमेरिका यात्रा के बाद शुरू हुई थी। केंद्रीय मंत्री ने 140 करोड़ भारतीयों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने को सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता भी बताया है।

### टैरिफ घटेगा तो होगा यह लाभ

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच बीते सोमवार को टेलीफोन पर हुई बातचीत में द्विपक्षीय और वैश्विक



मुद्दों पर चर्चा की गई है। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत पर लगाए गए 25 फीसदी दंडात्मक टैरिफ को घटाकर 18 फीसदी करने के फैसले की भी घोषणा की है। जो अमेरिका द्वारा कई अन्य प्रतिस्पर्धी देशों पर लगाए गए टैरिफ से कम है। टैरिफ में कटौती से अब भारत का अमेरिका को किया जाने वाला निर्यात बढ़ेगा। साथ ही इससे श्रम प्रधान क्षेत्रों को महत्वपूर्ण, तुलनात्मक रूप से फायदा होगा। केंद्र ने खाद्य-कृषि जैसे प्रमुख क्षेत्रों में संवेदनशीलता का पूरी तरह से ध्यान रखा है। समझौते से छोटे और मझौले उद्योगों, कुशल श्रमिकों के लिए नए अवसर खुलेंगे, देश में नई और आधुनिक तकनीक आएगी। नवाचार के दृष्टिकोण से भी यह लाभप्रद साबित होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 की हमारी विकसित भारत की यात्रा को आगे बढ़ाने की दिशा में भी यह एक अहम कदम साबित होगा। इसके अलावा ये भारत-अमेरिका मजबूत जुड़ाव को भी प्रदर्शित करता है।

### विकसित और आत्मनिर्भर बनेगा भारत

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दोनों पक्ष समझौते पर आवश्यक तकनीकी प्रक्रियाओं को अंतिम रूप देने के काम में लगे हुए हैं। इसके संपन्न होने के बाद ही जरूरी घोषणा की जाएगी। डील की मदद से भारत के विकसित होने के साथ ही आत्मनिर्भरता भी बढ़ेगी।

### धूमिल होती सभागृह की प्रतिष्ठा

पीयूष गोयल के भाषण के दौरान भी हंगामा कर रहे विपक्षी सांसद अध्यक्ष के आसन के समीप पोस्टर-बैनर लेकर आए। जिनमें पीएम मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की फोन पर बात करते हुए और उसके ठीक बगल में पूर्व सेनाप्रमुख जनरल नरावणे की फोटो लगी हुई थी। पोस्टरों में लिखा था जो उचित समझो वो करो। हंगामे के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने हाथ में जनरल नरावणे की लिखी और प्रकाशित पुस्तक (फोर स्टार ऑफ डेस्टिनी) की एक प्रति लिए हुए थे। जिसे दिखाकर वो सरकार को यह बताने की कोशिश कर रहे थे कि ये पुस्तक प्रकाशित हुई है। वहीं, हंगामे के बीच लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्षी सांसदों को नसीहत देते हुए कहा कि यह देश का महत्वपूर्ण सदन है। अगर आप लोग मर्यादाओं को तोड़ेंगे तो लोगों का विश्वास टूटेगा। सत्ता पक्ष की ओर इस तरह से बैनर लेकर आ रहे हैं, विपक्ष को मर्यादाओं का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा, सदन में विरोध आवाज से नहीं बल्कि शब्दों और तर्कों से जताया जाता है। वैचारिक मतभेद पर बोलें लेकिन ये तरीका उचित नहीं है। यहां सभागृह की प्रतिष्ठा को गिराने का काम किया जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष के बयान के दौरान भी विपक्षी सांसद हंगामा करते रहे। जिसके बाद उन्होंने 12 बजकर 16 मिनट से 2 बजे तक के लिए कार्रवाई को स्थगित कर दिया।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता खरगे का आरोप

# संसद सत्र के समय डील की जानकारी भारत सरकार से नहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति से मिली, ये संसद का अपमान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता, मल्लिकार्जुन खरगे ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को भारतीय किसानों को बर्बाद करने वाला बताते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घुटने टेक रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि संसद सत्र के समय इस डील की जानकारी सांसदों को भारत सरकार से नहीं, बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिली, ये संसद का अपमान है। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अमेरिकी कृषि मंत्री के बयान का हवाला देते हुए कहा कि इस डील से अमेरिकी कृषि उत्पाद भारत के विशाल बाजार में ज्यादा निर्यात होंगे और ग्रामीण अमेरिका में नकदी जाएगी। खरगे ने कहा कि भारत के किसान भारी सब्सिडी वाले अमेरिकी उत्पादों से कैसे मुकाबला करेंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष ने इस डील को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि कृषि आयात बढ़ने से एमएसपी प्रणाली पर दबाव पड़ेगा। बिना तैयारी के करोड़ों भारतीय किसानों को संपन्न अमेरिकी किसानों के सामने खड़ा कर दिया गया। इस डील से किसानों को कुचलने की तैयारी की जा रही है। विफल विदेश नीति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाने पर लेते हुए खरगे ने कहा कि ट्रंप बार-बार भारत को अपमानित कर रहे हैं। ट्रंप का दावा है कि उन्होंने ट्रेड धमकी से भारत-पाक युद्ध रोका और मोदी ने उन्हें खुश करने के लिए रूसी तेल आयात घटाया। अब ट्रंप घोषणा करते हैं कि भारत वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। चीन को लेकर उन्होंने मोदी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि पहले 'लाल आंख' दिखाने वाले आज चीन के लिए ट्रेड का रेड कार्पेट बिछा रहे हैं, जबकि गलवान के बाद चीन लद्दाख-अरुणाचल पर दावा कर रहा है। वह भारत के



साथ आर्थिक रिश्ते अपनी शर्तों पर तय कर रहा है। उन्होंने इसे स्ट्रैटेजिक सरेंडर बताया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं, फिर भी मोदी सरकार चुप है।

सामाजिक न्याय पर खरगे ने कहा कि मोदी सरकार के शासन में महिलाओं, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बढ़े हैं। सरकार ने जातिगत जनगणना को पहले खारिज किया, अब मजबूरी में माना गया। मनरेगा, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार जैसे कानून कमजोर किए गए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की सोच में संविधान नीचे और मनुस्मृति ऊपर है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के एक मुख्यमंत्री के मुस्लिमों को निशाना बनाने वाले बयान और चर्चों पर हमले लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी हैं।

आर्थिक असमानता पर उन्होंने वर्ल्ड इनइक्वलिटी रिपोर्ट 2026 का हवाला देते हुए कहा कि देश में अमीर और अमीर, गरीब और गरीब हो रहे हैं। उन्होंने रुपये के गिरते मूल्य पर भी चिंता जताई। उन्होंने बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आज देशभर में 50 लाख से ज्यादा सरकारी पद खाली हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि देश भर में नौजवानों में बढ़ता नशा राष्ट्रीय चिंता का विषय है। खरगे ने याद दिलाया कि यूपीए सरकार ने मनरेगा को अधिकार आधारित बनाया था, जिसमें मांग पर करोड़ों मजदूरों को कानूनी गारंटी मिली थी। लेकिन मोदी सरकार ने नया कानून लाकर मजदूरों का अधिकार छीन लिया। अब देश में गरीब और कमजोर तबकों के लोग बंधुआ मजदूर बन जाएंगे। उन्होंने श्रम कानूनों को पूंजीपतियों के फायदे के लिए कमजोर करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष को संसद में कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों से जुड़े प्रश्नों पर चर्चा की अनुमति नहीं दी जा रही है। प्रधानमंत्री खुद सवालों से बचते हैं। उन्होंने कहा कि संसदीय जवाबदेही से बचना संसदीय विशेषाधिकार का उल्लंघन ही नहीं, लोकतंत्र को खत्म करने का तरीका है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार मनमाने तरीके से देश पर नए कानून थोपना चाहती है। इसलिए तमाम विधेयक जबरदस्ती पारित किए जाते हैं।

### लोकसभा की बात उठाई राज्यसभा में

लोकसभा में नेहरू,गांधी परिवार के अपमान पर अपनी आपत्ति दर्ज करते हुए खरगे ने कहा, जिस नेहरू, गांधी परिवार ने देश को बनाने में अपना सर्वोच्च न्योछावर किया उनके बारे में गलत बात बोली जा रही है। इस पर राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा, दूसरे सदन के मामले को उच्च सदन में नहीं उठाया जा सकता। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता ने जो कहा उसे रिकॉर्ड से निकाला जाना चाहिए। आसंदी से उपसभापति हरिवंश ने नियमों के अनुसार रिकॉर्ड पर बातें जाएंगी ऐसा आश्वासन सदन को दिया।

## खबर संक्षेप

### राजपाल को तिहाड़ में सरेंडर करने के आदेश

**नई दिल्ली।** राजपाल यादव की कानूनी मुश्किलें और भी बढ़ गई हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने 4 फरवरी को शाम 4 बजे तक सरेंडर करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने फैसले में कहा कि आपने कहा था कि आप बॉम्बे में हैं, इसलिए आपको सरेंडर के लिए 2 दिन का समय दिया गया था। मुझे नहीं लगता कि अब कोई आधार बचा है।



### एक्सप्रेसवे पर पलटा टैंकर 12 किमी लंबा जाम लगा

**नई दिल्ली।** मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर गैस टैंकर के पलटने के 18 घंटे बाद भी सड़क ठप पड़ी है। एक्सप्रेसवे पर हजारों गाड़ियां फंस गई है और दोनों ओर से सड़क पर भयंकर जाम लगा हुआ है। इससे महिलाओं और बच्चों समेत यात्रियों को बिना खाने, पानी या टॉयलेट की सुविधा के रहना पड़ा। यह जाम 12 किमी से लंबा था।



### कालसी दुर्घटना में घायलों को देखने पहुंचे धामी

**दून।** सीएम पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के दून अस्पताल में कालसी में हुए हिमाचल रोडवेज बस हादसे में घायल हुए लोगों से मुलाकात की और उनका हालचाल पूछा। धामी ने हादसे में घायल सभी लोगों का ठीक से इलाज सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, बोलीं ममता

# चुनाव आयोग को बताया वॉट्सएप आयोग नाम काटने के लिए की जा रही कार्रवाई

## ममता के वकील ने कहा- दिया था तार्किक विसंगतियों की सूची प्रदर्शित करने का निर्देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण( एसआईआर) को लेकर सुनवाई हुई। इस दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी खुद वकीलों के बीच मौजूद थीं। सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और विपुल एम. पंचोली की पीठ ने की। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उन्हें बंगाल के अपने दो साथी न्यायाधीशों से जानकारी मिली, जिन्होंने पास प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया समझाई और इसी समझ के आधार पर इस मुद्दे को शामिल किया गया।

मामले में सीएम ममता का पक्ष रखने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने बताया कि न्यायालय ने पहले तार्किक विसंगतियों की सूची प्रदर्शित करने का निर्देश दिया था। सीजेआई ने कहा कि न्यायालय को सूचित किया गया था कि सूची संचार का एकमात्र माध्यम नहीं है और संबंधित व्यक्तियों को व्यक्तिगत नोटिस भी जारी किए जा रहे हैं। इस दौरान ममता ने चुनाव आयोग को 'वॉट्सएप आयोग' कहा।

सीजेआई की पीठ ने की सुनवाई



खुद वकीलों के बीच मौजूद रहीं सीएम ममता

### 32 लाख मतदाता सूचीबद्ध नहीं बंगाल सरकार

अधिवक्ता श्याम दीवान ने याचिकाकर्ता के संक्षिप्त नोट पर विचार करने का आग्रह किया और बताया कि इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए 4 दिन शेष हैं। उन्होंने कहा कि 32 लाख मतदाता सूचीबद्ध नहीं हैं, 1.36 करोड़ नाम तार्किक विसंगति सूची में हैं, और 63 लाख मामलों की सुनवाई अभी लंबित है। उन्होंने यह भी बताया कि 8,300 सूक्ष्म पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया गया है।

### नाम के उच्चारण पर हो रही असुविधा

न्यायमूर्ति बागची ने टिप्पणी की कि बंगाल में श्री द्विवेदी का उच्चारण 'दिबेदी' होगा, और बताया कि बंगाली भाषा में 'वा' की ध्वनि नहीं है। मुख्य न्यायाधीश ने जवाब दिया कि कम से कम उनके नाम का उच्चारण तो सही होगा, जिस पर ममता ने बीच में ही टोकते हुए कहा कि ऐसा नहीं होगा। वरिष्ठ अधिवक्ता दीवान ने बताया कि नाम संबंधी विसंगतियों के कारण सीमित समय का एक बड़ा हिस्सा बर्बाद हो रहा है और मतदाताओं को गंभीर असुविधा हो रही है। सीजेआई ने विर्चिन आयोग के वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी से पूछा कि कुछ विसंगतियां स्थानीय बोलियों और उच्चारण में भिन्नता के कारण उत्पन्न होती हैं और इस तरह की समस्याएं पूरे देश में होती हैं।

### जबरन नाम हटाए जा रहे

बेनर्जी ने कहा कि वे ठोस उदाहरण दे रही हैं और प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित तस्वीरें भी दिखा सकती हैं। एसआईआर का उपयोग केवल नाम हटाने के लिए किया जा रहा है। ममता ने कहा कि जब कोई बेटी शादी के बाद अपने ससुराल जाती है, तो सवाल उठते हैं कि वह अपने पति का उपनाम क्यों इस्तेमाल कर रही है? ऐसी कई महिलाओं के नाम एकतरफा तरीके से मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि फ्लैट खरीदने या निवास स्थान बदलने वाले गरीब लोगों के नाम भी हटाए जा रहे हैं।

### आयोग ने किसी पत्र का जवाब नहीं दिया

सीएम ममता ने बताया कि आधार कार्ड को मान्यता देने के निर्देश के बाद बंगाल के लोगों को राहत मिली है। अन्य राज्यों में निवास प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज स्वीकार किए जाते हैं। केवल बंगाल को ही निशाना बनाया जा रहा है। ममता ने कहा कि चुनाव आयोग को छह पत्र लिखे जा चुके हैं। इस दौरान आयोग द्वारा एक भी पत्र का जवाब नहीं आया है। स्वयं को बंधुआ मजदूर बताते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वह किसी राजनीतिक दल के लिए नहीं, बल्कि एक व्यापक उद्देश्य के लिए लड़ रही हैं।

### यहां भाजपा शासित राज्यों से सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की हुई नियुक्ति

सीएम ममता ने आरोप लगाया कि मतदाता पंजीकरण अधिकारियों को प्रभावी रूप से उनके अधिकार छीन लिए गए हैं। भाजपा शासित राज्यों से सूक्ष्म पर्यवेक्षकों को नामों को हटाने के लिए नियुक्त किया गया है। ये बिना उचित सत्यापन के कार्यालयों में बैठे-बैठे ही नाम हटा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि फॉर्म 6 भरने की अनुमति नहीं दी गई है, जिसके परिणामस्वरूप लाखों नाम हटा दिए गए हैं। कई जीवित व्यक्तियों को गलत तरीके से मृत घोषित कर दिया गया है। 58 लाख नाम काट दिए गए, उनके पास अपील करने का विकल्प नहीं था।

### ममता ने आयोग को कठघरे में खड़ा किया

ममता ने चुनाव आयोग को 'वॉट्सएप आयोग' कहा और कहा कि आयोग वॉट्सएप से अनौपचारिक आदेश जारी कर रहा था। 4 राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, 24 साल बाद, तीन महीने में यह सब करने की क्या जल्दी थी? जब फसल कटाई का मौसम चल रहा है।

शहजाद की मां का एक्सीडेंट, बोले

# घृणित इंसान ने जान-बूझकर चढ़ाई कार, आरोपी हुआ फरार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला की मां का एक्सीडेंट हो गया है। उन्होंने एक्स पर खुद इस घटना की जानकारी दी। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि उनकी मां की सर्जरी करानी पड़ेगी। कृपया उनके लिए प्रार्थना करें। वहीं पूनावाला के भाई तहसीन पूनावाला ने इस घटना का वीडियो भी एक्स पर शेयर किया है। इसमें देखा जा सकता है कि एक कार पीछे की तरफ आती है और वहां खड़ी शहजाद की मां को टक्कर मार देती है। शहजाद ने पुलिस ने कार्रवाई की मांग की है।

### सर्जरी करवानी पड़ेगी

माताजी की बहुत जल्द एक सर्जरी करानी पड़ेगी। कृपया उनके लिए प्रार्थना करें। मेरी मां सबसे दयालु और सबसे अच्छे इंसानों में से एक हैं और इस उम्र में उनके साथ यह होना मुझे अंदर तक कचोट रहा है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुणे पुलिस और सीएम देवेंद्र फडणवीस को एक्स पर टैग भी किया है। उन्होंने कहा है कि पुलिस आरोपी त्वरित गिरफ़्तार कर उसे उचित सजा दिलाए।

### भाई ने शेयर किया एक्सीडेंट का वीडियो

शहजाद के भाई तहसीन ने एक्स पर एक पोस्ट में दी है। उन्होंने अपनी मां के साथ हुए हादसे का वीडियो भी एक्स पर शेयर किया है। तहसीन ने एक्स पर लिखा, मेरी मां, जो एक सीनियर सिटिजन हैं, मेरे ड्राइवर और एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट के साथ ड्राइव पर गई थीं और किसी ने उन्हें टक्कर मार दी।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 84 BNSS देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक पुत्र श्री गोल्डी निवासी एफ-1/165, मंगोलपुरी, नारायणा, पश्चिम दिल्ली** ने एफआईआर नं./ कोर्ट केस नं. **020160/2021 अन्तर्गत धारा 379/411/34 आईपीसी, थाना प्रसाद नगर, केंद्रीय जिला, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक** मिल नहीं रहा/रही है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा अभियुक्त व्यक्तिय की उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं./ कोर्ट केस नं. **020160/2021 अन्तर्गत धारा 379/411/34 आईपीसी, थाना प्रसाद नगर, केंद्रीय जिला, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दीपक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.05.2026** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री करणबीर सिंह**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-02
कमरा नं. 26, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/1305/CD/2026**
**(Court Matter)**



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नवल** पुत्र मोती लाल, निवासी सी–1/16, शाहबाद डेयरी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 115/18 धारा 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नवल** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नवल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 115/18 धारा 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **नवल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **10.03.2026** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री सार्थक पंवार
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05 (उत्तर)
कमरा नं. 114, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/1484/ON/2026


कहा, एलीजिबिलिटी पूरी करने वाली कॉलोनी को जल्द किया जाएगा वैध

# फर्जी बिलों पर साइन करने का दबाव बनाने वाले वन विभाग के अधिकारी पर होगी कार्रवाई, फटकार भी लगाई : नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कर्मचारी से फर्जी बिलों पर साइन करने का दबाव बनाने वाले वन विभाग के अधिकारी पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री को शिकायत में गुरमीत ने बताया कि वह फौज से रिटायर है और अब वन विभाग में नौकरी कर रहा है। वन विभाग का एक अधिकारी उससे फर्जी बिलों पर साइन करने का दबाव बना रहा है, जब उसने मना किया तो उसे कार्रवाई करने का डर दिखाया।

मुख्यमंत्री ने लाडवा विधानसभा के लोगों की समस्याओं को हल करने में लापरवाही बताने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को फटकार लगाई। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में बुजुर्गों को परिवार पहचान पत्र में 60 वर्ष पूरे होने और आयु के सत्यापन के बाद बिना किसी आवेदक के बुढ़ापा पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेशभर में पेंशन काटने की जो शिकायत उनके पास आ रही है। उनका विभागीय स्तर पर समाधान किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कोई नागरिक अपनी समस्या लेकर आता है तो अधिकारी तुरंत संज्ञान लेते हुए समस्या का समाधान करें। अधिकारी नागरिक की समस्या का समाधान जल्दी करें। चक्कर लगाने वाले अधिकारियों व कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री बुधवार को लाडवा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान आमजन की समस्याओं को सुन रहे थे। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा भी उपस्थित रहे।

इस दौरान करीब 225 समस्याओं को सुना और मौके पर ही उन समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। नायब सिंह सैनी ने उपायुक्त को निर्देश दिए कि सोलर लाइट लगाने की परियोजना में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की जाए और भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों की रिपोर्ट बनाकर भेजी जाए। मुख्यमंत्री ने टाटकी की नर्सरी के खिलाड़ियों को डाइट का पैसा न मिलने के मामले में उपायुक्त को जांच करने के निर्देश दिए। नायब सिंह सैनी ने कहा कि जल्द ही एलीजिबिलिटी पूरी करने वाली कॉलोनी को वैध घोषित किया जाएगा। इन कॉलोनियां के वैध होने के बाद इनको सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने अवैध कॉलोनी में पीने के पानी, सफाई जैसी समस्याओं को लेकर आए नागरिकों की सुनवाई के दौरान ऐसा कहा। मुख्यमंत्री ने लाडवा शहर में सीवर पाइप लीक होने के मामले में अधिकारी को फटकार लगाते हुए कहा कि शाम तक इस लीकेज को दुरुस्त किया जाए।


**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रोहतक | भिवानी में एनजीएम/एनवीएम और चारा मण्डी में अतिरिक्त हाई मास्ट लाइटिंग स्थापना और स्ट्रीट लाइट का प्रावधान + 2 कार्य। | 03.02.2026 10.02.2026 | 65,29,006/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812100311 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/42684/I/88/7 दि. 04.02.26

## खबर संक्षेप

### टाटा पावर का लाभ मामूली बढ़कर 1,194 करोड़ रुपये




नई दिल्ली। टाटा पावर का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ मामूली रूप से बढ़कर 1,194 करोड़ रुपये हो गया। राजस्व में कमी के बावजूद कंपनी के मुनाफे में यह बढ़त दर्ज की गई है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में कंपनी को 1,188 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था।

### बजाज फिनसर्व का शुद्ध लाभ 2,229 करोड़ रुपये पर स्थिर

नई दिल्ली। बजाज फिनसर्व का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ लगभग स्थिर रहा और यह 2,229 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 2,231 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में अक्टूबर-दिसंबर 2025 तिमाही के वित्तीय नतीजों की जानकारी दी। आलोच्य तिमाही में बजाज फिनसर्व की कुल आय बढ़कर 39,708 करोड़ रुपये हो गई।

वित्त मंत्रालय ने कहा, बजट में की गई घोषणा, विदेशी कंपनियों को निश्चितता प्रदान करेगी

# भारत में डेटा सेंटर स्थापित करने वाली विदेशी कंपनियों पर कोई कर जोखिम नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर क्लाउड सेवाएं प्रदान करने वाली विदेशी कंपनियों को 20 साल की कर छूट देने का बजट प्रस्ताव केवल उन्हीं कंपनियों पर लागू होगा, जिन्होंने भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से अधिसूचित डेटा सेंटर स्थापित किया है। ऐसे मामलों में इन विदेशी कंपनियों की वैश्विक आय पर भारत में कर लगाए जाने का कोई जोखिम नहीं होगा।

वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि बजट की यह घोषणा उन विदेशी कंपनियों को भी निश्चितता प्रदान करेगी, जो भारत में डेटा सेंटर से क्लाउड सेवाएं और खरीद सेवाएं प्राप्त करने के कारोबार में हैं। सूत्रों ने कहा, '' अब भारतीय डेटा सेंटर वैश्विक क्लाउड इकाइयों को आत्मविश्वास के साथ अपनी सेवाएं दे सकते हैं क्योंकि इन वैश्विक इकाइयों को भारतीय डेटा सेंटर का उपयोग करने पर किसी कर जोखिम की आशंका नहीं रहेगी।

## क्लाउड सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनियों को मिलेगा फायदा




### 15 प्रतिशत का सुरक्षित मुनाफा उपलब्ध कराया गया

भारतीय डेटा सेंटर विदेशी कंपनी की संबद्ध इकाई (कॉस्ट-प्लस सेंटर) हालांकि जहां है, वहां 15 प्रतिशत का सुरक्षित मुनाफा (सेफ हार्बर) उपलब्ध कराया गया है। सूत्रों के अनुसार, विदेशी क्लाउड सेवा इकाइयों के लिए कर उपचार समान रहेगा, चाहे डेटा सेंटर भारतीय स्वामित्व का हो या वैश्विक इकाई की अनुषंगी कंपनी हो। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने 2026-27 के बजट में घोषणा की थी कि जो भी विदेशी कंपनी भारत से डेटा सेंटर सेवाओं का उपयोग कर वैश्विक ग्राहकों को क्लाउड सेवाएं प्रदान करती है, उसे 2047 तक कर छूट दी जाएगी।

### सेवा ली जाने वाली कंपनी भारतीय होनी चाहिए

दूसरी शर्त यह है कि भारत में जिस डेटा सेंटर कंपनी से सेवाएं ली जा रही हैं, वह एक भारतीय कंपनी हो। तीसरी शर्त यह है कि डेटा सेंटर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा अधिसूचित हो। विदेशी कंपनी का भारतीय उपयोगकर्ताओं को सेवाएं एक भारतीय 'रीसेलर' इकाई (जो कि एक भारतीय कंपनी हो) के माध्यम से प्रदान करना चौथी शर्त है।

### कंपनियों के वैश्विक आय पर भारत में नहीं लगेगा कर

वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने कहा, '' इस आधार पर विदेशी कंपनियों की वैश्विक आय पर भारत में कर लगाए जाने का कोई जोखिम नहीं होगा।''
प्रस्ताव को स्पष्ट करते हुए सूत्रों ने बताया कि कर छूट का लाभ उठाने के लिए विदेशी कंपनी को चार आवश्यक शर्तें पूरी करनी होंगी। पहली शर्त यह है कि विदेशी कंपनी अधिसूचित हो।

### 350 विदेशी कंपनियों ने कराया पंजीयन

कंपनी अधिनियम के अनुसार, विदेशी कंपनियां वे होती हैं जिनका गठन भारत के बाहर हुआ हो और जिनका भारत में व्यवसाय स्थल हो। ये कंपनियां विदेशी पूंजी से स्थापित होती हैं। 2020 से 2024 के बीच विभिन्न क्षेत्रों की करीब 350 विदेशी कंपनियों ने कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय में पंजीकरण कराया है।

# आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक हुई शुरू

## रेपो दर को यथावत रखने की संभावना




एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने बुधवार को द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा पर विचार-विमर्श शुरू कर दिया। यह बैठक अर्थव्यवस्था में वृद्धि पर केंद्रित आम बजट और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की घोषणा की पृष्ठभूमि में हो रही है, जिससे बाजार की धारणा मजबूत हुई है। मौद्रिक नीति समिति का फैसला शुक्रवार सुबह गवर्नर मल्होत्रा द्वारा घोषित किया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना कि भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले फरवरी से अब तक प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 1.25 प्रतिशत अंक की कटौती कर दी है और चूंकि फिलहाल न तो वृद्धि और न ही मुद्रास्फीति के मोर्चे पर कोई बड़ी चिंता है, इसलिए इस बार दरों में यथास्थिति बनाए रखी जा सकती है। रिपोर्ट में कहा गया, ''हमारा यह भी मानना है कि आरबीआई ने अब ब्याज दरों में कटौती करना बंद कर दिया है, लेकिन वह अपने तरलता प्रावधानों का सावधानीपूर्वक प्रबंधन करना जारी रखेगा।

PUBLIC NOTICE
This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.
VEHICLES FOR SALE
1) ASHOK_LEY AL_5525
REG. NO. NL01AH2860-YOM- 2023
2) TATA MOTORS TATAACE
REG. NO. DL1LAJ9567-YOM-2023
3) ASHOK_LEY AL_GA1920
REG. NO. HR38AF3195-YOM -NA
4) FORCE FORCE19D
REG. NO. DL1VC4909-YOM-2024
5) EICHR_VECV 1095_GOODS
REG. NO. HR38AA6282-YOM-2019
6) EICHR_VECV EICPRO3019
REG.NO. HR38AB8543-YOM-2021
7) TATA MOTORS LPT1212
REG. NO. HR55AM0985-YOM-2022
8) TATA MOTORS LPT1109T
REG. NO. UP15GT8447-YOM-NA
9) TATA MOTORS T_INTRAV20
REG.NO. DL1LAM9326-YOM- NA
10) TATA MOTORS TATA3118_T
REG.NO. RJ14GJ3039-YOM-2017
11) BHARATBENZ BB1617RGC
REG.NO. HR38AC0412-YOM- 2022
12) ASHOK_LEY AL3520CC
REG.NO. UP13CT8187-YOM- 2023
13) EICHR_VECV EICHER_PRO
REG.NO. HR38AD5549-YOM- 2022
UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7,
SECTOR 125, NOIDA-201313
OR CONTACT : RAMAN AHUJA
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377988238
EMAIL-raman.ahuja@kotak.com


दो माह बाद दिए गए जांच के आदेश

# सीसीआई ने दिए इंडिगो के खिलाफ जांच के आदेश




नई दिल्ली । भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने परिचालन अड़चनों के कारण दिसंबर में हजारों उड़ानें रद्द किए जाने के मामले में बुधवार को देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के खिलाफ विस्तृत जांच का आदेश दिया। घटना के करीब दो महीने बाद जारी इस आदेश में सीसीआई ने कहा कि बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द कर इंडिगो ने अपनी निर्धारित क्षमता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बाजार से हटा लिया, जिससे कृत्रिम अभाव की स्थिति पैदा हुई और व्यस्त मांग के दौरान यात्रियों की हवाई यात्रा तक पहुंच सीमित हुई। आयोग ने कहा, /''किसी प्रभुत्वशाली कंपनी की तरफ से ऐसे आचरण को प्रतिस्पर्धा अधिनियम की धारा चार (2)(बी)(आई) के तहत सेवाओं की आपूर्ति सीमित करने के रूप में देखा जा सकता है। प्रतिस्पर्धा अधिनियम की धारा चार बाजार में दबदबे की स्थिति के दुरुपयोग से संबंधित है। ने कहा कि प्रथम दृष्टया इंडिगो का यह आचरण भारत में प्रतिस्पर्धा पर प्रतिकूल प्रभाव डालता प्रतीत होता है। इसके मद्देनजर आयोग ने मामले की विस्तृत जांच के लिए अपने महानिदेशक को निर्देश दिए हैं।

## आईटी शेयर में बड़ी गिरावट से बाजार की बढ़त सीमित





मुंबई । सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के शेयरों में तेज गिरावट के बीच घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को मामूली बढ़त दर्ज की गई। सेंसेक्स 79 अंक की बढ़त पर रहा जबकि निफ्टी 48 अंक चढ़कर बंद हुआ। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी और कच्चे तेल के दाम में तेजी से भी निवेशक धारणा प्रभावित हुई। हालांकि, चुनिंदा शेयरों में तेजी से सूचकांक हल्की बढ़त के साथ बंद हुए। पिछले कारोबारी सत्र में जोरदार उछाल के बाद बीएसई का 30 शेयर वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 78.56 अंक बढ़कर 83,817.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 83,947.53 अंक के उच्चस्तर तक गया और 83,119.95 अंक के निचले स्तर तक आया। इस तरह इसमें 827.58 अंक का उतार-चढ़ाव देखा गया। निफ्टी 48.45 अंक यानी 0.19 प्रतिशत चढ़कर 25,776 अंक पर बंद हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा, '' वैश्विक बाजार के मिले-जुले संकेतों और हालिया वैश्विक प्रौद्योगिकी शेयरों में कमजोरी का असर घरेलू आईटी शेयर पर भी पड़ा।''

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **केवल कृष्ण कुमार पुत्र** स्व0 जुगल किशोर कुमार, **निवासी:** ई–202, रमेश नगर नई दिल्ली–110015, ने **CC No. 59/2016, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन राजेंद्र नगर, केन्द्रीय जिला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **केवल कृष्ण कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **केवल कृष्ण कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 59/2016, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन राजेंद्र नगर, केन्द्रीय जिला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **केवल कृष्ण कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.03.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री अरविंद तोमर
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)–07,
केंद्रीय जिला, कमरा नं0–507, विस्तार खण्ड,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/1541/CD/2026
(Court Matter)

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## सन फार्मा ने तीन साल के लिए आरसीबी से की साझेदारी

नई दिल्ली । सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज ने बुधवार को कहा कि उसने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ वर्ष 2026 सत्र से शुरू होने वाले तीन साल की अवधि के लिए प्रमुख प्रायोजक और स्वास्थ्य साझेदार के रूप में साझेदारी की है। कंपनी ने बयान में कहा कि यह साझेदारी मुंबई स्थित दवा कंपनी का क्रिकेट प्रायोजन में पहला कदम है, जो उसकी कॉरपोरेट ब्रांड यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। सन फार्मा के प्रबंध निदेशक, कीर्ति गनोरकर ने कहा, ''आरसीबी और सन फार्मा दोनों अपने-अपने क्षेत्रों में अगुवा हैं, और यह सहयोग निरंतरता, जुनून और नवाचार के हमारे साझा मूल्यों को दर्शाता है।'' उन्होंने कहा कि इस साझेदारी के जरिये सन फार्मा का लक्ष्य पूरे भारत में लोगों के साथ अपने कॉरपोरेट ब्रांड संपर्क को मजबूत करना है, उन्हें उस कंपनी के करीब लाना है जिस पर वे हर दिन दवाओं के लिए भरोसा करते हैं।

### दो बांड एक साथ

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) राजेश मेनन ने कहा, ''सन फार्मा का हमारे साथ प्रधान प्रायोजक के बतौर जुड़ना इस प्रतिबद्धता को मजबूत करता है, जो प्रभाव और नवाचार पर केंद्रित दो ब्रांड को एक साथ लाता है।''

## सिगरेट पर ऊंचे कर से बढ़ेगा अवैध कारोबार

नई दिल्ली। इस महीने की शुरुआत से लागू हुए अतिरिक्त उत्पाद शुल्क के कारण सिगरेट की कीमतों में हुई बढ़ोतरी से इसके अवैध व्यापार में उछाल आ सकता है और कर संग्रह पर दबाव पड़ सकता है। एक रिपोर्ट में बुधवार को यह आशंका जताई गई। 'सिगरेट पर नया कर शासन और उसका प्रभाव' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट में कहा गया है कि संपूर्ण सिगरेट मूल्य श्रृंखला और अर्थव्यवस्था पर उच्च कर दरों का प्रभाव काफी गहरा होगा, जिसे बाद में बदलना मुश्किल हो सकता है। अर्था आर्बिट्रेज कंसल्टिंग ने अपनी रिपोर्ट में कहा, सिगरेट कर दरों में मौजूदा वृद्धि से न केवल अवैध सिगरेट व्यापार और खपत को बढ़ावा मिलने की संभावना है, बल्कि इसके व्यापक सामाजिक-आर्थिक प्रभाव भी होंगे। एक फरवरी से पान मसाला पर स्वास्थ्य उपकर के साथ-साथ सिगरेट और तंबाकू उत्पादों पर 40 प्रतिशत की उच्चतम जीएसटी दर के ऊपर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लागू हो गया है। रविवार से अतिरिक्त उत्पाद शुल्क लागू होने के बाद 10 स्टिक वाले सिगरेट के एक पैक की कीमतों में न्यूनतम 22 से 25 रुपये की वृद्धि हुई है। आंकड़ों के मुताबिक, बढ़ती कीमतों से अवैध तंबाकू उत्पादों की मांग लगभग 39 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है, जिससे सिगरेट की कुल अवैध खपत 46 अरब स्टिक से अधिक हो सकती है।

## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग–दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख–रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## भारत दो-तीन दशकों में 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा: अंबानी



नई दिल्ली । रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश डी अंबानी ने कहा कि भारत अगले 20–30 वर्षों में 25 से 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता रखता है और यह दौर देश की युवा पीढ़ी के लिए निवेश का एक बहुत बड़ा अवसर होगा। मुंबई में आयोजित जियो–ब्लैकरॉक कार्यक्रम इन्वेस्टिंग फॉर ए न्यू एरा में ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक के साथ फायरसाइड चैट के दौरान अंबानी ने भारत की विकास यात्रा का स्पष्ट खाका पेश किया। जियो ब्लैकरॉक इवेंट में मुकेश अंबानी ने कहा कि भारत पारंपरिक रूप से बचत का देश रहा है, लेकिन अब समय है कि देश के आगे बढ़ने का फायदा निवेश करके उठाया जाए। बचत को निवेश में बदला जाए। सेविंग्स का पैसा यदि कैपिटल मार्केट्स में निवेश हो, तो इससे न केवल परिवारों की संपत्ति बढ़ेगी बल्कि देश की आर्थिक वृद्धि को भी गति मिलेगी। लैरी फिंक ने भी इस विचार का समर्थन करते हुए कहा कि लॉन्ग-टर्म इक्विटी निवेश भारत जैसे तेजी से बढ़ते देश में संपत्ति सृजन का सबसे प्रभावी जरिया बन सकता है।

## वंदे भारत स्लीपर ट्रेनसेट के 260 रैक बनाने की योजना: अश्विनी वैष्णव



नई दिल्ली। वंदे भारत स्लीपर जैसी नई रोलिंग स्टॉक के विकास की प्रक्रिया में एक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है, जिसमें सुरक्षित, विश्वसनीय और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी नवाचार, रणनीतिक योजना और उत्पादन का संयोजन शामिल है। इसमें प्रोटोटाइप का विकास, व्यापक परीक्षण और प्रयोग के बाद श्रृंखला उत्पादन शामिल है।
वंदे भारत स्लीपर ट्रेन निर्माण कार्यक्रम को बीईएमएल और इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई और प्रौद्योगिकी भागीदारों द्वारा प्रोटोटाइप विकास, प्रयोग और श्रृंखला उत्पादन के माध्यम से चरणबद्ध तरीके से निष्पादित किया जा रहा है।
इन ट्रेनसेटों को नियमित यात्री सेवा में शामिल करना मांग और परिचालन तत्परता के आधार पर चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। वंदे भारत स्लीपर ट्रेनसेट के कुल 260 रेक के निर्माण की योजना बनाई गई है।
यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने और सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा के मामले में नए मानक स्थापित करने के लिए, इन ट्रेनसेटों में आधुनिक कोच लगाए गए हैं ।

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **युवराज शर्मा (निदेशक) मैसर्स एनएमएम प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड पुत्र:** श्री राज कुमार शर्मा **पता:** फ्लैट नंबर 102 (9201) टावर 9 एटीएस वन हैमलेट सेक्टर 4 नोएडा जीबी नगर ने **Ct 360/2020 थाना: मंडावली दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **युवराज शर्मा** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **युवराज शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Ct 360/2020 थाना: मंडावली दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **युवराज शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सचिन
जेएमएफसी–03, पूर्वी जिला, कमरा नंबर–16
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/1551/ED/2026
(Court Matter)

## शब्द पहेली - 6129



**बाएँ से दाए**
1. पावर हाऊस -5
4. दिमागी, कल्पित-4
7. हृदय-2
8. खोदना-3
9. प्रचार वाक्य, स्लोगन-2
10. नुकीला-4
11. कलिका-2
13. प्यारा, लाडला-3
14. विशिष्ट, विशेष-2
15. खर्च, उपभोग-3
17. नौका-2
19. नाम करण-2,3
22. चमकीला-5
25. महोदय (अंग्रेजी-2)
26. रनिवास, जनवासा-3
28. संध्या, सांझ-2
29. दलना, महीन करना-3
30. जस, सम्मान -2
32. कारागृह-4
34. आलाप, लय, सुर-2
36. पागल स्त्री-3
37. इंकार, मना-2
38. सराबोर, सना हुआ -4
39. वेश्या, तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**
1. चूहे का घर-2
2. नेता-3
3. सार-संभार-2,3
4. आदर्श, कसौटी-3
5. छाती-2
6. अचरज भरा कार्य-4
7. हृदय को ठेस लगना-5
10. अनवरत वर्षा-4
12. जूं का अंडा-2
16. ओट, घूंघट-3
17. मां के पिता-2
18. दुख, कष्ट-2
20. राष्टीय पक्षी-3
21. पत्र, लैटर-2
22. गुप्तचर, दूत-2
23. कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24. रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25. समयुगीन, समवर्ती-5
26. बंद, स्ट्राइक-4
27. सुरा, शराब-2
31. वचन, प्रतिज्ञा-3
33. बंदर-3
35. नथनी, नथिया-2
37. शहद-2

**शब्द पहेली- 6128 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | र | म | म | सा | ला | | क | दा | चा | र |
| ती | खा | | हा | | चा | क | र | | र | वा |
| वि | | अ | ज | ग | र | | म | ल | | य |
| धी | मा | प | न | | | म | | की | म | त |
| ही | | ल | | श | ता | न | न | | जा | |
| न | म | क | दा | नी | | मा | न | सि | क | ता |
| | क | | म | च | ल | ना | | या | | र |
| अ | र | ज | | र | | | ऐ | रा | व | त |
| ह | | स | द | | न | रो | त | म | | म्य |
| म | न | | ख्र | स | म | | बा | | टा | पू |
| क | र | त | ल | | श | रा | र | त | पू | र्ण |



# कोपा डेल रे : बार्सिलोना लगातार चौथी बार सेमीफाइनल में, अल्बासेटे को हराया



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

लामिन यामल और रोनाल्ड अरौजो ने प्रत्येक हाफ में एक-एक गोल किया, जिससे बार्सिलोना ने दूसरी श्रेणी की टीम अल्बासेटे को 2-1 से हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अल्बासेटे ने राउंड ऑफ 16 में रियाल मैड्रिड को हराकर सबको चौंका दिया था।

बार्सिलोना के सामने भी उसने अच्छी चुनौती पेश की। बार्सिलोना की सभी टूर्नामेंटों में खेले गए पिछले 17 मैचों में यह 16वीं जीत है। वह लगातार चौथी बार कोपा सेमीफाइनल में पहुंचा है। उसने पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड को हराकर खिताब जीता था। बार्सिलोना स्पेनिश लीग में शीर्ष पर है और रियाल मैड्रिड से एक अंक आगे है। कोपा का सेमीफाइनल दो चरणों में खेला जाएगा। फाइनल अप्रैल में सेविला में होगा।

# इंग्लिश लीग कपः आर्सेनल ने चेल्सी को हराया, फाइनल में एंट्री



एजेंसी ▶▶| लंदन

आर्सेनल ने इस सत्र में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चेल्सी को हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। काई हावर्ट्ज ने खेले गए सेमीफाइनल के दूसरे चरण में अपने पूर्व क्लब के खिलाफ स्टॉपेज टाइम में गोल किया, जिससे आर्सेनल ने चेल्सी को 1-0 से हराया। इस तरह से उसने कुल मिलाकर 4-2 के अंतर से जीत हासिल की। आर्सेनल की टीम ने 2020 से कोई ट्रॉफी नहीं जीती है लेकिन इस सत्र में उसने अब तक बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। उसकी टीम प्रीमियर लीग में छह अंकों की बढ़त के साथ 2004 के बाद पहली बार इंग्लिश चैंपियन बनने की दौड़ में है और लगातार आठ जीत के बाद चैंपियंस लीग तालिका में भी शीर्ष पर है। इसके अलावा आर्सेनल एफए कप के चौथे दौर में भी पहुंच गया है। इंग्लिश लीग कप के फाइनल में आर्सेनल का मुकाबला 22 मार्च को मैनचेस्टर सिटी या न्यूकैसल से होगा। मैनचेस्टर सिटी की टीम सेमीफाइनल के पहले चरण के बाद 2-0 से आगे है।

## खबर संक्षेप



### रोहित-कोहली को खेलना जारी रखना चाहिए : धोनी

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा का समर्थन करते हुए कहा है कि उन्हें कोई यह न बताए कि वे खेलना जारी रख सकते हैं या नहीं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय टीम घरेलू धरती पर होने वाले टी20 विश्व कप में खतरनाक साबित होगी। धोनी ने खेल प्रसारक जतिन सप्रू के साथ एक साक्षात्कार में भारतीय क्रिकेट पर अपने विचार व्यक्त किए। बातचीत के दौरान जब रोहित (38 वर्ष) और कोहली (37 वर्ष) के 2027 वनडे विश्व कप खेलने की संभावना को लेकर बात हुई तो धोनी ने पहले चुटकी लेते हुए कहा, 'माफ़ कीजिए, सवाल क्या है।' लेकिन धोनी ने तुरंत ही गंभीर लहजा अपनाते हुए पूछा, 'क्यों नहीं। किसी को विश्व कप क्यों नहीं खेलना चाहिए। मेरे लिए उम्र कोई मापदंड नहीं है। मेरे लिए प्रदर्शन और फिटनेस ही मापदंड हैं। मेरा मानना है कि किसी को कुछ भी बताने की जरूरत नहीं है। लेकिन यह स्पष्ट होना चाहिए कि सबके साथ एक जैसा व्यवहार किया जाएगा।' उन्होंने कहा, ''जब मैंने पदार्पण किया तब मैं 24 साल का था।

### 14 फरवरी को आइजोल अंतरराष्ट्रीय हाफ मैराथन



**आइजोल।** दूसरी आइजोल अंतरराष्ट्रीय हाफ मैराथन (एआईएचएम) 14 फरवरी को आयोजित की जाएगी। मिजोरम के खेल मंत्री लालनघिंगलोवा हमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हाफ मैराथन में देश भर के प्रमुख खिलाड़ी भाग लेंगे। इस दौड़ की शुरुआत राजीव गांधी स्टेडियम से होगी और इसका समापन भी वहीं पर होगा। पहली आइजोल अंतरराष्ट्रीय हाफ मैराथन का आयोजन पिछले साल अप्रैल में किया गया था, जिसमें देश भर से 1,500 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। हमार ने कहा, 'आइजोल के पास सैरांग तक रेलवे नेटवर्क के विस्तार के बाद हम देश भर से एथलीटों और दर्शकों की रिकॉर्ड तोड़ भागीदारी की उम्मीद कर रहे हैं।'

## अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराया, भारत अब फाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगा

# अंडर-19 विश्व कपः आरोन जॉर्ज का शतक, भारत फाइनल में पहुंचा

भाषा ▶▶| हरारे

भारत ने आरोन जॉर्ज (115 रन) के शानदार शतक के साथ आईपीएल स्टार वैभव सूर्यवंशी (68 रन) और आयुष म्हात्रे (62 रन) की धमाकेदार अर्धशतकीय पारियों की मदद से बुधवार को यहां अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया। भारत अब शुक्रवार को यहां फाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगा। यह अंडर-19 टूर्नामेंट में भारत का 10वां फाइनल होगा। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए फैसल शिनोजादा (110) और उजैरुल्लाह नियाजई (101) के शतकों की मदद से 310 रन बनाए। लेकिन भारत ने यह लक्ष्य 41.1 ओवर में ही हासिल कर लिया। इस तरह अंडर-19 विश्व कप में भारत ने अब तक के सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा किया। आरोन (104 गेंद, 15 चौके, दो छक्के) ने बेहतरीन शॉट्स की मदद से शतक जड़ा। उन्हें सूर्यवंशी (33 गेंद, नौ चौके, चार छक्के) और म्हात्रे (59 गेंद, पांच चौके, चार छक्के) का पूरा साथ मिला जिससे भारत का रन-रेट पूरे समय सात से ऊपर ही रहा। सूर्यवंशी ने अपने चिर परिचित अंदाज में बाउंड्री की झड़ी लगाकर पारी को शानदार शुरुआत दी जिसमें ऑफ-स्पिनर वाहिदुल्लाह जादरान के खिलाफ उन्होंने कई बेहतरीन शॉट्स लगाए। इसमें किस्मत ने भी उनका साथ दिया क्योंकि नियाजाई ने अब्दुल अजीज की गेंद पर बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का कैच छोड़ दिया, तब वह 22 रन पर थे।

■ आरोन ने 115 रन की शानदार पारी खेली जिसमें उन्होंने 15 चौके, दो छक्के लगाए



लेकिन इसके बावजूद सूर्यवंशी ने काफी आक्रामक बल्लेबाजी की। उन्होंने तेज गेंदबाज नूरिस्तानी उमरजई की गेंद पर एक शानदार हेलीकॉप्टर शॉट से छक्का भी लगाया। सूर्यवंशी ने अपनी पारी में बार बार पुल शॉट खेलने की कोशिश की जो आखिरकार उनके आउट होने का कारण बना। उमरजई की गेंद पर वह सर्कल के अंदर उस्मान सादात के हाथों कैच आउट हुए। इस तरह पहले विकेट की साझेदारी 93 रन पर खत्म हुई। लेकिन आरोन ने फिर म्हात्रे के साथ मिलकर 102 गेंद में 114 रन की साझेदारी की और 27वें ओवर में भारत को 200 के पार पहुंचाया। म्हात्रे इस टूर्नामेंट में अपनी लय पाने के लिए संघर्ष कर रहे थे और उन्होंने सही समय पर अर्धशतक जड़ा। एक बार फिर आरोन ने 'एंकर' की भूमिका बखूबी निभाई जबकि म्हात्रे ने टीम को जरूरी रन रेट से आगे रखने के लिए जोखिम भरे शॉट खेले। म्हात्रे के आउट होने के बावजूद आरोन ने सहजता से बल्लेबाजी करना जारी रखा। उन्होंने एक भी शॉट आक्रामक होते हुए नहीं लगाया।

### आरोन और विहान ने तीसरे विकेट के लिए 96 रन जोड़े

आरोन और विहान मल्होत्रा ने तीसरे विकेट के लिए 96 रन जोड़े जिससे भारत आसानी से जीत की ओर बढ़ रहा था। हालांकि आरोन टीम को जीतते हुए देखने के लिए क्रीज पर नहीं टिक सके और 40वें ओवर में जादरान का शिकार हुए। पर तब जीत के लिए केवल 11 रन चाहिए थे। इससे पहले शिनोजादा और नियाजई के शतकों की बदौलत अफगानिस्तान ने चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। शिनोजादा 93 गेंद में 110 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि नियाजई ने 86 गेंद में नाबाद 101 रन की पारी खेली। भारतीय गेंदबाज नियमित अंतराल पर विकेट झटकने में संघर्ष करते दिखे। उस्मान सादत और खालिद अहमदजई की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए 53 रन जोड़े। तेज गेंदबाज दीपेश देवेंद्रन ने 13वें ओवर में पहला विकेट लिया। देवेंद्रन की लेंथ गेंद अहमदजई के बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू के हाथों में चली गई। उन्होंने 39 गेंद में 31 रन बनाए। इसके बाद शिनोजादा ने सादत के साथ दूसरे विकेट के लिए 64 रन जोड़े जिससे अफगानिस्तान बड़े स्कोर की ओर बढ़ रहा था। हालांकि स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर कनिष्क चौहान ने 25वें ओवर की शुरुआत में भारत के लिए दूसरा विकेट लिया। उनकी गेंद पर सादत लांग-ऑफ पर कैच आउट हुए। सादत ने 70 गेंद खेलकर 39 रन बनाए।

## बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप

# भारतीय पुरुष और महिला टीम जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में

**किंगदाओ (चीन) (भाषा)।** भारतीय पुरुष टीम ने सिंगापुर की कड़ी चुनौती से उबरते हुए जीत हासिल की, जबकि महिला टीम ने अपने शुरुआती ग्रुप चरण मैच में म्यांमार पर दबदबा बनाते हुए बुधवार को यहां बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। भारत और सिंगापुर के बीच पुरुषों के ग्रुप सी का मुकाबला काफी रोमांचक रहा जिसमें दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने जिया वेई जोएल कोह के खिलाफ तीसरे पुरुष एकल में शानदार प्रदर्शन किया।

श्रीकांत ने 21-15, 21-16 से जीत हासिल की जिससे भारतीय पुरुष टीम ने अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की और अंतिम आठ में जगह पक्की कर ली क्योंकि सिंगापुर पहले ही जापान से अपना ग्रुप मैच 1-4 से हार गया था। भारत के लिए मुकाबले की शुरुआत उम्मीद के मुताबिक नहीं हुई क्योंकि लक्ष्य सेन को पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू ने 21-16, 19-21, 21-16 से हरा दिया। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने एंग कीट वेस्ले कोह और जुंसुके कुबो को 21-10, 21-8 से हराकर भारत को बराबरी दिलाई। आयुष शेट्टी ने जिया हेंग जेसन तेह को 21-17, 21-15 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई। पृथ्वी रॉय और के साई प्रतीक की दूसरी युगल जोड़ी को पहला गेम जीतने के बावजूद एनजे जू जी और डोनोवन विलैंड वी के खिलाफ 21-8, 21-23, 20-22 से शिकस्त झेलनी पड़ी जिससे मुकाबला 2-2 से बराबर हो गया। इसका मतलब था कि श्रीकांत को कोह को हराने का रास्ता खोजना था और इस अनुभवी खिलाड़ी ने यह काम शानदार तरीके से किया।



### भारतीय महिला टीम ने म्यांमार को हराया

महिलाओं के मैच में गत चैंपियन भारत को म्यांमार के खिलाफ कोई खास मेहनत नहीं करनी पड़ी जिसमें विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा ने थेट हतार थुजार को 21-13, 21-16 से हराकर खाता खोला और फिर टीम ने बाकी बचे दो एकल और दोनों युगल मैच जीत लिए। भारत अब बृहस्पतिवार को दूसरे ग्रुप मैच में थाईलैंड से भिड़ेगा जिससे ग्रुप विजेता का फैसला होगा।

# भारतीय मुक्केबाजों की दमदार शुरुआत हितेश गुलिया और प्रीति ने जीते मुकाबले

एजेंसी ▶▶| लानुसिया

हितेश गुलिया (70 किग्रा) और प्रीति (54 किग्रा) की शानदार जीत की बदौलत भारत ने बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 मुक्केबाजी टूर्नामेंट में अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की। इस टूर्नामेंट में 21 देशों के 214 मुक्केबाज भाग ले रहे हैं। हितेश ने 70 किग्रा भार वर्ग के एलीट पुरुष वर्ग में अपना दबदबा कायम रखते हुए नीदरलैंड के फिन बोस को 5-0 के अंतर से हराया।

इससे पहले प्रीति ने महिलाओं के एलीट 54 किग्रा में कजाकिस्तान की अलियास्कर सिम्बैट पर 5-0 से शानदार जीत दर्ज की थी। भारत की अन्य महिला खिलाड़ियों में प्राची (57 किग्रा), प्रिया (60 किग्रा) और काजल (65 किग्रा) ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में जगह बनाई। प्राची और प्रिया ने क्रमशः स्पेन की वनेसा मोरेल रामिरेज़ और कनाडा की एलेशिया मानसुएटो पर 5-0 की एक समान जीत दर्ज की, जबकि काजल ने कजाकिस्तान के असीम तनातार को 4-1 से हराया।



**सचिन ने स्पेन के ब्रैंडन एलेजांद्रो को 5-0 से दी मात**

*पुरुषों के वर्ग में भारत के सचिन (60 किग्रा) ने स्पेन के ब्रैंडन एलेजांद्रो को 5-0 से जबकि मोहम्मद हुसामुद्दीन (60 किग्रा) ने डेनमार्क के मटियास मेहमत बुयुक्देमिर को 4-1 से हराया। अभिनाश जमवाल (65 किग्रा) ने डेनमार्क के क़ालिद उस्मान पर 5-0 की शानदार जीत के साथ प्रभावित किया। दीपक (70 किग्रा) ने बेल्जियम के हॉर्नेल आयतेवी को 4-1 से हराया। आकाश (75 किग्रा) और अंकुश (80 किग्रा) ने भी 4-1 से जीत हासिल करके अगले दौर में प्रवेश किया, लेकिन आदित्य प्रताप यादव (65 किग्रा) इंग्लैंड के जो टर्नर से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।*

### भारत ने भूटान को हराया, फाइनल में प्रवेश

**पोखरा।** भारत की अंडर-17 महिला टीम ने सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के अपने अंतिम राउंड-रॉबिन मैच में भूटान को 8-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें उसका सामना बांग्लादेश से होगा। भारत के लिए पर्ल फर्नांडिस (16, 39, 41वें मिनट) ने पहले हाफ में हैट्रिक लगाई जबकि प्रीतिका बर्मन (25, 90वें मिनट) ने भारत के लिए दोनों हाफ में एक-एक गोल किया। अलीशा लिंगदोह (छठे), अभिस्ता बसनेट (10वें), और दिव्यानी लिंडा (17वें) ने एक-एक गोल किया। वहीं बांग्लादेश ने दिन के दूसरे मैच में मेजबान नेपाल को 4-0 से हराया। भारत तालिका में तीन मैच में छह अंक के साथ बांग्लादेश से तीन अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहा। मेजबान टीम तीन अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही जबकि भूटान बिना किसी अंक के सबसे नीचे रहा। तालिका में शीर्ष दो टीम भारत और बांग्लादेश अब शनिवार को फाइनल में आमने-सामने होंगी।

# टी20: इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराया सीरीज की 3-0 से क्लीन स्वीप

एजेंसी ▶▶| पल्लीकल

इंग्लैंड ने तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में श्रीलंका को 12 रन से हराकर श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया और इस तरह से 7 फरवरी से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी शानदार तैयारियों का पुख्ता सबूत पेश किया।

इंग्लैंड ने इस कम स्कोर वाले मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 128 रन बनाए। श्रीलंका की टीम इसके जवाब में 19.3 ओवर में 116 रन पर आउट हो गई। इंग्लैंड की जीत के नायक बाएं हाथ के स्पिनर जैकब बेथेल रहे, जिन्होंने 11 रन देकर 4 विकेट लिए। इससे पहले सैम कुरेन ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 58 रन की पारी खेली जबकि जोस बटलर ने 25 रन का योगदान दिया। श्रीलंका की तरफ से तेज गेंदबाज दुशमंथा चमीरा ने भी श्रृंखला के अपने पहले मैच में करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 24 रन देकर 5 विकेट लिए।



### *टीम के प्रदर्शन से निराश : शनाका*

*श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने कहा, 'टीम के इस प्रदर्शन से मैं बहुत निराश हूं। हम 3-0 से हार गए। कप्तान होने के नाते मुझे विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए कुछ कमियों को दूर करना होगा। हम इसके लिए उत्सुक हैं और हम कुछ खास प्रदर्शन करने के लिए बेताब हैं।'*

### श्रृंखला में हमारा प्रदर्शन शानदार : ब्रूक

इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने कहा, 'इस श्रृंखला में हमारा प्रदर्शन शानदार रहा। ऐसी जीत का हिस्सा बनना बहुत अच्छा लगा। हमने दिखा दिया है कि हम अलग-अलग तरह की परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम हैं। विश्व कप पास में है और उम्मीद है कि उसमें यहां के अनुभव का हमें फायदा मिलेगा।' श्रीलंका को 17 गेंदों में 17 रन चाहिए थे, लेकिन बेथेल ने 18वें ओवर में तीन विकेट लेकर निचले क्रम की बल्लेबाजी को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद उन्होंने महेश थीक्षना को शॉर्ट थर्ड मैन पर कैच आउट कराकर श्रीलंका की पारी का अंत किया।

## विश्व चैंपियन सम्राट राणा को कांस्य पदक से करना पड़ा संतोष

# एशियाई चैंपियनशिप में भारत का दबदबा, जीते दो स्वर्ण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपियन ईशा सिंह ने पिछले साल के अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए बुधवार को एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप (पिस्टल/राइफल) के पहले दिन महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और भारत को टीम वर्ग में भी पीला तमगा दिलाने में मदद की, लेकिन विश्व चैंपियन सम्राट राणा को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

इक्कीस वर्षीय ईशा ने फाइनल में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 239.8 अंक हासिल किए। उन्होंने चीनी ताइपे की दो निशानेबाजों चेंग येन चिंग (235.4, रजत) और यू ऐ वेन (217.7, कांस्य) के अलावा हमवतन सुरुचि सिंह की कड़ी चुनौती से पार पाकर सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता।

### सम्राट नहीं कर पाए अपेक्षित प्रदर्शन

इससे पहले विश्व चैंपियन सम्राट पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पिछले साल काहिरा में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले सम्राट ने क्वालीफाइंग राउंड में 581 का स्कोर बनाकर दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई और लग रहा था कि वह अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने में सफल रहेंगे। लेकिन फाइनल में यह 21 वर्षीय खिलाड़ी 220.3 का स्कोर बनाकर उज्बेकिस्तान के व्लादिमीर स्वेचनिकोव (242.0) और कजाकिस्तान के वैलेरी रखिमजान (241.0) से पीछे तीसरे स्थान पर रहा। आठ निशानेबाजों के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी श्रवण कुमार चौथे स्थान पर रहे।



*क्वालीफाइंग राउंड में सुरुचि दूसरे स्थान पर : क्वालीफाइंग राउंड में सुरुचि 576 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि मनु और ईशा दोनों का स्कोर 575 रहा। इन तीनों ने फाइनल में जगह बनाई। सुरुचि (576), मनु (575) और ईशा (575) की तिकड़ी ने कुल 1726 अंकों के साथ टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता, जो क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीतने वाले वियतनाम (1713) और चीनी ताइपे (1711) से काफी अधिक था।*

### *ईशा ने 19 वर्ष की आयु में जीता था पहला खिताब*

*ईशा ने निशानेबाज ने पिछले साल चीन के निंगबो में आईएसएसएफ विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2024 में 19 वर्ष की आयु में जकार्ता में अपना पहला महाद्वीपीय खिताब जीता था। पहले 10 शॉट के चरण के बाद फाइनल में बढ़त बनाने वाली 19 वर्षीय सुरुचि एलिमिनेशन राउंड में पिछड़ गईं और चौथे स्थान पर रहीं, जबकि पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने और आठ निशानेबाजों के फाइनल में पहुंचने वाली तीसरी भारतीय मनु भाकर सातवें स्थान पर रहीं। ईशा ने संयम बनाए रखते हुए 10.4 और उससे अधिक के तीन स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक के लिए अपना दावा मजबूत किया जबकि इस बीच चीनी ताइपे की दोनों निशानेबाज पिछड़ गईं।*

# भारत ने अभ्यास मैच में दक्षिण अफ्रीका को 30 रन से हराया

■ इशान ने इससे पहले 20 गेंद में सात छक्कों और दो चौकों से 53 रन की पारी खेली

**नवी मुंबई (भाषा)।** इशान किशन की अगुआई में बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच में बुधवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 30 रन से हरा दिया। भारत के 241 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 45), रियान रिकेल्टन (44), एडेन मारक्रम (38), जेसन स्मिथ (35) और मार्को यानसेन (31) की पारियों के बावजूद सात विकेट पर 210 रन ही बना सकी। भारत की ओर से अभिषेक शर्मा ने 32 रन देकर दो विकेट चटकाए। इशान ने इससे पहले 20 गेंद में सात छक्कों और दो चौकों से 53 रन की पारी खेलने के अलावा अभिषेक शर्मा (24) के साथ पहले विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी की जिससे भारत ने पांच विकेट पर 240 रन बनाए। चोट के बाद वापसी कर रहे तिलक वर्मा ने भी 19 गेंद में तीन छक्कों और इतने ही चौकों से 45 रन की पारी खेली। अक्षर पटेल (नाबाद 35), कप्तान सूर्यकुमार यादव (30) और हार्दिक पंड्या (30) ने भी उपयोगी योगदान दिया। उम्मीद है कि इशान सात फरवरी को वानखेड़े स्टेडियम में अमेरिका के खिलाफ भारत के पहले टी20 विश्व कप मैच में अभिषेक के साथ पारी का आगाज करेंगे।




## खबर संक्षेप

### एलन मस्क बने दुनिया के सबसे अमीर आदमी



**नई दिल्ली।** टेस्ला के मालिक एलन मस्क ने इतिहास रच दिया है। एयरोस्पेस कंपनी स्पेसएक्स द्वारा उनकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और सोशल मीडिया फर्म एक्सएआई को खरीदने के बाद मस्क की नेट वर्थ अब 800 बिलियन डॉलर (72,37,400 करोड़) के पार चली गई और वह दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं।

### इजराइली गोलीबारी में 19 फिलीस्तीन की मौत



**गाजा पट्टी।** गाजा पट्टी में इजराइली गोलीबारी में कम से कम 19 फिलीस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई, जिनमें बड़ी संख्या महिलाओं और बच्चों की बताई गई है। अस्पताल अधिकारियों ने मौतों की पुष्टि की है। इजराइल ने कहा कि कार्रवाई उसके सैनिकों पर मिलिटेंट गोलीबारी के जवाब में की गई। पहले उग्रवादियों ने गोलीबारी की।

### ग्रीस में जहाज से टकराई नौका, 14 की मौत



**चियोस।** ग्रीस के पूर्वी एजियन द्वीप चियोस के पास एक स्पीडबोट और ग्रीक कोस्ट गार्ड की नाव की टक्कर में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। ग्रीक कोस्ट गार्ड ने मंगलवार को बताया कि 24 लोगों को बचाया गया और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। इसमें दो कोस्ट गार्ड भी घायल हुए हैं। यह पता नहीं चल पाया है कि स्पीडबोट में कुल कितने लोग थे।

### कोलकाता में टर्किश एयरलाइंस की आपात लैंडिंग



**कोलकाता।** टर्किश एयरलाइंस की काठमांडू से इस्तांबुल जाने वाली फ्लाइट के दाहिने इंजन में आग लगने की आशंका के बाद कोलकाता में विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एयरपोर्ट पर हुई इस लैंडिंग के बाद सभी 236 यात्री सुरक्षित हैं। विमान की जांच की जा रही है। एटीसी को दाहिने इंजन में आग लगने की आशंका है।

### महिला से यौन दुर्व्यवहार भारतीय दोषी करार



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका की अदालत ने भारतीय मूल के 38 वर्षीय वरुण अरोड़ा को साल 2024 में विमान में सवार होने के दौरान महिला यात्री के साथ यौन उत्पीड़न का दोषी पाया गया है। ऐसे में अब सात मई को होने वाली सुनवाई में उसे अधिकतम दो साल की जेल हो सकती है। यह भी बताया गया कि वो अमेरिका में बिना वैध नागरिकता के रह रहा है।


### 13 वर्षीय बच्चे ने 4 घंटे तैरकर परिवार की बचाई जान

**मेलबर्न।** पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के पर्थ से 200 किमी दूर क्विंडालप में 13 वर्षीय बच्चे जोअन एपलबीने अपनी मां और दो छोटे भाई-बहनों की जान बचाई। उसका परिवार समुद्र किनारे छुट्टियां बिता रहा था। उसी समय जोआन समेत मां और दो भाई-बहन की कश्ती गहरे समुद्र की ओर बह गई। जोअन ने चार घंटे तक तैराकी की और अपने परिजनों की जान बचाई।

## ट्रेड डील पर ट्रंप की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट का बड़ा बयान

# रूस से बंद कर अमेरिका-वेनेजुएला से तेल खरीदेगा भारत, बड़े निवेश का भी किया वादा

कैरोलिन लेविट ने कहा कि भारत ने न सिर्फ रूस से तेल खरीदना बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है, बल्कि अमेरिका से तेल खरीदने की भी प्रतिबद्धता जताई है, और संभवतः वेनेजुएला से भी, जिसका सीधा लाभ अब अमेरिका और अमेरिकी जनता को मिलेगा



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत और अमेरिका के बीच नए व्यापारिक युग की शुरुआत हो चुकी है। सोमवार (02 फरवरी) को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर लगाया पारस्परिक टैरिफ 18 फीसदी कर दिया। इसी के साथ लंबे समय से अटके व्यापार समझौते पर भी ट्रंप ने सहमति जताई है। ऐसे में अब व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने भारत-अमेरिका के व्यापार समझौते पर जानकारी साझा की है। उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में बड़े निवेश का वादा किया है। प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने बुधवार को अमेरिका-भारत समझौते, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों का जिक्र किया। लेविट ने दावा किया कि पीएम मोदी रूसी तेल की खरीद बंद करने और इसके बजाय अमेरिका और संभवत वेनेजुएला से तेल खरीदने पर सहमत हो गए।

**ट्रंप और मोदी के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध**



पीएम मोदी व राष्ट्रपति ट्रंप — फाइल फोटो

### यह एक शानदार समझौता

वॉशिंगटन में मीडिया से बात करते हुए कैरोलिन लेविट ने कहा कि भारत ने न सिर्फ रूस से तेल खरीदना बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है, बल्कि अमेरिका से तेल खरीदने की भी प्रतिबद्धता जताई है, और संभवतः वेनेजुएला से भी, जिसका सीधा लाभ अब अमेरिका और अमेरिकी जनता को मिलेगा। पीएम मोदी ने ऊर्जा, परिवहन और कृषि उत्पादों सहित अमेरिका में 500 अरब डॉलर (करीब 45 लाख अरब रुपए) के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। यह एक और शानदार व्यापार समझौता है।

### यूएसआईबीसी अध्यक्ष बोले

## समझौता निर्णायक कदम, कारोबारी जगत में सकारात्मक माहौल



अमेरिका-भारत व्यापार परिषद (यूएसआईबीसी) के अध्यक्ष अतुल केशप ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को 'बेहद अहम' करार देते हुए कहा है कि यह दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों को नया आकार दे सकता है। यह दोनों देशों के बीच रिश्तों की गति के लिए बेहद अच्छा और सकारात्मक है। साथ ही यह दोनों पक्षों के कारोबारियों और निवेशकों के लिए भी काफी फायदेमंद साबित होगा। इस व्यापार समझौते की घोषणा के बाद अमेरिकी कारोबारी जगत में माहौल काफी सकारात्मक है। केशप ने कहा कि इस समझौते पर लगभग एक साल तक बातचीत चली, जिसकी शुरुआत फरवरी 2025 में पीएम नरेंद्र मोदी की व्हाइट हाउस यात्रा के बाद हुई थी।

### टैरिफ की धमकी से झुका मेक्सिको

## हर साल तय मात्रा में देगा अमेरिका को पानी



मेक्सिको और अमेरिका के बीच पानी को लेकर एक अहम समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत मेक्सिको अब हर साल अमेरिका को तय मात्रा में पानी देगा, ताकि भविष्य में कोई अनिश्चितता न रहे। बता दें कि, इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले चेतावनी दी थी कि अगर मेक्सिको ने ज्यादा और समय पर पानी नहीं दिया, तो वह मैक्सिको से आने वाले सामान पर 5 फीसदी तक टैरिफ (आयात शुल्क) बढ़ा सकते हैं। नए समझौते के अनुसार, मेक्सिको मौजूदा पांच साल के चक्र में हर साल कम से कम 3.5 लाख एकड़-फुट पानी अमेरिका को देगा।

### *दोनों देशों के बीच बहुत अच्छे संबंध*

*कैरोलिन लेविट ने कहा कि ये प्रतिबद्धताएं दोनों देशों के नेताओं के बीच हुई सीधी बातचीत के बाद की गई है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने भारत के साथ एक और बड़ा व्यापार समझौता किया। उन्होंने पीएम मोदी से सीधे बात की है, दोनों देशों के बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। लेविट ने कहा कि ट्रंप के टैरिफ अमेरिकी अर्थव्यवस्था में नकदी की आपूर्ति कर रहे हैं। राष्ट्रपति के टैरिफ कारगर साबित हो रहे हैं और उनका आर्थिक एजेंडा भी काम कर रहा है।*

### *अमेरिका में रोजगार के अवसर पैदा हो रहे*

*लेविट ने कहा कि टैरिफ लगाने के साथ-साथ अमेरिका में विनिर्माण और निवेश को बढ़ावा देने से रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। राष्ट्रपति ने दुनिया भर के देशों और कंपनियों से अमेरिका में निवेश लाने में अहम भूमिका निभाई है। पिछले कुछ महीनों में हमने निर्माण क्षेत्र में रोजगार में भारी वृद्धि देखी है। ऐसा इसलिए है क्योंकि ये कारखाने यहीं अमेरिका में बनाए जा रहे हैं और हम अमेरिकियों को रोजगार दे रहे हैं।*

## सऊदी अरब पहुंचे एनएसए अजीत डोभाल

# विदेश राज्य मंत्री ऐबन के साथ द्विपक्षीय सहयोग पर की चर्चा



अजीत डोभाल और डॉ. मुसैद बिन मोहम्मद अल-ऐबन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल सऊदी अरब के दौरे पर हैं। डोभाल की यह यात्रा पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते भू-राजनीतिक हालात के बीच हो रही है। डोभाल ने बुधवार को सऊदी अरब के विदेश राज्य मंत्री, कैबिनेट सदस्य और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, डॉ. मुसैद बिन मोहम्मद अल-ऐबन के साथ मुलाकात की। मुलाकात के दौरान डोभाल ने डॉ. मूसाएद बिन मोहम्मद अल-ऐबन के साथ मुलाकात के दौरान द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। बातचीत में द्विपक्षीय सहयोग के साथ-साथ क्षेत्रीय और आपसी हित के अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

### क्षेत्रीय और आपसी हितों पर की बात

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में रियाद में भारतीय दूतावास ने कहा कि दोनों के बीच हुई बातचीत में द्विपक्षीय सहयोग, क्षेत्रीय मुद्दे और आपसी हित के अन्य विषय शामिल थे। बातचीत में द्विपक्षीय सहयोग के साथ-साथ क्षेत्रीय और आपसी हित के अन्य मुद्दे भी शामिल थे।

### *सऊदी अरब-भारत के रणनीतिक संबंध*

*बता दें, डोभाल मंगलवार को एक आधिकारिक दौरे पर रियाद पहुंचे। रियाद एयरपोर्ट पर उनका स्वागत सऊदी अरब में भारत के राजदूत डॉ. सुहेल एजाज खान और सऊदी अरब के राजनीतिक मामलों के उप मंत्री राजदूत डॉ. सऊद अल-साती ने किया। उनका यह दौरा 28 जनवरी को सऊदी अरब द्वारा पहलगाम आतंकी हमले और लाल किले की आतंकी घटना की निंदा करने के कुछ ही समय बाद हुआ है। स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप काउंसिल की पॉलिटिकल, काउंसलर और सिक्योरिटी कोऑपरेशन कमेटी के तहत भारत-सऊदी अरब सिक्योरिटी वर्किंग ग्रुप की तीसरी बैठक में, दोनों पक्षों ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा की।*

## सेना को मिली बड़ी कामयाबी

# जैश के टॉप कमांडर मावी सहित दो पाकिस्तानी आतंकी ढेर, सर्च जारी

एजेंसी ▶▶ उधमपुर

उधमपुर में सेना और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर रुबानी उर्फ अबू माविया सहित दो पाकिस्तानी आतंकियों ढेर कर दिया है। इनमें से एक आतंकी, रुबानी उर्फ अबू माविया जैश-ए-मोहम्मद का शीर्ष कमांडर था और क्षेत्र में कई वर्षों से सक्रिय था। बसंतगढ़ क्षेत्र के किया गांव के जंगलों में मंगलवार शाम सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। सूचना के अनुसार, सेना और सुरक्षाबलों को इलाके में संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिली थी। इसके बाद सीआरपीएफ, व्हाइट नाइट कोर, जम्मू-कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों ने मिलकर ऑपरेशन 'किया' नामक अभियान शुरू किया। सुरक्षाबलों ने इलाके को पूरी तरह घेर लिया और आतंकियों से संपर्क साधा। करीब 20 मिनट तक चली फायरिंग में दो आतंकियों को सफलतापूर्वक बेअसर कर दिया गया। मुठभेड़ के दौरान आतंकियों ने भागने का प्रयास किया।



आतंकी अबु माविया

## रक्षा मंत्री आसिफ का कबूलनामा

# बलूच लड़ाकों के खिलाफ लड़ने में सक्षम नहीं है पाकिस्तान की सेना

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तानी सेना बलूचिस्तान प्रांत में अलगाववादी संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के खिलाफ सैन्य कार्रवाई कर रही है। पाकिस्तान का दावा है कि आर्मी एक्शन में कम से कम 177 बलूच विद्रोहियों को मारा गया है। हालांकि बलूच राष्ट्रीय आंदोलन के प्रमुख नेता हकीम बलूच ने इस्लामाबाद के दावे को खारिज किया है। इस बीच पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इस बात को स्वीकार किया कि बीएलए की ताकत बहुत ज्यादा है। उन्होंने कबूल किया कि हमारे सैनिक वहां तैनात हैं और उनके खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन इतने बड़े क्षेत्र की सुरक्षा और गश्त करने में वे शारीरिक रूप से असमर्थ हैं। उन्होंने स्वीकारा कि बलूच लड़ाके सेना से ज्यादा ताकतवर है। ख्वाजा ने कहा कि उनके पास महंगे राइफल्स, नाइट विजन डिवाइसेज भी हैं।



## श्रीलंका पहुंचे भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष



**नई दिल्ली।** भगवान बुद्ध के पवित्र देवनीमोरी अवशेष इंडियन एयरफोर्स के एयरक्राफ्ट सी-130जे से एक ऐतिहासिक प्रदर्शनी के लिए बुधवार को नई दिल्ली से श्रीलंका के लिए रवाना हो गए हैं। पवित्र अवशेष को कोलंबो के गंगारामया मंदिर में रखा जाएगा। इससे पहले कोलंबो में भारतीय हाई कमीशन ने बताया कि पवित्र अवशेषों को 4 से 11 फरवरी तक कोलंबो के गंगारामया मंदिर में रखा जाएगा, और 5 फरवरी से सार्वजनिक पूजा शुरू होगी। 11 फरवरी 2026 को पवित्र अवशेष वापस लाया जाएगा।

## चीन बढ़ा रहा नौसैनिक क्षमता, 32 देशों में बनाए अड्डे

# अफ्रीका महाद्वीप में बीजिंग ने की 'घेराबंदी', पोर्ट को चला रहीं कंपनियां

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन अपनी नौसैनिक क्षमता का तेजी से बढ़ा रहा है। इसके लिए उसने अफ्रीका महाद्वीप को एक सैन्य अड्डे के रूप में चुना है। चीन ने अफ्रीका के 32 देशों में अपने युद्धपोतों के लिए बंदरगाहों का नेटवर्क तैयार किया है। इनमें से कई बंदरगाह चीनी सरकारी कंपनियां चला रही हैं। सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला है कि चीन ने पिछले एक दशक में पूरे अफ्रीका महाद्वीप में बंदरगाहों का कैसा जाल बिछा लिया है।

इसमें नाइजीरिया के लेक्की से लेकर केन्या के मोम्बासा तक शामिल हैं। इससे हिंद महासागर में भारत की भी टेंशन बढ़ सकती है, क्योंकि चीन रिंग ऑफ पर्ल के जरिए पहले ही जाल बिछा चुका है। ऐसे में चीन की नजर अमेरिकी सैन्य प्रभुत्व को चुनौती देने पर है।

**» नाइजीरिया से लेकर केन्या तक बनाए बंदरगाह**

**» सारे बंदरगाह चीन की सरकारी कंपनियों के पास**



हिंद महासागर में चीन के जलपोत

### चीन की सरकारी कंपनियां चला रहीं बंदरगाह

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अफ्रीका महाद्वीप में चीनी पैसों से बने बंदरगाहों को बीजिंग की सरकारी कंपनियां चलाती हैं। इन बंदरगाहों को न केवल व्यापार, बल्कि युद्धपोतों को ठहराने के लिए भी डिजाइन किया गया है। कई सैन्य विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि चीन इस विस्तार से नौसैनिक अड्डों का एक नेटवर्क बना रहा है, जो स्वेज नहर जैसे प्रमुख समुद्री मार्गों के पास युद्धपोतों को तैनात करने और वैश्विक नौवहन को रोकने में काम आ सकता है।

### नाइजीरिया में किया बड़ा निवेश

पेंटागन से जुड़े एक थिंक टैंक के अनुसार, चीनी सरकारी कंपनियां अब 32 अफ्रीकी देशों में 78 बंदरगाहों पर बिल्डर, फाइनेंसर या ऑपरेटर के रूप में काम कर रही हैं। द मीडिया रिपोर्ट में प्लैनेट लैब्स की सैटेलाइट तस्वीरों के आधार पर बताया गया है कि चीन लगाकार अफ्रीका में अपनी सैन्य उपस्थिति मजबूत कर रहा है। चीन ने नाइजीरिया के लागोस में गहरे समुद्र में स्थित लेक्की बंदरगाह में 660 मिलियन पाउंड का निवेश किया है। इस कारण यह पश्चिम एशिया का सबसे बड़े बंदरगाहों में से एक बन गया है। इसके विशाल डॉक और क्रेन वैश्विक समुद्री व्यापार के कंटेनर से लदे विशाल जहाजों को संभाल सकते हैं।

### *महत्वपूर्ण खनिज भी मिल रहे*

*अफ्रीका में बने ये बंदरगाह चीन को तांबा और कोबाल्ट जैसी महत्वपूर्ण सामग्री तक पहुंच भी प्रदान करते हैं, जो लड़ाकू विमानों से लेकर स्मार्टफोन तक हर आधुनिक तकनीक के लिए महत्वपूर्ण हैं। अफ्रीका में बने कई बंदरगाह चीन निर्मित रेल और सड़क परियोजनाओं के माध्यम से खदानों से जुड़े हैं। ये चीन के दुर्लभ पृथ्वी तत्वों के बाजार में वर्चस्व का समर्थन करते हैं और अमेरिका के खिलाफ एक खास ताकत प्रदान करते हैं। रिपोर्ट में विश्लेषकों के हवाले से बताया गया है कि इन बंदरगाहों के माध्यम से चीन इससे गुजरने वाले सामान और संवेदनशील कार्गो की निगरानी कर सकता है।*

## किसानों को सेब के बाग खोने का था डर

# कश्मीर में तीन रेलवे प्रोजेक्ट्स पर केंद्र सरकार ने तुरंत लगाई 'रोक'

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

केंद्र सरकार ने कश्मीर में तीन प्रस्तावित रेलवे प्रोजेक्ट्स पर रोक लगा दी है। सरकार ने यह फैसला सेब के बागों को बचाने के लिए लिया है। रेलवे के प्रस्तावित लाइनों से सेब के बाग प्रभावित हो सकते थे। सरकार का यह फैसला स्थानीय किसानों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे प्रोजेक्ट्स को रोकने का फैसला जम्मू-कश्मीर सरकार और राज्य के सांसदों की सिफारिश के बाद लिया गया है, ताकि बागों को नुकसान होने से बचाया जा सके।

जम्मू-कश्मीर सरकार और राज्य के सांसदों ने इन रेल लाइनों के निर्माण के खिलाफ सिफारिश की थी। इसलिए हमने इन तीनों प्रोजेक्ट्स को रोक दिया है। रेलवे ने काकपोरा से पुलवामा और शोपियां के बीच एक प्रस्तावित रेलवे लाइन के निर्माण के लिए जमीन का सर्वे और सीमांकन किया था। इसके साथ ही बिजबेहारा और पहलगाम के बीच भी एक रेलवे लाइन बननी थी।



इस वजह से पिछले एक साल से पुलवामा, शोपियां और अनंतनाग के सैकडों किसान अपने सेब के बागों को खोने से डर रहे थे। ये कश्मीर के सेब उत्पादन वाले मुख्य इलाके हैं, जो घाटी की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। सरकार के फैसला वापस लेने पर पुलवामा के राजपोरा के विधायक गुलाम मोहिउद्दीन मीर ने कहा कि यह एक स्वागत योग्य फैसला है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109